www.navpradesh.com
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 1 अप्रैल 2024, वर्ष-9 अंक- 350 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि जब मुसीबत आती है तो चौतरफा आती है। संक्रमण काल से गुजर रही कांग्रेस पार्टी को झटके पर झटके लग रहे हैं। उसके नेता पार्टी छोड़कर भागे जा रहे हैं। आईएनडीआईए में शामिल क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस पर दबाव बनाकर अपनी शर्तें मनवा रही हैं। कांग्रेस के लिए दूबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत चरितार्थ हो रही हैं। आयकर विभाग ने उस पर शिकंजा कस दिया है। उसे 1700 करोड़ रुपए का नोटिस थमा दिया है। इस मामले में उसे हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। नतीजतन भूखे पेट भजन करने की नौबत आ गई है।

विदेशी मुद्रा भंडार 14 से बढ़कर पहुंचा 642.6 अरब डॉलर

■ पिछले सप्ताह देश का मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ इस स्थिति में आया

मुंबई, (वार्ता)। स्वर्ण में बढोतरी होने से 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर लगातार पांचवें सप्ताह चढ़ता हुआ 642.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी

साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 568.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34.7 करोड़ डॉलर घटकर 51.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

'लोकतंत्र बचाओ महारैली' आईएनडीआईए ने केंद्र के खिलाफ उगली आग

मोदी देश में नहीं चाहते लोकतंत्र : खड़गे

■ राहुल बोले- 400 पार का नारा देने वाली भाजपा बिना ईवीएम 180 सीटें पा नहीं सकती

■ प्रियंका ने इंडिया गठबंधन की ओर से पांच सूत्रीय मांगें देश के सामने रखीं

■ केंद्र सरकार के खिलाफ रामलीला मैदान भरा रहा खचाखच

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' आयोजित हुई। लोकसभा चुनाव से पहले आयोजित हुई इस विशाल महारैली में उमड़ी लाखों की भीड़ के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन से जुड़ी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान केंद्र के खिलाफ आग उगलते हुए महारैली में उमड़ी भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। रामलीला मैदान लोगों से खचाखच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वे चाहते हैं विपक्ष चुनाव न लड़ पाए- राहुल

वहीं राहुल गांधी ने भी मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। लेकिन बिना ईवीएम, बिना मैच फिक्सिंग के भाजपा 180 सीटें भी पार नहीं कर सकती है। मोदी चाहते हैं कि विपक्ष चुनाव न लड़ पाए। कांग्रेस पार्टी के सभी बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। नेताओं को धमकाया जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रियंका की ये है पांच मांगें

वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इंडिया गठबंधन की ओर से पांच सूत्रीय मांगें भी देश के सामने रखीं। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन की पहली मांग है कि भारत के चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए। दूसरी मांग में सीबीआई द्वारा की जाने वाली बलपूर्वक कार्रवाई को रोकना चाहिए। तीसरी मांग है कि हेमंत सोरेन एवं अरविंद केजरीवाल जी की तत्काल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

15 लाख लिखता हूं तो कलम कांप जाती है: भगवंत मान

पंजाब सीएम भगवंत मान बोले- आने वाले दिनों में आपको बहुत सारे जुमले सुनने को मिलेंगे। इन जुमलों पर यकीन मत करना। 15 लाख की रकम लिखता हूं तो कलम रुक जाती है, काले धन के बारे में सोचता हूं तो स्याही सूख जाती है। हर बात ही जुमला निकली मोदी जी, अब तो ये भी शक है, क्या चाय बनानी आती है।

मांग रहा कुर्बानी, देश 'करो या मरो' के मुहाने पर : आप

नई दिल्ली, (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक-एक कर विपक्ष की सभी सरकारों को अस्थिर करने और उनके खिलाफआवाज उठाने वालों को जेलों में डाला जा रहा है। आप के नेता और दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने यहां आयोजित इंडिया समूह की महारैली में रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही मकसद विपक्ष को खत्म करके लोकतंत्र को खत्म करना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दम पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकतंत्र बचाना हमारी जिम्मेदारी: शरद पवार

एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा-इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। इसे (लोकतंत्र) बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

केजरीवाल सच्चे देशभक्त, अधिक दिन नहीं रख सकते जेल में : सुनीता

नई दिल्ली, (वार्ता) दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि करोड़ों लोगों के दिल्ली में बसते हैं श्री केजरीवाल, इसलिए उन्हें अधिक दिनों तक जेल में नहीं रह सकते हैं, वह सच्चे देशभक्त हैं और बहादुरी से लड़ाई लड़ रहे हैं। श्रीमती केजरीवाल ने इंडिया समूह की महारैली में सीएम केजरीवाल के संदेश को पढ़ते हुए कहा कि आज देश के एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों से एक बड़ा भारत बनाने के लिए सहयोग मांगता हूं और नया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम बोले- बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में.. नहीं मिल रही जमानत..

बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा

मेरठ/वार्ता। लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 31 मार्च को यूपी के मेरठ में पहली रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मिलकर एक INDI गठबंधन बनाया है। इनको लगता है कि मोदी इनसे डर जाएगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।

पीएम ने कहा, ''आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही। इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा। देश ने 10 साल में विकास का ट्रेलर देखा है। ये चुनाव सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए है। आपने देखा है कि ब्रज में कान्हा-राधा होली खेलते हैं। इस बार अवध में रामलला ने भी खूब होली खेली।''

पीएम मोदी ने करीब 45 मिनट तक भाषण दिया। उन्होंने राम-राम से भाषण शुरू किया और भारत माता की जय पर खत्म किया। इस दौरान सीएम योगी और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के साथ मंच पर सहयोगी दलों के 4 नेता मौजूद रहे। इनमें रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर, निषाद पार्टी के संजय निषाद शामिल हैं।

इससे पहले मंच पर पीएम मोदी का यूपी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये भी कहा पीएम मोदी ने

- पीएम ने कहा-कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को सम्मान नहीं दिया
- प्रधानमंत्री बोले- देश कांग्रेस के रवैए की कीमत चुका रहा
- पीएम बोले-कांग्रेस का एक देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया
- पीएम बोले- चाहे जितना बड़ा भ्रष्टाचारी हो, उसके खिलाफ एक्शन होगा
- मोदी बोले- कुछ लोग आपा खो बैठे
- मोदी बोले-हम आने वाले 5 साल का रोडमैप बना रहे
- 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम हो रहा
- प्रधानमंत्री बोले- मोदी गरीबी से तपकर यहां पहुंचा है
- मोदी बोले- तीन तलाक आज मुस्लिम बहनों की जिंदगी भी बचा रहा
- पीएम बोले-यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं
- मोदी बोले-हम गन्ना बेल्ट को ऊर्जा बेल्ट बनाना चाहते हैं

एसी में लगी आग के धुंए से दम घुटा, चार की मौत

देवभूमि द्वारका, (वार्ता)। गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले के द्वारका सिटी क्षेत्र में रविवार को एक मकान के एसी मशीन में आग लग गई। इस दौरान दम घुटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन विभाग के फायर इंचार्ज जितेन्द्रभाई एस कारडिया ने बताया कि रविवार तड़के आदित्य रोड़ पर माहेश्वरी भवन के निकट स्थित कमलेशभाई उपाध्याय के घर में एयर कंडीशनर मशीन में आग लगने की सूचना मिली। उसके बाद दमकल की गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने आग पर काबू पा लिया।

चालक को आई झपकी, कार पोल से टकराई, 4 की गई जान

मुरादाबाद, (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र में हरिद्वार हाईवे पर रविवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में देहरादून निवासी एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संदीप कुमार मीणा ने बताया कि सड़क हादसा वाहन चालक को झपकी लग जाने की वज़ह से अनियंत्रित स्कार्पियो के सड़क किनारे खड़े पोल से टकरा जाने से कांठ थाना क्षेत्र में रसूलपुर स्थित रेलवे फाटक के समीप हरिद्वार हाईवे पर रविवार सुबह लगभग चार बजे हुआ। हादसे के वक्त कार की रफ़्तार तेज़ बताई जा रही है। जिससे कार में सवार सभी छह लोगों में से चार की मौके पर मौत हो गई।

नक्सलियों ने लौह अयस्क से भरे चार ट्रकों को फूंका

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के छोटे डोंगर में एक बार फिर नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। आमदई माइंस की लौह अयस्क भरे चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। छोटेडोंगर थाना से महज कुछ ही दूरी पर नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। छोटेडोंगर के हाई स्कूल के पास चारों ट्रक खड़े थे, जहां बीती रात नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। नक्सलियों की इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

गौरतलब हो कि बीते शुक्रवार को ही नारायणपुर के अबूझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई थी। एंटी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों के साथ 48 घंटे के अंदर तीन बार मुठभेड़ हुई थी। जहां जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले थे। इलाके में सर्चिंग करने पर घटना स्थल से भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की गई थी। वहीं जवानों ने पांच किलो के आईडी बम को निष्क्रिय किया था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने आडवाणी के घर पहुंच कर दिया भारत रत्न

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर भारत रत्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब लोकसभा में भी कांग्रेस का नामोनिशान मिटाना है: साय

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा बेटे-बेटियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले जाएंगे जेल

हरवेल/केशकाल/नगरी/नवप्रदेश। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में गरीबों को पक्के आवास न देकर उन्हें बेघरबार करने का पाप किया था, लेकिन हमारी सरकार बनते ही हमने 18 लाख परिवारों के लिए पक्के आवास को मंजूरी दी। पीएससी में घोटाला कर कांग्रेस ने प्रदेश के होनहार बेटे-बेटियों के भविष्य से खिलवाड़ किया, हमारी सरकार के वादे के अनुसार घोटाले की सीबीआई जांच शुरू हो गई है और दोषीदार जल्द ही जेल में होंगे। ऐसी घोटालेबाज कांग्रेस को जनता ने विधानसभा में उखाड़ फेंका था और अब लोकसभा में कांग्रेस का नामोनिशान मिटाना है।

आज केशकाल के हरवेल में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

3 महीने में हमने मोदी जी की गारंटी पूरी की

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आप सबके आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी और सत्तासीन होने के मात्र 3 महीने की अंदर ही हमने मोदी जी की गारंटी के प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया। उन्होंने केशकाल के लोगों से कहा कि आप सभी के तेंदूपत्ता को 5500 रूपये में खरीदा जाएगा, इसके आदेश दे दिए हैं और हमारी सरकार ने खरीदी के लिए 15 दिनों का समय भी तय कर दिया है।

गरमा-गरम

तकनीक... कर्नाटक के चिक्कमगलुरु में वर्षा जल संचयन के सर्वोत्कृष्टता ने खोली लोगों की आंखें

जल संग्रहण के नवाचार ने सुपारी, कॉफी के बागानों में डाली जान

चिक्कमगलुरु, (वार्ता)। कर्नाटक के चिक्कमगलुरु में गंभीर सूखे के कारण सुपारी, कॉफी और मसालों के बागानों पर असर पड़ने की स्थिति वास्तव में चिंताजनक है। अपर्याप्त वर्षा इस संकट को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक रही है, जिसके कारण निवासियों और किसानों को पानी के टैंकरों और भूजल स्रोतों पर भारी निर्भरता हो गई। पर एक किसान ने जल संग्रहण के लिए नवाचार का प्रयोग कर धरती पर हरियाली लाकर फसलों में जान डाला।

भूजल के अत्यधिक दोहन से स्थिति और गंभीर हो गयी है, क्योंकि इससे यह महत्वपूर्ण संसाधन खत्म हो जाता है, जिससे क्षेत्र लंबे समय तक सूखे और पानी की कमी के मुद्दों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है। इंजीनियरिंग डिप्लोमा स्नातक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक खेत में कराए 28 बोर

उन्होंने कहा, बोरवेल भूजल भंडार का दोहन करके तत्काल राहत प्रदान कर सकते हैं, जिससे किसानों को सूखे के दौरान खेती जारी रखी जा सके। ऐसे में आगे क्षेत्र में पानी की कमी की समस्या बढ़ सकती है, जिसकी स्थिति लंबे समय तक बनी रह सकती है। उन्होंने बताया आपको बता दें कि अपने खेत में 28 बोरवेल खोदने की गलती की।

पिता की दूरदर्शिता आई काम

बोरवेल ड्रिलिंग में बार-बार असफलताओं का सामना करने के बावजूद, उनके पिता जॉन वी बैपटिस्ट की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता ने उन्हें वर्षा जल संचयन जैसे वैकल्पिक समाधान तलाशने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय जलभृतों को फिर से भरने की दिशा में सक्रिय कदम भी उठाए। वर्षा जल संचयन के लिए उनका अभिनव दृष्टिकोण, जिसमें स्व-सफाई, दोहरी तीव्रता वाले पानी फिल्टर और वी-वायर इंजेक्शन तकनीक का विकास शामिल है, पानी की कमी की चुनौतियों का इन नवाचारों में वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि की।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का मिला लाभ

माइकल ने फार्मलैंड रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम (एफएलआरडब्ल्यूएचएस) के बैनर तले अधिक कुशल वर्षा जल संचयन तकनीक विकसित करने के लिए अपने दोस्तों विजयराज सिसोदया और सुनील गिल्बर्ट के साथ एक सहयोगात्मक प्रयास शुरू किया। उनके अभिनव दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप दो उपकरणों का निर्माण हुआ-घरेलू उपयोग के लिए रेनी फ़िल्टर और कृषि उद्देश्यों के लिए वी-वायर रिचार्जिंग सिस्टम। उन्होंने कहा, स्वदेशी प्रौद्योगिकी और टिकाऊ प्रथाओं को प्राथमिकता देकर, हमने न केवल हमारे सामने आने वाली चुनौतियों पर काबू पाया है। रेनी फिल्टर को छतों से एकत्रित वर्षा जल से संग्रहित करने के लिए डिजाइन किया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरगुजा में युवा चेहरे पर कांग्रेस के दांव से चुनावी रण हो गया दिलचस्प

सरगुजा लोकसभा सीट

छत्तीसगढ़ बनने के बाद कांग्रेस एक बार भी नहीं जीत पाई है यह सीट

अशोक शर्मा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस का गढ़ रही सरगुजा लोकसभा सीट अलग छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद हुए चार चुनावों से भाजपा के कब्जे में है। इन चुनावों में कांग्रेस कांग्रेस औसतन 38 प्रतिशत ही वोट मिले। यह स्थिति तब भी रही है, जब 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सभी 8 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था। इस बार युवा चेहरे पर दांव लगाकर कांग्रेस ने सरगुजा सीट के चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

भाजपा ने कुछ माह पूर्व ही कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल हुए पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने उनके मुकाबले शशि सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है जो पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह की बेटी हैं और राहुल गांधी की टीम की सदस्य मानी जाती हैं। शशि सिंह वर्तमान में युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सूरजपुर की सदस्य हैं। उनकी उम्मीदवारी से इस सीट पर कांग्रेस मुकाबले में अलग नजर आई है। पहली बार पार्टी ने युवा चेहरे पर दांव खेला है। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज जाने-पहचाने चेहरे हैं। उनके पिता गहिरा गुरु बड़े आदिवासी समाजसेवी थे। यहां का विश्वविद्यालय उनके ही नाम पर है। सरगुजा सीट पर वोटों का जातीय समीकरण पार्टियों को गोंड समुदाय का उम्मीदवार ज्यादा लुभाता रहा है क्योंकि जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट पर सबसे बड़ी संख्या गोंड जनजाति की है। करीब 5 लाख वोटर इस जनजाति के हैं। दूसरी बड़ी संख्या कंवर और उरांव जनजाति की है। अब तक इस सीट पर से गोंड समुदाय और कंवर जनजाति से ही सांसद चुने गए हैं। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज कंवर जनजाति से हैं। कांग्रेस की शशि सिंह गोंड जनजाति से हैं। गोंड जनजाति अन्य जनजातियों तुलना में ज्यादा संगठित और जागरूक है। शशि सिंह को उम्मीदवार बनाकर कांग्रेस ने इस समीकरण को भी साधने की कोशिश की है। पिछले विधानसभा चुनाव में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों सहित संभाग की सभी 14 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया है। भाजपा के खाते में विधानसभा चुनाव की बड़ी बढ़त है। इससे भाजपा के प्रभाव का अनुमान लगाया जा सकता है।

आम चुनाव : 2019

पार्टी	उम्मीदवार	वोट
बीजेपी	रेणुका सिंह	663,711
कांग्रेस	खेलसाय सिंह	5,05,838
बहुमत	1,57,873	12.32

आम चुनाव 2014

पार्टी	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कमलभान सिंह	5,85,336
कांग्रेस	रामदेव तिर्की	4,38,100
बहुमत	1,47,236	
मतदान प्रतिशत	11,33,514	

आम चुनाव 2009

पार्टी	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	मुरारीलाल सिंह	4,16,532
कांग्रेस	भानु प्रताप सिंह	2,56,984
बहुमत	1,59,548	

इस सीट का जातीय समीकरण

सरगुजा लोकसभा सीट पर सर्वाधिक आबादी गोंड़ समाज की है। दूसरे स्थान पर उरांव व तीसरे स्थान पर कंवर समाज के मतदाता हैं। गोंड समुदाय के वोटरों की संख्या करीब 5 लाख है। इसके बाद उरांव और कंवर जनजाति आतती है, जिनके वोटरों की संख्या 3-3 लाख के करीब है ?। सरगुजा संसदीय सीट में अंबिकापुर, प्रेमनगर एवं भटगांव विधानसभा अनारक्षित एवं अन्य विधानसभा अजजा वर्ग के लिए आरक्षित सीटें हैं। इन सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

सरगुजा लोकसभा के सांसद

1952	चंडिकेश्वर शरण सिंह जूदेव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1952	बाबू नाथ सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	चंडिकेश्वर शरण सिंह जूदेव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	बाबू नाथ सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	बाबू नाथ सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	बाबू नाथ सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	बाबू नाथ सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	लरंग साय जनता पार्टी
1980	चक्रधारी सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस(I)
1984	लाल विजय प्रताप सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	लरंग साय भारतीय जनता पार्टी
1991	खेलसाय सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1996	खेलसाय सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	लरंग साय भारतीय जनता पार्टी
1999	खेलसाय सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004	नंद कुमार साय भारतीय जनता पार्टी
2009	मुरारीलाल सिंह भारतीय जनता पार्टी
2014	कमलभान सिंह मराबी भारतीय जनता पार्टी
2019	रेणुका सिंह भारतीय जनता पार्टी

चुनाव में जनता के मुद्दे

छत्तीसगढ़ राज्य गठन का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को जाता है। सरगुजा में रेलवे सेवाओं के विस्तार भी भाजपा की सरकारों के कार्यकाल के दौरान ही हुआ। इन दो मुद्दों ने पिछले चार लोकसभा चुनाव में ऐसा असर डाला कि कांग्रेस को अपनी परंपरागत सीट से हाथ धोना पड़ गया। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से लोकसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे वैसे गौण ही दिखे हैं। लोकसभा 2024 में दिखाई दे रहा है कि भाजपा के लिए राममंदिर, मोदी का चेहरा और मोदी की गारंटी लेकर ही भाजपा चुनाव मैदान में है।

राज्य सरकार की गारंटी का असर

चुनावों में किसी महिला का मैदान में होना महिलाओं वोटरों को आकर्षित करता है। इस दृष्टि से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह महिलाओं की नजर में होंगी। पिछले चुनाव में भाजपा ने यहां से महिला उम्मीदवार उतारा था और श्रीमती रेणुका सिंह बड़े मतों के अंतर से जीतीं थीं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद मोदी गारंटी (भाजपा के घोषणापत्र) के अधिकांश बड़े वादे पूरे हुए हैं। इनमें महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है और किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई है। आचार संहिता लगने के पूर्व अंतर की राशि किसानों के खाते में आ गई। दो वर्ष के बकाया बोनस का भुगतान हो चुका है। महतारी वंदन की पहली किश्त जारी हो गई है। पीएम आवास की स्वीकृति दी गई है। इनका सीधा असर लोकसभा चुनाव में दिखेगा।

दो बार कांग्रेस और एक बार भाजपा को मौका

- **भाजपा के फैसले से अदंरुनी नाराजगी, कोरबा लोकसभा पर बढ़ सकती है मुश्किलें।**

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के बीच बाहरी नेताओं को लेकर भाजपा के नेताओं में जहा अदंरुनी नाराजगी देखने को मिल रही है वहीं कांग्रेस में पूर्व विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के जिला विभाजन कर नया जिला बनाने के बाद संयुक्त कोरिया जिले में पार्टी के नेता ही बिखरे हुए दिख रहे । साथ ही गोंडवाना पार्टी के दखल से इस हाई प्रोफाइल सीट पर अब मुकाबला भी रोचक होने की संभावना हैं । वही भाजपा पार्टी ने स्थानीय नेताओ की गुटबाजी को कम करने बाहरी उम्मीदवार को कोरबा लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार घोषित किया है। जिसके बाद लोकसभा क्षेत्र के स्थानिय उम्मीदवार को झटका लगा है। जिससे उनकी मायूसी समझी जा सकती है।

वही पर जातिय समीकरण भी भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ नजर आ रहा है। हालांकि नाम घोषित होने के बाद भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे ने लोक सभा के सभी विधानसभाओ का दौरा कर सभी बडे नेताओ से मिला है। इसके बावजूद पार्टी कार्यकर्ता खुश नहीं है। बीजेपी ने अन्य संभाग के एक बड़े और कद्दावर नेता को उम्मीदवार बनाकर बडा दाव खेल यह संदेश देने की कोशिश की पार्टी आला कमान से बडा कोई नही है। लेकिन हकीकत में इसका नुकसान बीजेपी को हो सकता है। बीजेपी में बाहरी नेता को ज्यादा वरीयता देने से लाकेसभा क्षेत्र के भाजपाई मुंह फुलाए हैं।

ऐसे में बीजेपी की मुश्किल बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर जातिय समीकरण भी इनके पक्ष में जाता नजर नही आ रहा है। जिससे राजनिति के जानकार मोदी लहर के बावजूद कोरबा लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार और वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत का पलडा भारी मान रहे हैं। उन्हे ओबीसी होने का भी फायदा मिल सकता है ।इसके पहले ही इस क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी शुरू हो गई है। दो महिला प्रत्याशियों के मैदान में होने से दोनों के बीच मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है। भाजपा को जहां मोदी सरकार के कार्यो पर भरोसा है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को पूर्व में कांग्रेस की सरकार और क्षेत्र के विकास के लिए किए गए प्रयासों पर । इस बार कांग्रेस से ज्योत्सना महंत का मुकाबला भिलाई दुर्ग की रहने वाली सरोज पांडेय से है। टिकट की घोषणा के बाद से दोनों प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय पहले ही कोरबा में आकर कार्यकर्ताओं से मिल चुकी हैं। अब अलग-अलग विधानसभा में जाकर मतदाताओं से मिल भी रहीं है। उन्हें साधने की कोशिश कर रहीं हैं। मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत भी कोरबा लोकसभा क्षेत्र में ही है। गौरतलब है कि कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने चुनाव लड़ाने के लिए ज्योत्सना महंत का अकेला नाम भेजा था। ज्योत्सना महंत अपने टिकट को लेकर आश्वस्त थी। पहले भी उन्होंने कहा था कि टिकट उन्हें ही मिलेगा। कोरबा लोकसभा में विधानसभा की आठ सीटें शामिल हैं। इसमें कोरबा, रामपुर, कटघोरा, पाली तानाखार, पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही और कोरिया जिले की बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़ और भरतपुर सोनहत शामिल है।

इस बार होगा रोचक मुकाबला!

46 फीसदी वोट मिला था कांग्रेस को

लोकसभा के चुनाव में पहली बार ज्योत्सना महंत 2019 में कोरबा सीट पर विजयी हुई थी। उन्होंने भाजपा के प्रतिद्वंदी ज्योतिनंद दुबे को पराजित किया था। ज्योतिनंद को चार लाख 97 हजार 61 मत प्राप्त हुए थे। जबकि ज्योत्सना महंत को पांच लाख 23 हजार 310 मतदाता ने वोट किया था। ज्योत्सना महंत कुल वैध मतों का 46 फीसदी हासिल कर सांसद निर्वाचित हुई थीं।

क्या है प्रमुख चुनावी मुद्दे

कोरबा लोकसभा में 8 विधानसभा शामिल हैं जिसमें कोरिया व एमसीबी जिले की तीन विधानसभा सीट भी हैं जहा कोयले का पर्याप्त खदान होने के बाद भी इन दो जिलों में बेहतर स्वास्थ्य ,शिक्षा व रोजगार का अभाव है साथ ही प्रदेश के अन्य सहरो में जानें सीधे ट्रेन सुविधा भी नही है वही जल जीवन मिशन जैसी केंद्र की योजना भी दम तोड़ती नजर आ रही । पूर्व सांसद ने आमजनों को सुविधा देने कोई विशेष ध्यान नही दिया जो कि प्रमुख चुनावी मुद्दा हैं।

कोरबा लोकसभा सीट पर अब तक के परिणाम

कोरबा लोकसभा सीट 2009 में अस्तित्व में आया था। डॉ. चरणदास महंत पहली बार 2009 में इस सीट से सांसद चुने गए थे। उन्होंने तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार में राज्यमंत्री की जिम्मेदारी भी निभाई थी। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में चरण दास महंत हार गए थे। महंत को भाजपा के उम्मीदवार डॉ. बंशीलाल महतो ने मात दी थी। इसके बाद पांच साल .तक महतो ने इस क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाली। वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने ज्योतिनंद दुबे को प्रत्याशी बनाकर कोरबा लोकसभा में उतारा। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस की उम्मीद ज्योत्सना महंत के साथ हुआ। इस चुनाव में ज्योत्सना ने ज्योतिनंद दुबे को पराजित किया। ज्योत्सना महंत बतौर सांसद इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं।

लोकसभा चुनावी वॉच

कंगना रणौत का गृह हलके में चुनावी रण

शिमला, (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत ने अपने गृह हलके में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। कंगना को शनिवार को नुक्कड़ सभाओं और स्वागत के बहाने चुनाव प्रचार का आगाज करना था, लेकिन इसमें मौसम ने खलल डाल दिया। शनिवार को उन्होंने घर में ही कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कंगना के पक्ष में फिलहाल स्थानीय भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर और भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला है। परिजन फ्रंट फुट के बजाय अभी पर्दे के पीछे ही नजर आ रहे हैं। फिलहाल कंगना यह कोशिश कर रही हैं कि लोग उन्हें बॉलीवुड क्वीन की बजाय अपनों के बीच की मानकर आशीर्वाद दें। यह भी कोशिश कर रहीं है कि लोग यह न समझें कि उनसे मिलना मुश्किल है। उधर, कंगना रणौत की बहन रंगोली चंदेल ने बताया कि शनिवार को कंगना ने अपने घर में कार्यकर्ताओं से विभिन्न मसलों पर चर्चा करने के साथ मार्गदर्शन लिया।

भाजपा को चौथी बार लोस चुनाव जीतने से रोक पाने में कितना सफल होंगे बघेल

रमेश निवल बालू

राजनंदगांव/नवप्रदेश। क्या भाजपा को राजनादगांव से लोकसभा में चौथी बार जीतने से रोकने पाने में सफल हो पाएंगे पूर्व सीएम भूपेश बघेल। कांग्रेस के यहां से पांच लोग जीतकर विधायक चुने गए हैं। भूपेश बघेल भाजपा के चक्रव्यूह को तोड़ पाने में सफल हो पाते हैं कि नहीं यह वक्त की बात है।

कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में प्रदेश के पांच लोगों के नामों की सूची जारी की। उसमें राजनांदगांव लोकसभा से पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम शामिल था। इसके चलते राजनांदगांव लोकसभा हाई प्रोफाइल सीट हो गई। वहीं भाजपा ने यहां से अपने वर्तमान सांसद पर भरोसा जताते हुए पुनः सांसद संतोष पांडेय को टिकट दे दिया। इससे यहां के प्रत्याशी बदले जाने की अटकलों पर विराम लग गया। कांग्रेस पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो पाटन से विधायक है को राजनांदगांव लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है। दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों की घोषणा होते ही दोनों प्रत्याशी

भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस ने राजनांदगांव लोकसभा सीट से)अपना प्रत्याशी बनाया है वे पहली बार 1993 में मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य चुने गये । दुर्ग में 23 अगस्त 1961 को जन्मे भूपेश बघेल ने 80 के दशक में कांग्रेस से राजनीतिक की शुरुआत की। दुर्ग जिले के युथ कांग्रेस के अध्यक्ष बने 1990 से 1994 तक जिला युवक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे हैं। 1993 -2001 तक मध्यप्रदेश हाऊसिंग बोर्ड के निदेशक भी रहे हैं। 2018 के चुनाव के पश्चात भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर ज्यादा जोर दिया ओबीसी को कितना साधने में सफल होते हैं यह देखने की बात होगी।

सांसदःसंतोष पांडेय

आर.एस.एस. के बाल्यकाल से स्वयं सेवक हैं। संघ के तृतीय वर्ष शिक्षित, भाजपा के मंडल अध्यक्ष से लेकर राजनांदगाँव जिले के युवा मोर्चा के दो बार अध्यक्ष रहे। भाजपा के प्रदेश मंत्री (दो बार) व प्रदेश महामंत्री भी रहे। कृषि उपज मंडी कवर्धा के अध्यक्ष रहे। युवा आयोग के चेयरमैन रहे। 2003 में विधानसभा का चुनाव परिसीमन के पूर्व वीरेन्द्र नगर - क्षेत्र से चुनाव लड़े।युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी रहे एवं दोनों विकास यात्रा के रथी (रथ प्रभारी) रहे। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रांत के सहः संयोजक रहे।

विस चुनाव में कांग्रेस का दबदबा

अभी हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का ही दबदबा है। राजनांदगांव जिले के पांच विधानसभा में कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। उसमें खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी और मोहला- मानपुर विधानसभा शामिल हैं। इस लिहाज से तो राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस की स्थिति मजबूत लग रही है। इस संबंध में कुछ कह पाना जल्दबाजी होगी।

लोस चुनाव में भाजपा का दबदबा

राजनांदगांव लोकसभा में लगातार तीन बार भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज कर रहे हैं। राजनांदगांव जिले के विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के विधायकों के विजय होने के बाद भी लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी जीत दर्ज कर पाने में सफल नहीं हो पाए हैं। इस बार भी भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे का अंदरूनी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा विरोध नजर आ रहा है।

लोगों के मुद्दे एवं मांग

इस क्षेत्र में नौकरी और युवाओं में बेरोजगारी का मुददा प्रमुख है। क्योंकि यहां लगातार तीन बार बीजेपी का सांसद बनने के बाद भी किसी प्रकार का कोई उद्योग स्थापित नहीं हुआ है युवा आज भी बेरोजगार है एवं नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे है। इससे कहीं ना कहीं भाजपा के प्रति युवाओं में आक्रोश तो नजर आता है।

अंबादास का भाजपा या शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल होने से इनकार

मुंबई, (वार्ता)। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने शनिवार को उन खबरों का जोरदार खंडन किया कि वह भाजपा या प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होने जा रहे हैं। यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि 'आपको किसने बताया कि मैं शिवसेना (यूबीटी) छोड़ रहा हूं। क्या आपको बीजेपी या महायुति के नेताओं से ऐसी जानकारी मिली है। मुझे उनसे कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। पिछले तीन दिनों से ऐसी तीव्र अफवाह चल रही है कि छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए पार्टी द्वारा टिकट नहीं देने के बाद श्री दानवे या तो भाजपा या उसके सत्तारूढ़ सहयोगी शिवसेना में जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से मैं पार्टी के साथ हूं और पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ मजबूती से खड़ा हूं क्योंकि मैं दिवंगत संस्थापक बाल ठाकरे का सिपाही हूं।

लालू ने खेला ऐसा खेल कि 'तीनों' खाने चित हुए पप्पू

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है. आरजेडी, कांग्रेस और लेफ्ट के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी है. सबसे ज्यादा सीटों पर लालू यादव की पार्टी ऋच्छ चुनाव लड़ेगी. हालांकि, पप्पू यादव को बड़ा झटका लगा है. आरजेडी के हिस्से पूर्णिया सीट आई है. आरजेडी ने पहले ही बीमा भारती को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया था. कन्हैया कुमार को भी झटका लगा है. बेगूसराय सीट सीपीआई के हिस्से में आई है.

इतना ही नहीं, आरजेडी के खाते में वो तीन सीटें भी आई हैं, जहां से पहले कभी ना कभी पप्पू यादव या उनकी पत्नी चुनाव लड़ीं. इन सीटों में सुपौल, मधेपुरा और पूर्णिया का नाम शामिल है. ये तीन सीटें आरजेडी के खाते आई हैं. पप्पू यादव एक बार विधायक और पांच बार सांसद रहे हैं. इसमें तीन बार पूर्णिया से और दो बार मधेपुरा सीट का प्रतिनिधित्व किया है.

आरजेडी इन 26 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

आरजेडी जिन 26 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी. उनमें गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, बक्सर, पाटलिपुत्र, मुंगेर, जमुई, बांका, वाल्मीकि नगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सिवान, गोपालगंज, उजियारपुर, दरभंगा, मधुबनी, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया, हाजीपुर का नाम शामिल है.

कांग्रेस को 9 सीटें मिलीं, बेगूसराय सीपीआई के हिस्से आई

आरजेडी जिन 26 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी. उनमें गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, बक्सर, पाटलिपुत्र, मुंगेर, जमुई, बांका, वाल्मीकि नगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सिवान, गोपालगंज, उजियारपुर, दरभंगा, मधुबनी, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया, हाजीपुर का नाम शामिल है.

'बेगूसराय से नहीं लड़ पाएंगे कन्हैया कुमार?'

2019 का चुनाव कन्हैया कुमार सीपीआई के टिकट पर लड़े थे. बेगूसराय में उनके सामने बीजेपी से गिरिराज सिंह थे. हालांकि, इस चुनाव में कन्हैया को करारी हार मिली थी. उसके बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए. सीट बंटवारे में एक बार फिर यह सीट सीपीआई के हिस्से आई.

पूर्णिया से पीछे हटने को तैयार नहीं पप्पू यादव?

इधर, पूर्णिया सीट से दावेदारी कर रहे पप्पू यादव पीछे हटने को तैयार नहीं हैं. उन्होंने सीट शेयरिंग के ऐलान से पहले ही एक्स पर पोस्ट किया है और लिखा, सीमांचल कोसी जीतकर देश में कांग्रेस सरकार बनाएंगे. पूर्णिया में कांग्रेस का झंडा लहराएंगे. राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे.

बिहार में महागठबंधन में पेच क्यों फंसा था?

बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर महागठंबधन में तनाव हो गया था. राजद ने कई सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए थे. इनमें कई सीटें ऐसी थीं, जिन पर कांग्रेस की नजर थी. यानी वहां कांग्रेस नेता दावेदारी कर रहे थे. इनमें औरंगाबाद, बेगूसराय, कटिहार, सिवान और पूर्णिया सीट का नाम शामिल था. आरजेडी ने अलांयस के संयुक्त ऐलान के बिना ही पूर्णिया से भी उम्मीदवार उतार दिया था. औरंगाबाद सीट पर कांग्रेस और राजद में खींचतान थी. यहां कांग्रेस दावेदारी कर रही थी. जबकि आरजेडी ने वहां से अभय कुशवाहा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है.

बातों...बातों...में...! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

लखमा, चकमा और किस्मत...

कांग्रेस में उम्मीदवारों के चेहरे बदल जाते हैं और कई दफे किस्मत भी बदल जाने के अनेक उदाहरण हैं। बस्तर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा भी ऐसे ही अनूठे पार्टी प्रत्याशी हैं जिनके नाम पर लखमा, चकमा और उनके सितारे हमेशा से बुलंदियों पर रहे हैं। पहले किस्मत की बात करें तो झीरम कांड में उन्हें खुशकिस्मती से चाबी लगी बाइक मिल गई थी। बम और फिर अंधाधुंध गोलियों की बौछार के बीच वे सलामती से बच निकले थे। हालांकि बाद में उन्हें तबियत बिगड़ने की वजह से रायपुर के एक निजी अस्पताल में बिस्तर पर किसी ख़ौफ़ज़दा मासूम बच्चे की तरह बैठे देखा गया था। वहीं घटना से आहत डॉ. चरणदास महंत ने लखमा के सकुशल होने पर खुशी का अपने ही अंदाज़ में इज़हार भी किया था। वैसे ही बहू लेने गए थे और किस्मत से इस उम्र में भी उन्हें पार्टी ने दुल्हन थमा दी, यह भी तारीफे काबिल है। किस्मत के धनी लखमा अगर जीत गए तो उनकी विधानसभा सीट भी बेटे को बतौर दुल्हन मिलना तय है।

कांग्रेस को समर्पित सिंहदेव...

कांग्रेस में किस्मत के साथ समर्पण का प्रदर्शन भी जरुरी है। ये बात उनके लिए भी लागू होती है जो पूर्व में भले ही अपनी समर्पित पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ लड़ चुके हों। चुनावी माहौल में बातों-बातों में प्रदेश कांग्रेस के सबसे समर्पित नेताओं के नामों पर चर्चा हो रही थी। इसमें सरगुजा महाराज टीएस सिंहदेव का नाम लिया जाना लाजमी था। भूपेश सरकार के बीते 5 साल के कार्यकाल में उनकी अनदेखी, उनके बयानों और नीतिगत नाराजगी के बाद हल्ला मच गया था कि महाराज साहब कांग्रेस से बीजेपी जा सकते हैं। कथित तौर पर उनके एमपी के रिश्तेदार के मार्फत दिल्ली की मुलाकात का भी हल्ला मचा था। फिर कभी जोगी कांग्रेस में जाने की अटकलें लगाई गईं, लेकिन महाराज नहीं गए। उन्होंने समर्पण दिखाते हुए बयान दिया था कि राजनीति छोड़ सकता हूं पर बीजेपी नहीं जाऊंगा। एक राजा, एक क्षत्रिय फिलहाल कांग्रेस में ही हैं। तभी बातों ही बातों में उनके एक करीबी ने राजफाश किया कि अगर 'बाबा' इतने ही समर्पित थे तो दो पत्ती छाप में निकाय चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ क्यों लड़े थे..?

जाति फर्जी तो कार्यकाल ही शून्य...

आजादी के बाद कांग्रेस ने 70 बरस राज किया है, तो जाहिर तौर पर लोकतंत्र की इज्जत करने वाले अनूठे किस्से भी उसी के होंगे न। राज्य निर्माण के बाद ही प्रथम मुख्यमंत्री बनने की होड़ यूं तो शुक्ल परिवार में भी थी और जन्नतनशीं जोगी में भी। वैसे बस्तर टाइगर भी दौड़ में थे, लेकिन उन्हें शांत कर दिया गया था। खैर, प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री, विधायक, सांसद रहा जोगी परिवार बागी होकर नई पार्टी बनाकर सुबाई सियासत में बने रहे थे। जैसे ही कांग्रेस आई और भूपेश बघेल सरकार जोगी की जाति पर ऐसा दांव खेल दिया कि सभी अपात्र कर दिए गए। वैसे तो जोगी परिवार की जाति को लेकर पूर्व में डॉ. रमन सरकार के दौरान भी सच्चाई से पर्दा उठाने की कोशिश की गई थी। आखिरकार भूपेश बघेल सरकार के दौरान पूरे परिवार को गैर आदिवासी करार दे ही दिया गया। जब चुनाव से ही जोगी परिवार को रोक दिया गया इसका सीधा मतलब है कि उनकी दर्शाई गई जाति वो नहीं जिसे बताकर वे मुख्यमंत्री, बने, विधायक रहे और तो सांसदी भी शून्य होनी चाहिए। बातों ही बातों में कांग्रेस से लेकर बीजेपी दफ्तर में लोकतंत्र के पुजारियों से कार्यकाल को शून्य करने पर सवाल किया गया तो सभी बगलें झाँकने लगे।

पं. विद्या भइया की पंडिताई...

स्व. पंडित विद्याचरण शुक्ल जिस पार्टी में थे वहां जात, पात और धर्म की राजनीति चाहकर भी करना सख्त मना था। अपनी सियासी पंडिताई और राजशाही शौक वाला उनका व्यक्तित्व आज भी चर्चा का विषय है। चुनावी माहौल में उनकी बेसाख्ता सी यादें आते ही एक चौंकाने वाली बात पता चली। वैसे तो उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस विचारधारा से मेल नहीं खाती फिर भी एक पुराने कांग्रेसी ने बताया कि विद्या भइया ने एक दफा ब्राम्हणों से कथित तौर पर कहा था कि सभी ब्राम्हणों को अपने नाम के आगे पंडित लिखना चाहिए...! इसमें कितनी सच्चाई है इसका दावा हम नहीं करते.. लेकिन ज़ेहन में यह सवाल भी कौंध गया कि क्या पंडित लिखने मात्र से ही आचरण भी पांडित्यपूर्ण हो जाता है या...?

महाराजा या महाराज कौन भारी...

सियासी रंगत में होली के रंगों से ज्यादा रंग है। इतने रंग हैं कि गिरगिट भी शरमा जाये। रंगों और रंगत से सरगुजा लोकसभा की याद आना लाजमी है। बीजेपी से कांग्रेस फिर बीजेपी जाने वाले चिंतामणि महाराज पर पहले ही शशि की छाया है। अब क्षेत्र में महाराजा या महाराज कौन होगा भारी, पर चर्चा आम है। फ़िलहाल सरगुजा में धोती और चूड़ीदार पायजामे के बीच नूरा कुश्ती जारी है। भूपेश सरकार में देन-लेन के दाग तो वाशिंग मशीन में धुल गए हैं, लेकिन कानाफूसी तो जारी है। वैसे शशि के लिए भी बृहस्पत भरी हैं फिर अमरजीत भी खौराए हुए हैं। माफ़ी के बाद भी बृहस्पत की वापसी पर फैसला अटका हुआ है और पार्वतीपुर के रहवासी, लेकिन सीतापुर से चुनाव लड़ने वाले अमरजीत भगत भी ईडी-आईटी से परेशान हैं। उस पर लोकसभा टिकट के सपने पर भी पानी फिर गया है। ऐसे में कांग्रेस और भाजपा नहीं बल्कि चिंतामणि महाराज की चिंता एक बराबर है।

मोदी, बिलगेट्स और भोजराज नाग...

प्रधानमंत्री मोदी देश को अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में बहुत आगे ले जाने प्रयासरत हैं। इसलिए बिलगेट्स से मिलकर जिस दिन पीएम नरेंद्र मोदी एआई के भविष्य पर बात कर रहे थे, ठीक उसी दिन उनके ही एक सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग अंधविश्वास की पैरवी करते दिख रहे थे। एक ही पार्टी, एक ही मोदी गारंटी और देश को तकनीक में नई ऊंचाइयों वाली विचारधारा को केंद्र में फिर से स्थापित करने वाले ऐसे भी प्रत्याशी की चर्चा आम हो रही है जो नीबू काटकर ही सारे मर्ज़ का इलाज करने का दम रखते हैं। उनका बसचले तो बिना तामझाम के सिर्फएक नीबू काटकर ही केंद्र में बीजेपी सरकार बना सकते हैं। क्या भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के वरिष्ठों को प्रत्याशी, भविष्य के भारत के लिए भोजराज नाग का बेहतरीन उपाय ही उपयुक्त होगा..?

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

वनमाली सृजन पीठ का कवि, कविता और स्थानिकता पर रचना पाठ

बिलासपुर/नवप्रदेश। वनमाली सृजन पीठ बिलासपुर में बैठकी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कवि कविता और स्थानिकता विषय पर रचना पाठ आयोजित किया गया. कार्यक्रम में डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे एवं आमंत्रित कवियों ने रचना पाठ किया इस अवसर पर सभी ने रचनाओं में स्थानिकता का विशेष स्थान होने की बात कही.

रायगढ़ से आए डॉक्टर हेमचंद पांडे ने अपनी कविताओं का पाठ किया. जिसमें प्रतीक्षा, खिड़कियां और दरवाजे,मधुयामिनी, छलिया अपरंपार, पूर्वज शीर्षक के साथ अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम में अंबिकापुर से आई कवित्री डॉक्टर मृदुला सिंह ने गुलबिया से स्वीटी बनाना, विनर, निराला की तस्वीर, गलियों का दुख , सहित अनेक हृदय स्पर्शी कविताओं का पाठ किया. उनकी लड़कियां लौटेंगे एक दिन और एक पीली दोपहरी वसंत की सहित अनेक कविताएं में सभी का मन मनमोहा. बीजापुर से आई कवियत्री डॉक्टर पूनम वासम ने कहा, कि हमारी कविताओं में लोकोक्तियां, बोलियां, मुहावरे, सहित स्थानिकता का समावेश आवश्यक है. उन्होंने आयतु की लापता बेटी, पानी से ज्यादा प्रेम, प्रवेश निषेध है, उसने ऐसा क्यों नहीं लिखा और जंगल विषय पर कविता का पाठ किया. कार्यक्रम में उपस्थित डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि वर्तमान समय साहित्य के अवसाद दिखाई पड़ रहा है . बाजार बाद तेजी से इसमें समावेश हो रहा है . हमें साहित्य जगत को कमजोर नहीं होने देना चाहिए. मनुष्य भौतिक और आत्मिक दो रूप में में होता है, और आत्मिक या मन भावों को साहित्य संचालित करता है .इसलिए हमें मन की खुराक के लिए साहित्य की तरफ जाना होगा.इस अवसर पर कुलपति ने आप धीरे-धीरे मर जाओगे.. शीर्षक पर केंद्रित कविता का पाठ किया । सृजन पीठ के अध्यक्ष सतीश जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का भौगोलिक और सांस्कृतिक विस्तार भाषा से परिलक्षित होता है। जब हम आदिवासी की बात करते हैं तब हमारा ध्यान बस्तर की ओर जाता है। स्थानीकता की बात करें तो परंपराओं और संस्कारों के साथ शिक्षा और साहित्य पर भी सीमाओं का प्रभाव दिखता है। किसी भी स्थान की भाषा अपने पड़ोसी राज्य की भाषा को साथ लेकर चलती है।पूरे भारतवर्ष में सीमांत के साथ जुड़ी हुई सीमाओं में भाषा का प्रभाव दिखाई देता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य प्रेम उपस्थित थे.

कांग्रेस बनायेगी खेती को फायदे का काम: बैज

- **भाजपा ने तीन काला कृषि कानून लाकर किसानों को गुलाम बनाने का षड्यंत्र रचा**

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत मिले कांग्रेस इसका पूरा इंतजाम करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि देश की खुशहाली और समृद्धि का मार्ग खेतों से शुरू होता है। देश का अन्नदाता खुशहाल होगा तथा उसकी उपज की उसे पूरी कीमत मिलेगी तो देश के उद्योग व्यापार सभी में तरक्की होगी इसीलिये कांग्रेस पार्टी ने किसानों के लिये किसान न्याय योजना की घोषणा किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान कर्ज एवं जीएसटी से मुक्त होगा। एमएसपी को कानूनी दर्जा मिलेगा। किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा, खुशहाल होगा। बीते 10 वर्ष में मोदी सरकार ने किसानो की आमदनी दोगुनी करने उपज का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने जैसे वादों को पूरा नहीं किया है बल्कि किसानों को कमजोर करने एवं पूंजीपतियों का गुलाम बनाने के लिए तीन काला कृषि कानून लाया जिसका कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया था। भाजपा की नीति में किसान की समृद्धि खुशहाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनने पर किसानों को जीएसटी मुक्त करने का गारंटी दिया है। जीएसटी मुक्त होने से ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, एग्रो फर्टिलाइजर के दामों में भारी कमी आएगी। मोदी सरकार के पहले कांग्रेस की सरकार ने इन सब को टैक्स मुक्त रखा था। किसान जीएसटी मुक्त होगा तो उनको लागत मूल्य में भी राहत मिलेगा जिससे किसानों की आर्थिक बचत होगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस किसानों के सुख समृद्धि के लिये 5 गारंटी देती है। कांग्रेस की सरकार बनने पर :-

1. एमएसपी को कानूनी दर्ज़ा दिया जाएगा। इसके लिए संसद में एक विशेष कानून पारित किया जाएगा। डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी।
2. किसानों के ऋण माफ़ करने और आवश्यक ऋण माफ़ी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी कृषि ऋण माफ़ी आयोग की स्थापना की जाएगी।
3. किसानों के फ़सलों के नुक़सान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में गारंटीड भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना को फ़िर से डिज़ाइन किया जाएगा।
4. कांग्रेस कृषि उत्पादों के लिए एक आयात-निर्यात नीति बनाएगी और उसे लागू करेगी, जिसमें किसानों के हितों की रक्षा और चिंताएं सर्वोपरि होंगी। यह स्थिर और पूर्वानुमान पर आधारित होने के साथ-साथ किसानों के हितों पर आधारित होगा।
5. किसान जीएसटी मुक्त होंगे। कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर टैक्स से छूट के लिए जीएसटी व्यवस्था में संशोधन किया जाएगा।

कांग्रेस का तंज, महतारी वंदन योजना की पहली किस्त चुनावी है फिर 4 साल बाद दूसरी मिलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि साय सरकार ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए महतारी वंदन योजना की पहली किस्त जारी किया है। चुनाव खत्म होते ही महतारी वंदन योजना में ढेर सारे नियम कायदे लगाकर इस योजना को बंद कर दिया जाएगा जैसे रमन सरकार के दौरान चुनाव को देखते हुए किसानों को बोनस की एक किस्त दिया गया था उसके बाद 4 साल तक बोनस नहीं दिया गया था।

प्रदेश में एक करोड़ तीन लाख से अधिक महिला मतदाता है जिन्हें नियम शर्तें लगाकर इस योजना से वंचित कर दिया गया है और जितने महिलाओं ने फार्म जमा किया है। उसमे से मात्र 30 प्रतिशत महिलाओं को ही किस्त की राशि दी गई है। और जिन्हें किस्त की राशि दी गई है। उनमे वृद्धा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा है और उन महिलाओं को अब सिर्फमहतारी वंदन योजना की 1000 रु की राशि दी गई है। पूर्व से मिलने वाली पेंशन की राशि बंद कर दी गई है यह प्रदेश के महिलाओं के साथ सरासर धोखा, दगाबाजी है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि साय सरकार बने आज चार महीना हो गया है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 4000 रु की राशि मिलना था लेकिन मात्र 1000रु दिया गया है। महतारी वंदन योजना की फॉर्म भरने वाले 70 प्रतिशत महिला आज भी बैंक का चक्कर लगा रही है उनके खाता में पैसा नहीं आया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि साय सरकार दावा कर रही है कि उन्होंने शत प्रतिशत महिलाओं के खाता में 648 करोड रुपए जमा करा दिये है।

भाजपा की हर गारंटी फेल, वादाखिलाफी और कोरी लफ्फाजी ही मोदी की गारंटी है: शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की हर गारंटी फेल, झूठी वादाखिलाफी और कोरी लफ्फाजी ही मोदी की गारंटी है। मोदी सरकार ने 10 सालो में एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 25 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं। यह मूल गारंटी का बीसवां हिस्सा भी नहीं है । वर्तमान में, 25 से कम आयु के दस में से चार स्नातक बेरोजगार हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (ढ्डस्ह्र) की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल बेरोजगारों में से 83 परसेंट बेरोजगार युवा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी होगी। इस लक्ष्य को 2022 तक प्राप्त करने के लिए 2015 से किसानों की आय में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता थी । वास्तविक वृद्धि 3.5 प्रतिशत ही रही है। इस गति से गारंटी 2035 में ही पूरी हो सकेगी। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, हर दिन 30 किसान आत्महत्या करते हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार की नोटबंदी योजना नासूर साबित हुई। काले धन की वापसी, जालसाजी पर अंकुश, आतंकवाद पर लगाम, भ्रष्टाचार का अंत-सभी गारंटी फेल। बंद हुई 99 प्रतिशत करेंसी सिस्टम में लौट आई है। नोटबंदी आर्थिक-आतंकवाद से कम न थी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी राज की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत ने दम तोड़ दिया।

सरेआम शराब पीते 26 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी नेहरू निषाद 29 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी अर्पित सिंह 36 वर्ष, किशन कश्यप 22 वर्ष व देवव्रत कुमार पासवान 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी ईश्वर साहू 40 वर्ष, सूरज साहू 28 वर्ष व रघुवीर सिंह 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी धनराज देवांगन 28 वर्ष, गोपी निर्मलकर 36 वर्ष, राजेंद्र सिंह 27 वर्ष व सुग्रीव वर्मा 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सत्यम सेवानी 24 वर्ष, उरला पुलिस ने आरोपी परमानंद श्रीवास्तव 50 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी रूपेंद्र डहरिया 35 वर्ष व उत्तम कुमार धृतलहरे 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी शेखर पाटिल 43 वर्ष व उमेश यादव 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी वैभव कुम्हारे 28 वर्ष, धरसींवा पुलिस ने आरोपी ईश्वर कुमार माडवे 27 वर्ष व हुलास यादव 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने आरोपी टुकेश्वर कुर्रे 30 वर्ष व बलम साहू 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी प्रेम मसीह 37 वर्ष एवं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी प्रेमचंद जायसवाल 68 वर्ष व राम कुमार सागरवंशी 52 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी संजू वर्मा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब के साथ 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 79 पाव देशी एवं विदेशी शराब व बिक्री रकम 480 रुपए जब्त किया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक के पास अवैध शराब के साथ आरोपी अर्जून कुमार 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी कुलेश्वर साहू के पास से 10 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी गजाधर जगत 44 वर्ष के पास से 14 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी कमल नारायण साहू 48 वर्ष व बृजमोहन साहू 65 वर्ष के पास से कुल 38 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 260 रुपए जब्त किया है।

ऑनलाइन सट्टा खिलाते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अभनपुर पुलिस ने यादवपारा बड़े उरला में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 नग आईफोन, मोबाइली व एलईडी टीवी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर यादव पारा बड़े उरला में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी सुनील कुमार यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक नग आईफोन, मोबाइल व एलईडी टीवी को जब्त किया है।

डॉक्टर गोपा शर्मा द्वारा बताया परीक्षा से भय कैसे दूर करें

रायपुर/नवप्रदेश। सिटीजन स्कूल बजरंग नगर आमापारा में परीक्षा से भय कैसे दूर करें इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय मदर टेरेसा अवार्ड, मोस्ट इंस्पायरिंग वीमेन ऑफ़इंडिया अवार्ड, शिक्षिका,न्यूट्रीशनिस्ट, समाजसेविका, हेल्थ काउंसलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर ,शैक्षणिक , सांस्कृतिक एवं साहित्य क्षेत्र में कार्य करने वाले हमारे स्पीकर आदरणीय डॉक्टर गोपा शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को कई प्रकार के टिप्स एवं प्रश्न उत्तर के माध्यम से मोटिवेट किया गया।

शुरुआत में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया ।

स्कूल की प्राचार्य श्रीमती नवनीत जैन द्वारा मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर श्रीमती गोपा शर्मा का स्वागत माला एवं श्रीफल से किया गया, इस अवसर पर डॉक्टर गोपा शर्मा द्वारा परीक्षा के भय को दूर करने के लिए परीक्षा हॉल जाने से पहले मन में उठने वाली तमाम बातें ,स्ट्रगल के बारे में भी सरल माध्यम का प्रयोग कर हमें अपने मार्क्स को कैसे अधिक से अधिक ला सके।

साथ ही स्कूल की शिक्षिकाओं को भी कैसे अच्छे से अच्छा बच्चों को परीक्षा के भय को दूर करने की नसीहत दी गयी।

इस अवसर पर शाला की उपप्रधान अध्यापिका श्रीमती नमिता सोनी , सीनियर शिक्षिका श्रीमती विजयलक्ष्मी शर्मा, शीला यादव ,भावना कंडरा ,अंजली यादव ,लालिमा साहू ,अदिति विश्वकर्मा, खुशबू शर्मा आदि सभी ने वर्कशाप में भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाई।

हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया रंग पंचमी

रंगों का त्योहार होली पर शाला परिवार की ओर से आदरणीय डॉक्टर गोपा शर्मा को रंग गुलाल लगाकर एवं सभी एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रंग पंचमी के त्यौहार को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया ।

अंत में आभार – प्राचार्य श्रीमती नवनीत जैन द्वारा किया गया । कार्यक्रम के समापन पर मोटिवेशनल स्पीकर डॉ श्रीमती गोपा शर्मा का शाला परिवार एवं शाला संचालक विनोद जैन , प्राचार्य श्रीमती नवनीत जैन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती खुशबू शर्मा द्वारा किया गया।

चर्चा में पांच बातें बताई गई

1- परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयारी करना सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है।

2 - जब आप अच्छी तरह से तैयार होते हैं तो आपको आत्मविश्वास महसूस होता है और डर कम होता है।

3 - एक अध्ययन योजना बनाएं और उसका पालन करें।

4 - पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें।

5 - अपने शिक्षकों से सहायता ले यदि आपको किसी विवाद में कठिनाई हो रही हो।

सुविचार

आपके बारे में कोई कुछ भी कहे खुद को शांत रखो। यह याद रखो कि धूप चाहे कितनी भी तेज क्यों न हो वह समुद्र को नहीं सूखा सकती। - अज्ञात

संपादकीय

राजनीति का अपराधिकरण चिंतनीय

राजनीति का अपराधिकरण रोकने की तमाम कवायदों के बावजूद राजनीति में दागी छवि वाले नेताओं की भरमार होती जा रही है। जो चिंता का विषय है। अपराधिक पृष्ठभूमि वाले ऐसे बाहुबलि नेताओं को सभी राजनीतिक पार्टियां गले लगाने को तैयार रहती हैं। यही वजह है कि स्वच्छ छवि वाले ईमानदार नेता हाशिए पर जा रहे हैं। ऐसे नेता जिन्हें जेल की सलाखों के पीछे होना चाहिए वे माननीय बनकर प्रजातंत्र के मंदिरों में जा विराजते हैं। मौजूदा लोकसभा में भी अपराधिक मामलों में फंसे लगभग 225 सांसद हैं। एडीआर की एक रिपोर्ट के मुताबिक संसद में दागी छवि वाले जितने सांसद हैं। उनमें पहले नंबर पर भारतीय जनता पार्टी है। जिसके 118 नेताओं के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं। कांग्रेस के 46 सांसदों में से 26 सांसद भी दागी हैं। इसी तरह अन्य पार्टियों के भी बहुत से सांसद आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं। ऐसे सांसद जिनके ऊपर हत्या लूट और भ्रष्टाचार जैसे कई गंभीर आरोप लगे हैं। वे संसद में बैठकर देश के लिए कानून बनाने का काम करते हैं। इसी तरह देश के विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले विधायकों की भरमार देखी जा सकती हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी अनेक राजनीतिक पार्टियों ने दागी छवि वाले नेताओं को टिकट देने में दरियादिली दिखाई हैं। इन माननीयों में से अनेक पर हत्या जैसे गंभीर अपराध भी दर्ज हैं। सांप्रदायिकता फैलाने के आरोपी और महिलाओं के प्रति अपराध में संलिप्त माननीयों की संख्या भी कम नहीं हैं। निश्चित रूप से यह गंभीर चिंता का विषय है। दरअसल मौजूदा प्रावधानों के मुताबिक जब तक किसी नेता को किसी अपराधिक मामले में दो साल से अधिक की सजा नहीं हो जाती। तब तक उसे चुनाव लड़ने से रोका नहीं जा सकता। यही वजह है कि जिन नेताओं पर आपराधिक मामले चलते हैं। वे अपने खिलाफ चल रहे मामलों को राजनीति से प्रेरित करार दे देते हैं। यह भी देखा गया है कि जेल में बंद दागी नेता भी चुनाव लड़ते हैं और उनमें से कई जीत भी जाते हैं। बहरहाल अब समय आ गया है कि राजनीति का अपराधिकरण रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को ही दखल देना होगा। क्योंकि सरकार किसी भी पार्टी की हो वह राजनीति का अपराधिकरण रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखाती। क्योंकि कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है जो दूध की धुली हुई हो। दाग सभी को अच्छे लगते हैं। रही बात चुनाव आयोग की तो इस मामले में उसके अधिकार सीमित हैं। चुनाव के पूर्व चुनाव आयोग यह निर्देश जरूर जारी करता है कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को अपने खिलाफ चल रहे अपराधिक मामलों की जानकारी एक शपथ पत्र में देना आवश्यक है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी यह जानकारी देते हैं और चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक उसका अखबारों में विज्ञापन भी दे देते हैं। चूंकि ऐसे दागी नेताओं को राजनीतिक पार्टियां टिकट देती हैं। ऐसे में मतदाता भी उन्हें पार्टी के नाम पर वोट देते हैं। बहरहाल अब इस मामले को गंभीरता से लेने की सख्त जरूरत है ताकि प्रजातंत्र के पवित्र मंदिर कहे जाने वाली संसद और विधानसभाओं में ऐसी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेता ना पहुंच पाएं।

छग को लूटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ को चारागाह कहा जाता रहा है। छत्तीसगढ़ अलग राज्य बनने के बाद यह उम्मीद की गई थी कि अब छत्तीसगढ़ में लूटपाट नहीं होगी। किन्तु दुर्भाग्यवश आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने में हील हवाला किया जाता रहा है। सत्तारूढ़ पार्टी पर विपक्ष भ्रष्टाचार के आरोप लगाता रहा है। लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली गति से होती रही है। यही वजह है कि भ्रष्टाचार करने वालों के हौसले बुलंद रहे हैं। कांग्रेस की पिछली सरकार के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ और इसी वजह से पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा। अब विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए घपले घोटालों की जांच के आदेश देकर यह उम्मीद जगाई है कि छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटने वालों को उनके किए की सजा मिल सकती है। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला और शराब घोटाला के साथ ही महादेव सट्टा घोटाले की भी एसीबी और ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर दी है। महादेव देव सट्टा घोटाले में तो छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इन सभी भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्ववर्तीय सरकार के अधिकारियों सहित कई घोटालेबाज जेल की सीखचों के भीतर हैं। अब इन्हीं आरोपियों से पूछताछ के लिए एसीबी ने सेशन कोर्ट से अनुमति मांगी हैं। एसीबी की आरे से अलग अलग तीन आवेदन दिए गए थे। जिसपर विचार के बाद प्रवर्तन निदेशालय की विशेष अदालत ने इन आरोपियों से पूछताछ की अनुमति प्रदान कर दी है। इससे अब यह उम्मीद की जा रही है कि बहुत जल्द घोटालेबाजों के खिलाफ तगड़ा एक्शन होगा। यह जरूरी भी है कि घोटालेबाजों को उनके किए की कड़ी से कड़ी सजा जरूर मिले।

आलोक मेहता

भारत की न्याय व्यवस्था पर पूर्वाग्रही देशी-विदेशी हमलों पर नियंत्रण जरुरी

भारत की कड़ी आपत्तियों के बावजूद अमेरिकी प्रशासन ने पिछले दिनों दिल्ली की आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविन्द केजरीवाल पर भ्र्ष्टाचार और आर्थिक अपराध के गंभीर मामले में गिरफ्तारी और इंकम टैक्स का करोड़ों रुपया नहीं चुकाने पर आय कर विभाग द्वारा राहुल गाँधी की कांग्रेस पार्टी पर लगे जुर्माने के क़ानूनी मामलों पर अकारण न्याय की दुहाई देने वाले वक्तव्य दिए। इसी तरह इन राजनीतिक पार्टियों के समर्थक वकीलों के एक वर्ग ने कोर्ट परिसर में विरोध के प्रयास किए और सम्पूर्ण न्याय पालिका पर विश्वसनीयता के सवाल उठाए। तब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को भी भारतीय न्याय व्यवस्था को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बताते हुए समर्थन में अपना मत व्यक्त करना पड़ा। दूसरी तरफदेश ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालयों में प्रतिष्ठित नामी क़ानूनवेत्ता हरीश साल्वे और करीब 600 वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्याय पालिका का अपमान करने वाले वकीलों के वर्ग या राजनीतिक संगठनों पर नियंत्रण का आग्रह किया है।

इस मुद्दे पर चुनावी दौर में सार्वजनिक बहस स्वाभाविक है। लेकिन अमेरिकी प्रशासन और उनके अधिकारियों को अपने दामन , घर आँगन को देखना चाहिए। एक अंतर्राष्ट्रीय विधि संस्थान की हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अमेरिकियों का विश्वास पिछले दो वर्षों में नए निचले स्तर पर पहुंच गया है, केवल लगभग 40% ने अपनी अदालतों पर विश्वास व्यक्त किया है। फिर सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों को भव्य उपहारों और यात्रा से लाभ मिलने पर कई विवादों के मद्देनजर एक स्वैच्छिक नैतिकता संहिता को अपनाया । ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीशों के ख़िलाफ़ धमकियाँ पहले से ही आम हो गई हैं। ब्लूमबर्ग लॉ द्वारा सूचना की स्वतंत्रता अनुरोध के अनुसार, 2022 में संघीय न्यायाधीशों को 311 गंभीर खतरों का सामना करना पड़ा , जो 2019 में 178 से अधिक है। वर्तमान में, एफबीआई और डेनवर पुलिस कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के खिलाफ खतरों की जांच कर रहे हैं जिन्होंने फैसला सुनाया कि ट्रम्प मतदान के लिए अयोग्य थे।अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा, ' हम जनता की सेवा करने वालों के खिलाफ खतरों में गहरी चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं ।' न्याय विभाग ने हाल ही में चुनाव कार्यकर्ताओं, कांग्रेस और सेना के सदस्यों, एफबीआई एजेंटों और संघीय न्यायाधीशों- जिसमें सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश भी शामिल हैं, के खिलाफ हिंसक धमकियां देने के लिए व्यक्तियों की जांच की और उन पर प्रकरण दर्ज किए हैं ।

अमेरिकी आपराधिक और नागरिक कानूनी प्रणालियों को 142 देशों में शीर्ष तीसरे स्थान पर रखा गया है , लेकिन विभिन्न मानदंडों पर खराब प्रदर्शन से न्याय वितरण में देश की समग्र स्थिति में गिरावट आई है। इनमें आपराधिक न्याय और नागरिक न्याय में समान व्यवहार शामिल है , जहां अमेरिका क्रमशः 109वें और 124वें स्थान पर है, और नागरिक न्याय की पहुंच और सामर्थ्य, जहां अमेरिका 142 में से 115वें स्थान पर है। उच्च आय वाले देशों और वैश्विक स्तर पर नागरिक न्याय की पहुंच और सामर्थ्य के मामले में अमेरिकी स्कोर औसत से नीचे है।उच्च आय वाले देशों और वैश्विक स्तर पर नागरिक न्याय की पहुंच और सामर्थ्य के मामले में अमेरिकी स्कोर औसत से नीचे है। एपी-एनओआरसी सर्वेक्षण से पता चलता है कि जब सत्ता के वैध हस्तांतरण में विश्वास की बात आती है तो संयुक्त राज्य अमेरिका वर्तमान में डब्ल्यूजेपी रूल ऑफ लॉ इंडेक्स में 142 देशों में से 37वें स्थान पर है । 2016 की तुलना में इस सूचकांक संकेतक पर अमेरिका का प्रदर्शन 10त्न कम है।राष्ट्रपति चुनाव में, कुछ सरकारी अधिकारियों ने कानून का पालन करने और चुनाव परिणामों को प्रमाणित करने से इनकार कर दिया, और 10 ऐसे उदाहरणों की 2023 प्रोपब्लिका समीक्षा में पाया गया कि इसमें शामिल अधिकांश अधिकारियों को किसी जवाबदेही का सामना नहीं करना पड़ा। गैर-पक्षपातपूर्ण अभियान कानूनी केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पॉल एम. स्मिथ के अनुसार, आधिकारिक चुनाव कर्तव्य में कुछ लापरवाही इस वर्ष फिर से उत्पन्न हो सकती है। वे कहते हैं, 'लेकिन इन दिनों मेरे दिमाग में प्राथमिक चिंता लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित करने के प्रयास में हिंसा का रणनीतिक उपयोग और हिंसा की धमकियां हैं।' ये कई रूप ले सकते हैं। हमारे पास पहले से ही राज्य के सचिवों और अन्य चुनाव कार्यकर्ताओं के खिलाफ धमकियां हैं। मैं लोगों को मतदान करने से रोकने और मतगणना प्रक्रियाओं में व्यवधान डालने के प्रयासों की कल्पना कर सकता हूं। यह सब बहुत चिंताजनक है। सार्वजनिक धर्म अनुसंधान संस्थान के एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि 23% अमेरिकी अब मानते हैं कि हमारे देश को बचाने के लिए सच्चे अमेरिकी देशभक्तों को हिंसा का सहारा लेना पड़ सकता है।

2020 के चुनाव परिणामों के कांग्रेस के प्रमाणीकरण और दर्जनों निरर्थक अदालती चुनौतियों के बावजूद , डोनाल्ड ट्रम्प, रिपब्लिकन नेता हैं, और 64त्न रिपब्लिकन अभी भी परिणाम पर विवाद करते हैं । तो, क्या होगा यदि 2024 में बिडेन को विजेता घोषित किया जाता है और ट्रम्प फिर से परिणामों को अस्वीकार कर देते हैं? 2024 में, संघीय और राज्य अदालतें पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ 91 आरोपों पर विचार कर रही हैं , और सुप्रीम कोर्ट गर्भपात दवा, दूसरे संशोधन और नियामक प्रवर्तन पर विवादास्पद मामलों का फैसला करेगा। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे उच्च न्यायालय 2024 के चुनाव परिणामों में भी शामिल हो सकता है।

वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट के कार्यकारी निदेशक एलिजाबेथ एंडरसन कहते हैं, ÷किसी भी समुदाय के भीतर कानून का शासन बनाए रखने के लिए कानून का स्वैच्छिक अनुपालन मौलिक है। जब अदालतों में विश्वास खत्म हो जाता है, तो लोग न्यायिक फैसलों का अनादर करने या अपने विवादों को सुलझाने के लिए धमकियों, जबरदस्ती और हिंसा का इस्तेमाल करने की अधिक संभावना रखते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को देशभर के प्रमुख वकीलों ने चिट्ठी लिखी। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा, दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है. करीब 50 साल पहले कांग्रेस ने बेशर्मी से अपने स्वार्थों को दुनिया के सामने रखा था. पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रति किसी भी तरह से प्रतिबद्ध होना नहीं चाहती। प्रधान मंत्री ने जाने-माने वकीलों की चिट्ठी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर रिपोस्ट करते हुए लिखा, पांच दशक पहले ही कांग्रेस पार्टी ने 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' का आह्वान किया था. वे (कांग्रेस) बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता तो चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचती है। अब कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं । 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश को लिखी चिट्ठी में कहा है कि एक खास ग्रुप का काम अदालती फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव डालना है, विशेष रूप से ऐसे मामलों में जिनसे या तो नेता जुड़े हुए हैं या फिर जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं । चिट्ठी में कहा गया है कि इनकी गतिविधियां देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने और न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास के लिए खतरा है।

आज का इतिहास

1997 में आज ही के दिन मार्टिना हिंगिस टेनिस इतिहास में सबसे कम उम्र की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनीं थीं। 1979 में 1 अप्रैल के दिन ही ईरान मुस्लिम गणराज्य घोषित हुआ था। 1976 में आज ही के दिन स्टीव जॉब्स और उनके साथियों ने मिलकर एप्पल कंपनी की स्थापना की थी। 1976 में 1 अप्रैल के दिन ही दूरदर्शन को रेडियो से अलग करके दूरदर्शन कॉर्पोरेशन की स्थापना हुई थी। 1973 में आज ही के दिन भारत के कार्बेट नेशनल पार्क में चीताओं को बचाने के लिए 'टाइगर बचाओ' अभियान चलाया गया था। 1969 में 1 अप्रैल के दिन ही भारत का पहला परमाणु ऊर्जा स्टेशन महाराष्ट्र के तारापुर क्षेत्र में शुरू हुआ था। 1936 में आज ही के दिन ओडिशा को बिहार से अलग करके एक नया राज्य बनाया गया था। 1935 में 1 अप्रैल से ही भारतीय रिजर्व बैंक ने काम करना शुरू किया था। 1933 में आज ही के दिन पाकिस्तान कराची में भारतीय वायु सेना की स्थापना की गई थी। 1912 में 1 अप्रैल को ही दिल्ली को भारत की राजधानी और एक प्रांत घोषित किया गया था। 1891 में आज ही के दिन फ्रांस की राजधानी पेरिस और ब्रिटेन की राजधानी लंदन के बीच दूरभाष संपर्क शुरू हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गीले गालों को यूं छूती हुई

गीले गालों को यूं छूती हुई हवाओं ने अहसास कराया है ये जो तुमने खत के माध्यम से भेजा हैं हर अहसासों को अहसास करवाया हैं लगता हैं ये बीते हुए दशक की बात नहीं मानों जैसे ये लम्हे अभी फिर से तुम्हें पिरो रही हो यूं शब्दों को नया आयाम मिल गया हो ....

-सोनू कुमार आकाश

अंग्रेजी शासन का डटकर के

अंग्रेजी शासन का डटकर के प्रतिकार किया शीश चढा दी बलिवेदी पर झुकना ना स्वीकार किया कोटि नमन करता है संयम ऐसे वीर सपूतों को चूम लिया फँसी का फंदा और गले का हार किया

- रवि पांडेय संयम

ख़ास पाती | लहरों से बातें करता घूम रहा मेरा मन

लहरों से बातें करता घूम रहा मेरा मन बंजारा, मेरा मन बंजारा! सागर में फैली हैं घनेरी भंवर जाना बड़ी दूर जाने कहां किनारा! गहरे सागर में दिखता नहीं द्वीप इक पतवार पे जले नन्हा सा दीप सागर में ढूंढ रहा उस मांझी को ढूंढता मुसाफिर के लिए किनारा लहरों से बातें.. तेज हैं हवाएं नैया डोल रही पतवार सहमी सी क्या बोल रही भंवर भी देतीं राहें लहर कहतीं जब गाता हुआ वो आए पिआरा लहरों से बातें...

-अजय कुमार सिंह भदौरिया

जब रिश्तों में गांठ पड़ जाती हैं,

जब रिश्तों में गांठ पड़ जाती हैं, दिलों की , दूरियां बढ़ जाती हैं। जो निभाने हो रिश्ते, समझौते ज़रुरी है, जो न कर पाओ समझौते, तो रिश्तों में, फासलें बढ़ जाती हैं।

- ममता श्री सिंह

हॉ ठीक है मैं कहाँ अब तुम हो

हॉ ठीक है मैं कहाँ अब तुम हो जिंदगी सुहानी जब तुम हो मेरा वजूद खो गया अब चहुँ दिशा तुम ही हो तुम से ही तो मैं नहीं-नहीं मैं कहाँ तुम ही हो मेरे नस नस में कौन लहू का हर बूंद पुकारे तुम ही हो भगवान भी तुम अब इमान भी तुम ही हो कण कण प्रतिक्षण हर बाग बहार मे तुम ही हो गीतों के सुर में तुम सावन के फुहार में तुम ही हो बिरह में बह रहे अश्रुधार आँखों से टपके हर बूंद में तुम ही हो.... तेरे ही ख्यालों मे पल -पल हर पल....

- डेज़ी जयसवाल

सूरज जब आँखें भी नहीं खोलता

सूरज जब आँखें भी नहीं खोलता और मेरे छत के मुंडेर पर जब नन्ही चिड़िया चहचहाती है ना जाने क्यूँ मुझे तब तुम्हारी याद बहुत आती है.... याद आते हो तुम मुझे सुबह की पहली किरण के साथ तब अखबार पर निगाहें गड़ाए चाय की हर चुस्की के साथ पीती जाती हूँ मैं तुम्हारे ना होने के एहसास को... भोर के उजालों से शुरू होता तुम्हारी यादों का सफर रात के गहन अँधेरों में भी अनवरत चलता हीं रहता है उफ़्फ़..कितना लंबा है तुम्हारी यादों का सफर... रोज़ जिस मोड से शुरू होता है उसी मोड़ पर आकार ठहर भी जाता है बिलकुल इस धरा की तरह जो सदियों से एक हीं धुरी पर सदैव गतिमान है सच बताना...क्या मैं भी तुम्हें इस कदर हीं याद आती हूँ

-रश्मि अभय

दासता सिर्फविदेशी हुकूमत की नही

दासता सिर्फविदेशी हुकूमत की नही होती। असली दासता होती है अपनी ही पुरानी मानसिकता की। पुरानी धारणाओं और अंधविश्वासो की अपनी ही बुरी आदतों की। मानसिक जंजीरे तभी टूट सकती है जब हम सजग होकर उसके खिलाफतलवार हाथ मे उठाये। यह तलवार होगी ।

- हेमा पांडेय

मन की शांति के लिए लोगों को

मन की शांति के लिए लोगों को मैंने मंजीरा बजाते देखा है अपनी आवाज को सुर देने बासुरि बजाते देखा है और जो एक पेड़ नहीं लगाते उन्हें वृक्ष के नीचे आराम फरमाते देखा है घर तो ऐसे बुलाते हैं जैसे आप उनके अभिन्न हैं कभी मोहब्त में चले गए भूल से तो अनजान बन जाते हैं ऐसे सक्स रिश्ते की दुहाई देते हैं

- लक्ष्मी नारायण लहरे

प्रेरक प्रसंग

आवश्यक कार्य

गर्मी ऐसी थी, मानो अँगारे बरस रहे हों। ऐसे समय में इलाहाबाद के एक चौराहे पर एक काली-कुबड़ी रोगिणी पड़ी कराह रही थी। उसकी कुहनी पककर सड़ गई थी। उसमें से दुर्गंध उड़ रही थी। अनेक राहगीर उस रास्ते में आ-जा रहे थे, पर उसकी दुर्दशा पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था। पंडित मदनमोहन मालवीय भी उधर से कहीं जा रहे थे। रोगिणी को देखते ही वे रुक गये। तुरंत उन्होंने एक गाड़ी वाले को बुलाया और एक युवक की सहायता से रोगिणी को गाड़ी में बिठाकर अस्पताल ले गये। युवक ने मालवीय जी से कहा- मैं रोगिणी के लिए आवश्यक व्यवस्था कर लूँगा। आप चाहें तो अपने काम से चले जाएँ।

मालवीय जी ने उत्तर दिया- इससे अधिक और क्या आवश्यक कार्य हो सकता है, रोगिणी की समुचित व्यवस्था हो जाने के बाद ही मैं यहाँ से अन्यत्र जाऊँगा।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:37 , सूर्यास्तः 06:33
चन्द्रोदयः 11:13 , चन्द्रास्तः 26:13
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः वसंत
शक सम्वतः 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल)
मास चैत्र , पक्ष कृष्ण
तिथि सप्तमी , नक्षत्र मूल
योग सौभाग्य
प्रथम करण विष्टि (09:40 तक)
द्वितीय करण बव (21:52 तक)
॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य मीन , चंद्र मिथुन
मंगल कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी)
गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहु मीन , केतु कन्या
शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 12:01 से 12:49
अमृत काल 07:44 से 09:23
रवियोग 16:47 से 21:05
विजय मुहूर्त 14:26 से 15:14
गोधूलि मुहूर्त 18:24 से 18:48
सायाह्न सन्ध्या 18:26 से 19:38
निशिता मुहूर्त 24:01 से 24:49
राहुकाल 07:30 से 09:00
राहुवास उत्तर
यमगण्ड 12:25 से 13:56

QUIZ TIME

1) कौन सा आयोग ब्रिटिश भारत में अकाल से संबंधित सुझाव के लिए गठित किए गए थे?

2) जब पृथ्वी के पटल में शैल विभंग होता है औन पुनः कही शैल पिंड भिन्न दिशाओं में गतिशील होते हैं, तो उसे क्या कहा जाता है?

3) गोल गधेड़ो और भगोरिया प्रथा किस जनजाति में प्रचलित है?

4) लोकसभा के वर्ष में कम-से-कम कितने सत्र बुलाए जाने का प्रावधान हैं?

5) किस महिला फुटबॉलर ने वर्ष 2023 का बेलन डी' ओर पुरस्कार जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) स्ट्रैची आयोग, लायल कमीशन और मैकडोनाल्ड कमीशन (2) भ्रंश (3) भील (4) वर्ष में तीन बार (5) ऐताना बोनमाती

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में खराब स्वास्थ्य के कारण प्रत्येक कार्यो में विलंब होगा।

वृषः आज का दिन आपके लिये संतोषजनक रहेगा। आज आप जल्दी से किसी कार्य को करने के मूड में नही रहेंगे।

मिथुनः आज दिन भर आपके ऊपर चंचलता हावी रहेगी। परिजनों की किसी भी बात को गंभीर ना लेकर मजाक में उड़ा।

कर्कः आज आपका मानसिक संतुलन बराबर नही रहेगा दो कामो को एक साथ करने के प्रयास में गलती होने की संभावना है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। दिन के आरंभ में थोड़ी सुस्ती रहेगी इसके बाद मस्ती के मूड में रहेंगे ।

कन्याः आज दिन के पूर्वार्ध में आपका ध्यान आध्यात्मिक कार्यो में ज्यादा रहेगा अप्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ आज आपको अवश्य मिलेगा।

तुलाः आज का दिन भाग्योदय कारक रहेगा। लेकिन आज लाभ कमाने के लिए मानसिक परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपका अधिकांश समय दुविधा में बीतेगा। कार्य क्षेत्र और गृहस्त में तालमेल बैठाने में असफल रहेंगे एक काम करने के लिए किसी अन्य काम के बिगड़ने का डर सताएगा।

धनुः आज दिन का प्रथम भाग सभी कार्यो में विजय दिलाएगा जिस भी काम को हाथ मे लेंगे उसमे से कुछ ना कुछ लाभ अवश्य कमाएंगे।

मकरः आज के दिन भी व्यस्तता अधिक रहेगी परन्तु आज आप केवल आवश्यक कार्यो को प्राथमिकता देंगे।

कुंभः आज दिन का अधिकांश भाग सोच विचार में ही व्यर्थ होगा। आपके मन मे योजनाए तो कई लगी रहेंगी।

मीनः आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक कलह मामूली बात से आरम्भ होकर गंभीर रूप ले सकती है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -013

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 012 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
		र				द		
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तीं			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

पदोन्नति के अवसरों में कमी मूलभूत अधिकार को प्रभावित नहीं करता और न ही यह मौलिक अधिकार का मामला: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय सेवक केवल प्रासंगिक नियमों के अनुसार पदोन्नति के लिए विचार किए जाने का अधिकार रखता है। नियमों में परिवर्तन या संशोधन के कारण पदोन्नति के अवसरों में यदि कोई कमी हो तो यह उसके मूलभूत अधिकार को प्रभावित नहीं करेगा, न ही यह मौलिक अधिकार हनन का मामला बनता है। सुखसागर तांडे, दीपक कुमार व अनिल छारी ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ लोक निर्माण इंजीनियरिंग (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2015 की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया है। याचिकाकर्ताओं ने मध्य प्रदेश लोक निर्माण यांत्रिकी (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1969 को निरस्त कर उप अभियंता व ड्राफ्ट्समैन के लिए अलग-अलग कोटा निर्धारित करने की मांग की है। 1969 के नियम जिसमें 20 प्रतिशत की सीमा तक सब इंजीनियर (डिग्री धारक) के लिए अलग कोटा निर्धारित किया गया था। राज्य शासन ने इन नियमों में संशोधन कर दिया है। याचिकाकर्ताओं को सहायक अभियंता बिलासपुर के पद पर पदोन्नत किया जाना है। याचिकाकर्ता सब इंजीनियर (सिविल) हैं और वे डिग्री धारक हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन के दौरान उनकी भर्ती हुई थी। लोक निर्माण अभियांत्रिकी (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1969 के अनुसार अगले पदोन्नति पद के लिए सहायक अभियंता (सिविल) के रूप में पदोन्नत होने के लिए न्यूनतम आठ वर्ष की सेवा की आवश्यकता थी और 1969 के नियमों के अनुसार सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए 20 फीसदी की सीमा तक अलग कोटा दिया था। सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित उपरोक्त कोटा में संशोधन किया गया है और सभी उप-अभियंताओं को अलग-अलग कोटा आवंटित किया गया है। यह कोटा तकरीबन 70 प्रतिशत है। विवादित नियमों की शुरुआत से पदोन्नति कोटा प्रणाली यानी डिग्री धारकों और डिप्लोमा धारकों के लिए आवंटित अलग-अलग कोटा समाप्त कर दिया गया है और उप-अभियंताओं के दोनों वर्गों को उनकी योग्यता के बावजूद पूरी तरह से जोड़ दिया गया है। इसके चलते सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नत होने के उनके निहित अधिकार को छीन लिया है। याचिकाकर्ताओं ने शासन के इस नियम को रद्द करने की मांग की है।

नौ किलो गांजे के साथ चार गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक के आदेश पालन में एस आर पी रेल रायपुर के निर्देश से मुखबिर कि सूचना प्राप्त होने पर जी आर पी एंटी क्राइम टीम जीआरपी बिलासपुर द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेट फ़ार्म नंबर 6 कटनी छोर तरफ़ कुछ व्यक्ति ट्रेन के इंतज़ार में बैठा था जो चेकिंग के दौरान पूछने से जवाब सही नहीं मिला फिर उनकी बैग की तलाशी लिया गया जिसमे 9 किलोग्राम गाँजा होना बताया जिसकी कुल क़ीमत 180000/- एक लाख अस्सी हज़ार के आसपास है। पकड़े गये आरोपियों में अकड़ा प्रसाद पिता राम प्रसाद उम्र 20 वर्ष जबलपुर मध्यप्रदेश, पारस बघेल पिता जगमोहन बघेल उम्र 25 वर्ष जबलपुर मध्यप्रदेश, विक्की बेरहा पिता संतोष बेरहा उम्र (20)वर्ष जबलपुर मध्यप्रदेश व असलम अली पिता निसार अहमद उम्र 23 वर्ष कटनी मध्यप्रदेश है। उक्त आरोपी संभलपुर से जबलपुर किसी गोलू सोनकर जो जबलपुर का रहने वाला है के पास पहुँचाने की बात बताया है सभी आरोपी को पकड़कर जी.आर.पी.थाना बिलासपुर को सुपुर्द किया जहां धारा 20(बी) एनटीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

खनिकर्म और रेलवे के अधिकारियों की संयुक्त बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। संयुक्त संचालक खनिज प्रशासन अनुराग दीवान संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म के निर्देशानुसार रेलवे में मिनरल ट्रांसपोर्टिंग सिस्टम को राज्य शासन के खनिज ऑनलाइन पोर्टल सिस्टम के साथ इंटीग्रेट करने हेतु बिलासपुर के डीआरएम कार्यालय मे आज शाम 4 बजे बैठक हुई जिसमें खनिज विभाग से राजेश मालवे उप संचालक(ख.प्र.) जिला रायगढ़, प्रमोद नायक खनि अधिकारी जिला कोरबा, रमाकांत सोनी खनि अधिकारी, जिला बिलासपुर, रेलवे विभाग से प्रभात कुमार व टीम, एस ई सी एल मुख्यालय बिलासपुर से मैनेजर मार्केटिंग एंड सेल्स द्वय रचित भाटिया व अमन छाबरा तथा खनिज आनलाइन सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी से एक्सपर्ट सौम्यकान्त मंत्री व टीम उपस्थित थे।

सीएसआईडीसी के एमडी शपथ पत्र में सेटअप की जानकारी दें

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट जस्टिस एन के व्यास ने छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम से अन्य विभाग में गये कर्मचारी के आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं दिए जाने के खिलाफ पेश याचिका को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम के एमडी से शपथ पत्र के साथ सेटअप की जानकारी मांगी है। उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के उपरांत मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम को भंग कर छत्तीसगढ़ राज्य अधोसंरचना निगम का गठन किया गया। परिवहन निगम के कर्मचारियों व सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति निगम को दिया गया। बाद में भंग परिवहन निगम के कर्मचारियों को विभिन्न विभाग में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किया गया है। याचिकाकर्ता के पिता भी राज्य परिवहन निगम के कर्मचारी थे। उन्हें जनसंपर्क विभाग में पदस्थ किया गया था। सेवाकाल के दौरान पिता का निधन होने पर आश्रित ने अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया। उसके आवेदन को यह कहते हुए रिजेक्ट किया गया कि छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम में सेटअप ही नहीं है। इसके खिलाफ अधिवक्ता चन्द्रेश श्रीवास्तव के माध्यम से हाई कोर्ट याचिका पेश की गई है। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सुनवाई हेतु 12 अप्रैल को रखा है।

भाजपा प्रत्याशी तोखन रिकार्ड मतों से जीतेंगे: हर्षिता

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रव्यापी बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत तखतपुर विधानसभा के सकरी मंडल में पूर्व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती हर्षिता पांडेय के नेतृत्व में रामा लाइफ सिटी में भाजपा का यह अभियान चलाया गया। हर्षिता पांडेय ने बताया की इस अभियान को व्यापक जन समर्थन मिला एवं लोगो ने मैं भी श्री मोदी का परिवार एवं अबकी बार 400 पार जैसे नारे लगा के अपना समर्थन बिलासपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू को जीतने का संकल्प लिया एवं उत्साह से अपने घरों में भाजपा का झंडा लगवाया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू रिकॉर्ड मतो से जीत दर्ज करेंगे। इस कार्यक्रम में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश के सह संयोजक प्रवीण दुबे ज़िले की मंत्री दीपमाला कुर्रे ,जिला कार्यालय मंत्री राकेश चंद्राकर व्यवसायी प्रकोष्ठ के ज़िला संयोजक अरविंद गोयल सकरी मण्डल अध्यक्ष बीआर मोहोबिया मण्डल पदाधिकारी मनोज साहू जितेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आधी रात बिगड़ा मौसम आंधी से पेड़ धराशायी

आवागमन के साथ ही बिजली आपूर्ति प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी के बीच पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव शुरू हो गया है। कल आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवा के बीच हल्की बूंदाबांदी होने लगी। हालांकि कुछ देर बाद मौसम साफ हो गया और तेज धूप निकल गई। मौसम में हुए बदलाव के कारण बिलासपुर का तापमान अधिकतम 38 डिग्री रहा फिर शाम को बादल छा गए हल्की बूंदाबांदी भी हुई। हल्के बदल आज भी नजर आ रहे। बिलासपुर जिले के कुछ स्थानों में सुबह से दोपहर तक मौसम में भारी गर्मी रही शाम को बादल आए और मध्य रात आंधी की दस्तक, आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश ने कोहराम मचा दिया। शनिवार रात मौसम के बदलाव से बिलासपुर रेलवे क्षेत्र में में कई पेड़ धराशायी हो गए। वहीं रेलवे की ओर आने वाले दो रोड़ में तीनी बड़े पेड़ गिरे हुए। बिजली के खंभे भी टूट कर गिर गए हैं। विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है। आवागम प्रभावित हो रहा है। बिलासपुर के कई स्थानों आंधी कई स्थानों पेड़ गिरेने की सुचना मिली है।

जिले के कुछ स्थानों पर इस दौरान हल्की वर्षा दर्ज की गई। रविवार को भी इसी तरह का मौसम रहने और तापमान में और वृद्धि की संभावना नहीं है। बता दें कि मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण बिलासपुर संभाग में 30 व 31 मार्च को मौसम बिगड़ने की संभावना जताई थी। पूर्वानुमान में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा एवं कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना जताई गई थी। हालांकि अभी तक कहीं भी ओलावृष्टि नहीं होने से किसानों को राहत है। पिछले एक पखवाड़े से लगातार विक्षोभ की सक्रियता बनी हुई है। मौसम विज्ञज्ञनी एएम भट्ट ने बताया कि विक्षोभ का प्रभाव सूरजपुर, बलरामपुर, एवं कोरिया जिले में भी बना हुआ है। रविवार तक इसके प्रभाव से बिलासपुर जिले में गरज-चमक के साथ वर्षा एवं ओलावृष्टि की संभावना है।

बढ़ेगी गर्मी

मौसम विज्ञानियों ने इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई है। इसका असर मार्च के अंतिम दिनों में दिखने लगा था। बिलासपुर में पारा 38 डिग्री तक पहुंच गया। हालाकि बीच बीच में विक्षोभ के प्रभाव से गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विज्ञानी भट्ट के अनुसार इस सिस्टम के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर गर्मी में तेजी से वृद्धि होगी।

शराब पीने पैसे नहीं देने पर बाइक फूंकी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पिछले हफ्ते होली के दिन अशोकनगर अटल आवास निवासी गणेश साहू अपने दोस्त समीर खान के साथ बहतराई से होली खेलकर शाम करीब 5 बजे अपने मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। वे डीएस कॉलेज के पास पहुंचे थे कि तभी अशोकनगर निवासी सागर साहू, शिव ध्रुव और उनके साथियों ने दोनों को रोका और शराब पीने के लिए 200 रुपए मांगने लगे। पैसे देने से मना करने पर उन लोगों ने गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी, जिससे डर कर समीर खान भाग गया। इसके बाद रास्ता रोकने वाले बदमाशों ने गणेश साहू को मोटरसाइकिल से नीचे उतारा और उसके मोटरसाइकिल के पेट्रोल टंकी की पाइप खींचकर इस पेट्रोल से मोटरसाइकिल को आग लगा दी। साथ ही गणेश साहू को जान से मारने की भी धमकी दी गई । इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की गई थी। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से आरोपी फरार थे। शनिवार को जब सागर साहू और शिव ध्रुव अपने ठिकाने पर लौटे तो इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया । मामले के अन्य फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

युवक से लूटपाट के 3 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। संदीप कुमार नगेशिया पिता मनोज राम उम्र 18 साल पता बरटोला थाना सामरी जिला बलरामपुर द्वारा 30 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 मार्च को यह बिलासपुर आया था और कहीं अन्यत्र जाने हेतु बस नहीं मिलने के कारण नया बस स्टैण्ड तिफरा में रूका हुआ था और रात्रि करीबन 2.30 बजे चार लड़के आये और प्रार्थी के ग्रे रंग के पिट्ठू बैग को छिनने लगे इसके विरोध करने पर एक लड़का अपना बेल्ट निकाल कर इसे मारने लगा तथा उसके अन्य साथी भी हाथ मुक्का लात से मारने लगे और इसके जेब में रखे एक नग लावा कंपनी का मोबाईल कीमती 6000 रूपये एवं 200 रूपये नगदी को लूट कर भाग गये जिस पर थाना सिरगिट्टी में अपराध पंजीबध्द कर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में थाना प्रभारी सिरगिट्टी द्वारा तत्काल टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु क्षेत्र के संदेहियों के गतिविधियों पर नजरे रखी जा रही थी। इसी क्रम मे नया बस स्टैण्ड तिफरा के पास सुनसान जगह पर चार व्यक्ति घूमते मिले जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिसे पकड़कर थाना लाकर पूछताछ करने पर संदेही करन कुमार खुंटे अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर 30 मार्च की दरमियानी रात नया बस स्टैण्ड तिफरा में अज्ञात व्यक्ति से मोबाईल व नकदी रकम 200 रूपये लूट करना स्वीकार किये। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर लूट किये एक नग मोबाईल 200 रूपये नगदी एवं एक पीट्ठू बैग को जप्त कर आरोपी एवं अपचारी बालको को अभिरक्षा में लिया जाकर कार्यवाही की जा रही है।

समूह की महिलाओं ने रैली निकाल दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत सहभागिता के उद्देश्य को पूरा करने जिले की स्व सहायता समूह की महिलाएं सक्रिय भागीदारी निभा रहीं है।

तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सकर्रा में समृद्धि संकुल संगठन की महिलाओं ने रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर के जरिए महिलाओं ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में 28 ग्राम पंचायतों की महिलाएं शामिल हुई। इसी तरह जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में समूह की महिलाएं दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली एवं नृत्य के जरिए मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश का प्रसार कर रहीं है। समूह की महिलाएं अपनी बैठकों में मतदान में भागीदारी को लेकर चर्चा और शपथ लेकर क्षेत्र के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रहीं है। ग्राम पंचायत बकरकुदा में भी दीदियों ने स्वीप के तहत रंगोली बनाकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। बड़ी संख्या में महिला समूहों द्वारा ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे अपने मताधिकार का सही प्रयोग करें। स्वीप मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है।

बिलासपुर का तैयार होगा नया इकोसिस्टम: अमर

मिलेगा युवाओं को रोजगार, शहर करेगा तेजी से विकास

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने फेसबुक लाइव पर जनता को संबोधित किया। उन्होने सशक्त युवा समृद्ध भारत विषय पर जनता से संवाद किया। इस दौरान नगर विधायक ने शहर की जनता से शहर के विकास और तरक्की को लेकर सुझाव मांगे। अमर ने कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवाओं का देश है। युगपुरुष स्वामी विवेकानंद ने युवा शक्ति का आह्वान करते हुए -'उठो जागो और लक्ष्य की ओर भागों 'का नारा दिया है। सशक्त युवा ही समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार कस सकता है।

फेसबुक लाइव कार्यक्रम में अमर अग्रवाल ने बताया कि देश की समृद्धि और विकास के लिए औद्योगिक उत्पादन और पूंजी निवेश पर बढ़ावा दिए जाने से रचनात्मक विकास में तेजी आएगी। किसी राष्ट्र का संपूर्ण और समग्र विकास तब तक संभव नही है जब तक राष्ट्र का युवा सुशिक्षित और सुसंस्कृत नहीं हो जाता। युवा शब्द अपने आप में ऊर्जा और आंदोलन का प्रतीक है। युवा शक्ति की अपार ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्टार्टअप कार्यक्रम आरंभ किया। युवाओं की नई सोच को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया कार्यक्रम चलाया। आज स्टार्टअप के क्षेत्र में तरक्की कर भारत दुनिया का तीसरा प्रमुख देश हो गया है। कौशल विकास के साथ वित्तीय प्रबंधन की समुचित व्यवस्था के लिए कौशल विकास योजना आरंभ की गयी है। मुद्रा लोन योजना के तहत 10 लाख रुपए का लोन भारत सरकार देती है। पिछले 10 सालों से ऐसे सैकड़ो कार्यक्रम आरंभ किए गए जिससे युवाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।अमर अग्रवाल ने कहा कि 5 वर्षो मे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने युवाओं को छलने का काम किया है। पीएससी और व्यापम में घोटाले से युवाओं में असंतोष है। भाजपा ने घोषणा पत्र के अनुसार पारदर्शिता के साथ पीएससी और व्यापम परीक्षाओं के आयोजन को लेकर आवश्यक कदम उठाए हैं।

भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज

उपमुख्यमंत्री साव होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी ताकत छोड़ दी है जगह-जगह आम सभा के साथ स्टार प्रचारकों के लिस्ट भी जारी करिए जा रहे हैं इसके अलावा जगह-जगह आम सभा के साथ रोड शो और जनता से जनसंपर्क राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी और कार्यकर्ता कर रहे हैं इसी कड़ी में सोमवार को बिलासपुर लोकसभा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कुंदन पैलेस में आयोजित होगा इसमें बिलासपुर लोकसभा के समस्त विधानसभाओं के कार्यकर्ता शामिल होंगे जहां वरिष्ठ नेताओं के द्वारा उन्हें चुनाव को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा कार्यकर्ता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल होंगे वह सुबह 10:30 बजे रायपुर स्थित अपने शासकीय आवास से रवाना होकर 11.45 बजे चकरभाटा हेलीपैड पहुंचेंगे। जहां से वे सड़क मार्ग के माध्यम से श्रीकांत वर्मा मार्ग कुंदन पैलेस पहुंचेंगे 1 बजे तक सम्मेलन विवेक कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के मार्गदर्शन देने के बाद में गौरेला पेंड्रा मरवाही में भी आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने रवाना होंगे 2:00 बजे में गौरेला पेंड्रा मरवाही पहुंचेंगे और वहां भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद शाम को वापस रायपुर पहुंचेंगे।

कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, 109 वाहनों से 7 हजार वसूले

बिना नंबर व डार्क ब्लैक फिल्म वाले वाहनों का कटा चालान

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के आदेश अनुसार एएसपी (ट्रैफिक) नीरज चंद्राकर एवं डीएसपी संजय साहू द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए जहां नो पार्किंग में कार्रवाई हो रही हैं। वही यातायात के नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में विगत तीन दिनों से एएसपी ट्रैफिक एवं डीएसपी ट्रैफिक स्वयं अभियान का नेतृत्व करते हुए, बिना नंबर वाली वाहनों, आड़े तिरछे लिखें नंबर वाले वाहनों, स्टाइलिश नंबर वाले वाहनों एवं डार्क फिल्म पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है, जिसके अंतर्गत आज पुराना बस स्टैंड में डीएसपी संजय साहू के नेतृत्व में ताबड़तोड़ करवाई करते हुए ई-चालान सहित 109 वाहनों से 68,500/- समन शुल्क प्राप्त किया हुआ, जिसमें आज बिना नंबर स्टाइलिश नंबर में - 45 वाहनों को थाने में लाकर नंबर प्लेट सही कर उन पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई। आज कार्यवाही में यातायात के निरीक्षक हेमंत चंद्राकर, सहायक उप निरीक्षक डीडी सिंह एवं हमराही स्टाफ यासीन हुसैन, सदानंद ,ललित कार्की, सुनील यादव , रोहित साहू टीम वर्क करते हुए प्रभावी कार्यवाही की गई। जिसमें डार्क 4 ब्लैक फिल्म वाहनों पर भी कार्यवाही की गई। इस संबंध में एएसपी ट्रैफिक नीरज चंद्राकार ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में यातायात के नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को बक्शा नहीं जाएगा। विशेष कर बिना नंबर वाहन वाले वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। हमारी ट्रैफिक पुलिस निरंतर मॉडिफाई युक्त साइलेंसर लगे वाहनों, ब्लैक डार्क फिल्म लगी वाहनों एवं बिना नंबर स्टाइलिश नंबर वाहनों पर अभियान के तहत कार्यवाही कर रही है जो की निरंतर जारी रहेगी।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस ने मशाल रैली निकाल जताया विरोध

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार शाम को जिला मुख्यालय में खाता सील करने के विरोध में मशाल रैली निकाली। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र प्रजातंत्र में प्रत्येक राजनीतिक दलों को चुनावों में भाग लेने का अधिकार है मगर केंद्र की मोदी सरकार अपने निश्चित हार से डरकर ऐन चुनाव के वक्त प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के खातों को आयकर विभाग पर दबाव बनाकर सील करवा दिया है ताकि चुनाव में भाग नहीं ले सके। इसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के नेतृत्व में कांग्रेस भवन कोंडागांव से जयस्तम्भ चौक तक मशाल रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या कांग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

पूर्व सैनिक परिषद ने रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने हेतु प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार 31 मार्च को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों के साथ पूर्व सैनिकों ने डीएनके मैदान कोंडागांव से होते हुए मंडी रोड, बाजार पारा,गांधी चौक, बस स्टैंड एवं कोतवाली से होते हुए डीएनके मैदान तक मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से अपील किया गया कि 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा तथा 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा हेतु होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करें। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू , कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, पूर्व सैनिक ढ़ालेश साहू, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश कुमार, सेवारत सैनिक श्रीकांत तिवारी, सेवारत सैनिक उमेंद्र, केकती बर्मन, जिला पुलिस बल और यातायात पुलिस बल के जवान और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियां मौजूद थे।

नक्सलियों ने पिकअप वाहन में लगाई आग

सुकमा/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र में आज नक्सलियों ने एक पिकअप वाहन का आग के हवाले कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिंतागुफा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलेड और मुकराजकुंडा के बीच नक्सलियों ने दोपहर पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया।

खेल- खेल में बच्चों को पढ़ाने शिक्षकों ने सीखे गुर

- **विकासखंड स्तरीय खिलौना आधारित प्रशिक्षण संपन्न**

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। विकासखंड स्तरीय FLN खिलौना आधारित जादुई पिटारा का दो दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय बिलाईगढ़ में 29 और 30 मार्च को हुआ। इस प्रशिक्षण में विकासखंड बिलाईगढ़ स्थित समस्त प्राथमिक शालाओं से एक-एक शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। कुल 295 शिक्षक शिक्षिकाओं को खिलौना शिक्षण शास्त्र के अंतर्गत यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर हेमंत श्रीवास, सुनीता साहू, सरोजनी साहू, अजय प्रधान आदि थे।

इस प्रशिक्षण में बच्चों को खेल खेल में सिखाने पर जोर दिया गया। अपने आसपास के परिवेश में जो भी खिलौने मिले उसी से बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करें। जैसे वर्गीकरण, मिलान, पहचान, तार्किकता, जिज्ञासा, कल्पनाशीलता, जीवन कौशल आदि की पूर्ति सहजता से हो जाती है। बच्चों को खिलौने सहज आकर्षित करते हैं अतएव वे आसानी से विद्यालय में ठहरते हैं। स्वदेशी खिलौनों से शिक्षा, संस्कार तथा अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ समग्र विकास को भी इससे बल मिलता है। सभी शालाओं में जादुई पिटारा की उपलब्धि एवं उपयोगिता सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। अंत में उपरोक्त सभी कारणों से इस प्रशिक्षण का आयोजन कर विद्यालय स्तर पर कार्य करने की बात कही गई।

बच्चों के सबसे रुचिकर वस्तु खिलौनों से खेल खेल में नियमित उपस्थिति, आकर्षक वातावरण, नेतृत्व क्षमता, सहभागिता, सामुदायिकता, चुनौतियाँ, सूक्ष्म अवलोकन से प्रशिक्षण के विषय पर आवश्यक जानकारी साझा किए। प्रशिक्षण में समूह कार्य के अंतर्गत उपस्थित सभी से पाठ्यक्रम के अनुसार आवश्यक एवं उपयोगी खिलौना निर्माण कर प्रदर्शन करवाया गया। सभी ने बड़े ही आनंदपूर्ण और तत्परता से अपने कार्य किए।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वि.खं. स्त्रोत समन्वयक मेंदराम साहू थे। बीआरपी अजित पटेल, वि. खं. शिक्षा अधिकारी एस एन साहू का मार्गदर्शन मिला। हेमंत श्रीवास ने अपने स्कूल में जिला का प्रथम खिलौना संग्रहालय का निर्माण किया गया है उसके बारे में चर्चा किया गया व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्राथमिक शाला मड़कडी स्कूल का खिलौना संग्रहालय को देखने के लिए प्रेरित किये,व अपने अपने स्कूल में भी निर्माण पर जोर देने को कहा गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस हेमन्त श्रीवास मास्टर ट्रेनर व जादुई पिटारा ब्लाक नोडल बिलाईगढ़ के द्वारा सभी शिक्षकों को जादू दिखाया गया जो बहुत आकर्षक रहा ,जिसमे पुस्तक में आग लगाना, गुब्बारा में तार आर पार करना,खाली गिलास से पानी निकालना,रस्सी को डंडा बनाना नोटों का बंडल निकालना इस प्रकार बहुत से जादू को देखने के बाद अधिकारियों के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने ताली बजाकर कर उत्सावर्धन किया।

नामांकन के दूसरे दिन एक अभ्यर्थी ने जमा किया पर्चा

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू हो गई है। शनिवार 29 मार्च को नामांकन के दूसरे दिन कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 के लिए 01 अभ्यर्थी का नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर अभिजीत सिंह के समक्ष कोण्डागांव जिला अंतर्गत फरसगांव तहसील के ग्राम कोनगुड़ निवासी सोनसिंह ने नाम-निर्देशन-पत्र दो प्रतियों में जमा किया। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखने की शपथ भी ली। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र (शासकीय अवकाश को छोड़कर) प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जमा कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल है तथा नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल को होगी। इसी प्रकार नाम वापसी 8 अप्रैल को दोपहर 03 बजे तक ली जा सकेगी।

मतदान दल को मिलेगी आवासीय सुविधाएं

- **जिला निर्वाचन अधिकारी की पहल पर सभी ब्लॉक के चयनित छात्रावासों में ठहराया जाएगा**

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। जिले के सभी 727 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से वोटिंग सम्पन्न होगी, जिसके लिए पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक- 1, 2 और 3 की ड्यूटी लगाई गई है। इसके तहत मतदान अधिकारियों की अन्यत्र क्षेत्रों में ड्यूटी लगाई जाती है। मतदान के पूर्व और पश्चात् उन्हें ठहराने एवं विश्राम करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह की पहल पर विशेष व्यवस्था प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में की जा रही है।

मतदान कार्य के दौरान अनुकूल व सकारात्मक वातावरण में वोटिंग सम्पन्न कराने और मतदान के पूर्व और पश्चात् पोलिंग पार्टियों के ठहरने व विश्राम करने के लिए जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए हैं। मतदान अधिकारी के तौर पर ड्यूटी करने वाले पुरूष एवं महिला अधिकारियों के लिए पृथक-पृथक् छात्रावासों को चयनित किया गया है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर मतदान दलों के कर्मचारियों के आने जाने के लिए बसों की व्यवस्था भी की जाएगी। कर्मचारी अपने निवास स्थान के ब्लॉक मुख्यालय में स्वयं के साधन से पहुंचकर तदुपरांत वहां से सामग्री वितरण केन्द्र तक आने के लिए बस की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार मतदान समाप्ति के उपरांत सामग्री तथा ईव्हीएम मशीनें जमा करने के बाद भी कर्मचारियों को अपने ब्लॉक मुख्यालय तक वापस जाने तथा आवश्यकतानुसार विश्राम करने के लिए भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चारामा क्षेत्र में मतदान ड्यूटी करने वाली महिला कर्मचारियों को प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास (जैसाकर्रा) चारामा, पुरूष कर्मचारियों के लिए प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास चारामा में ठहराने की व्यवस्था मुहैया कराई गई है। इसी तरह नरहरपुर में सामुदायिक भवन नरहरपुर, कांकेर में महिला मतदान कर्मचारियों के लिए कन्या आश्रम सिंगारभाट तथा पुरूष मतदान कर्मचारियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रावास गोविंदपुर और विशिष्ट विद्यालय गोविंदपुर में ठहराये जाने की व्यवस्था की गई है। भानुप्रतापपुर में महिला मतदान अधिकारियों के लिए कन्या आश्रम भानुप्रतापपुर तथा पुरूष मतदान कर्मचारियों के लिए प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास भानुप्रतापपुर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

इसी तरह दुर्गूकोंदल क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में ड्यूटी करने वाली महिला कर्मचारियों को गर्ल्स हॉस्टल दुर्गूकोंदल में और पुरूष कर्मचारियों को एकलव्य आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में ठहराया जाएगा। इसके अलावा पखांजूर क्षेत्र में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास पखांजूर, बालक आश्रम व पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास पखांजूर, डॉरमेट्री आश्रम पखांजूर, हाई स्कूल पखांजूर में, महिला मतदान कर्मियों को प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास पखांजूर के अलावा कापसी, घोड़ागांव आश्रम और बांदे में भी ठहराया जाएगा। इसी प्रकार अंतागढ़ में पुरूष मतदान कर्मियों हेतु प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास, उत्कृष्ट विद्यालय अंतागढ़, प्रशिक्षण भवन जनपद पंचायत अंतागढ़, सामुदायिक भवन वार्ड-6, एकलव्य आवासीय विद्यालय लामकन्हार तथा महिला मतदान कर्मियां के लिए प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास अंतागढ़ क्रमांक-01 एवं 02 में ठहराने की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा सके।

फोटो खिंचाने पहुंची मासूम का साय ने किया सम्मान

कांकेर/पखांजूर/नवप्रदेश। मुझे सीएम के साथ फोटो खिंचवाना है। यही मांग लेकर हाथों में तख्ती थामे मासूम बच्ची मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की चुनावी सभा में पहुंची। फिर क्या था सभा में मौजूद सभी लोगों की नजर उस बच्ची पर टिक गई। सीएम साय भी अपने आप को नहीं रोक पाये। बच्ची की इस मांग को पूरा करते हुए उन्होंने अपने पास बुलाया और प्यार से दुलारते हुए उसे बुके देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षाकर्मियों को भेजकर बच्ची को मंच पर बुलाकर उसके साथ फोटो खिंचवाया और उस पर स्नेह उड़ेलते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पखांजूर के बांदे में चुनावी सभा को संबोधित करते सीएम कांग्रेस पर जमकर बरसे। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि वादाखिलाफी उसकी फितरत है,उनका मूल चरित्र भ्रष्टाचार है। पूर्व सरकार ने केवल प्रदेश में भ्रष्टाचार किया। जिसकी जांच चलने से कांग्रेसी तिलमिलाये हुये हैं। हमने छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्र में बूथ विजय अभियान की शुरुआत कर दी है। इस अभियान के तहत एक-एक कार्यकर्ता कम से कम 10 मतदाता घरों तक पहुंचेंगे।

सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। हमें जी-तोड़ मेहनत कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हमारे प्रधानमंत्री हैं। उनकी वजह से 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। मोदी ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूल मंत्र मानते हुए काम किया है। आप सभी स्वयं को महेश कश्यप मानकर मतदाताओं के घर-घर जाएं और उन्हें भाजपा की नीतियों और योजनाओं के लाभ के बारे में बताएं।

एग्जिट पोल पर 19 अप्रैल से 1 जून तक प्रतिबंध

- **भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान**

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत सर्वेक्षण (एग्जिट पोल) नहीं करेगा। लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा शुक्रवार 19 अप्रैल को पूर्वान्ह 7 बजे से 1 जून 2024 दिन शनिवार को शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का निर्गम मत (एक्जिट पोल) सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126(1) (ख) के अधीन निर्वाचन से संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि कोई भी व्यक्ति इस धारा के उपबंधों का उल्लंघन करता है, तो उन्हें दो वर्ष तक के कारावास या जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकेगा।

युवक ने जहर सेवन कर दे दी जान

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रामप्रसाद आ0 सिमन कुजूर उम्र 36 साल साकिन ग्राम कोसगा ने रविवार 31 मार्च की सुबह तकरीबन 6 बजे अज्ञात ज़हर सेवन कर लिया। घरवालों को पता चलने पर पीड़ित युवक को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर उपचार के लिए लाया गया। लेकिन इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस युवक के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है युवक शराब पीने का आदी था।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मोदी देश में नहीं चाहते ...

भरा हुआ था, जहां लोगों का उत्साह सातवें आसमान पर था। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इंडिया गठबंधन की ओर से पांच सूत्रीय मांगें भी देश के सामने रखीं।

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते, वे तानाशाही की विचारधारा के हैं।

दलों के लिए समान अवसर होना जरूरी

जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर नेताओं और राजनीतिक दलों को डराया जा रहा है। भाजपा ने नेताओं को डरा-धमकाकर, खरीदकर सरकार बनाई। चुनाव के समय अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। कांग्रेस पर हजारों करोड़ का जुर्माना लगा दिया गया, ताकि कांग्रेस चुनाव प्रचार न कर सके। **लोकतंत्र और संविधान बचाने हमें लडऩा है**

आज लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए हमें लडऩा है। संविधान रहेगा, तभी जनता को अधिकार मिल पाएंगे। जब तक देश से मोदी की विचारधारा नहीं हटेगी, तब तक देश में सुख-समृद्धि नहीं आएगी।

वे चाहते हैं विपक्ष चुनाव ...

अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। पैसे देकर सरकारें गिराई जा रही हैं। न्यायपालिका पर दबाव डाला जा रहा है। वहीं संविधान बदलने की बात कही जा रही।

प्रियंका की ये है ...

रिहाई की जाए। चौथी मांग कि चुनाव के दौरान विपक्ष के राजनीतिक दलों पर जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। पांचवी मांग है कि इलेक्टोरल बॉन्ड की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक एसआईटी गठित होनी चाहिए।

इंडिया गठबंधन की इस रैली में सोनिया गांधी, शरद पवार, मुख्यमंत्री भगवंत मान, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव, सीताराम येचुरी, फारूक अब्दुल्ला, डी राजा, दीपांकर भट्टाचार्य, महबूबा मुफ्ती, डेरेक ओ ब्रायन, कल्पना सोरेन, तिरुचि शिवा, सुनीता केजरीवाल, देवराजा, थिरु थोल, खुर्रम अनीस उमर समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

मांग रहा कुर्बानी, देश ...

देश के उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक लोकतंत्र का खून बहाया जा रहा है। विपक्ष की सभी सरकारों को अस्थिर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी देश 'करो या मरो' के मुहाने पर खड़ा है। अगला दो महीना लोकतंत्र बचाने का समय है।

केजरीवाल सच्चे देशभक्त...

भारत बनाने के लिए आमंत्रित करता है।

इंडिया समूह की तरफसे छह गारंटी

उन्होंने देशवासियों को इंडिया समूह की तरफ से छह गारंटी दी। पूरे देश में चौबीस घंटे बिजली का इंतेजाम करेंगे। कहीं कोई पावर कट नहीं होगा। पूरे देश के गरीबों की बिजली मुफ्त करेंगे। हर गांव में शानदार स्कूल बनायेंगे। हर गांव मोहल्ले में मोहल्ला क्लिनिक बनायेंगे। हर जिले में शानदार अस्पताल बनायें।

पीएम बोले- बड़े-बड़े ...

के सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। इसके बाद मंच पर मौजूद नेताओं ने मोदी को हल भेंट किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। 2014, 2019 के बाद ये तीसरा मौका है, जब ने वेस्ट यूपी से चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। भाजपा ने रैली को भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह नाम दिया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने ...

सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। भारतीय राजनीति के पुरोधा श्री आडवाणी ने सात दशकों से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है। आपातकाल ने भारत के लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया था तब उनके अंदर के अदम्य योद्धा ने इसे अधिनायकवादी प्रवृत्तियों से बचाने में मदद की।

बाद में श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से समानित किये जाने के अवसर पर मौजूदा रहना बहुत विशेष है। यह सम्मान राष्ट्र की प्रगति में उनके निरंतर योगदान को पहचान देना है। जन सेवा के प्रति समर्पण और आधुनिक भारत को आकार देने में उनकी केन्द्रीय भूमिका ने इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। पिछले कई दशकों तक उनके साथ कार्य करने का अवसर मेरे लिए गौरव की बात है।

अब लोकसभा में भी ...

विष्णुदेव साय ने यह हुंकार भरी। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी ने विधानसभा चुनाव में भाजपा पर विश्वास कर केशकाल में भाजपा का विधायक बनाया, जिसके लिए आप सभी का आभार और अब लोकसभा में भी भाजपा प्रत्याशी को जिताकर केंद्र में फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री पद पर आरूढ़ कराना है। जिससे कि हम सभी गर्व से कह सकें कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में कांकेर लोकसभा का भी भरपूर सहयोग रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनते ही रायपुर से जगदलपुर रेल्वे लाइन के विकास पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा, क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी निदान होगा और केशकाल में हाईवे सड़क का उच्चस्तरीय विकास किया जाएगा।

जल संग्रहण के नवाचार ने ...

माइकल सदानंद बैपटिस्ट को अपनी पैतृक कृषि भूमि पर कई अन्य लोगों के समान स्थिति का सामना करना पड़ा। शहर के पास छह एकड़ के बड़े भूखंड के साथ, उनका परिवार अपनी आजीविका के लिए अपने कॉफी बागानों पर बहुत अधिक निर्भर था। वर्ष 2001 में भीषण सूखे ने उनकी फसलों और वित्तीय स्थिरता को खतरे में डाल दिया। ऐसी विकट परिस्थितियों में, सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बोरवेल खोदना ही एकमात्र विकल्प था।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम...

उन्होंने कहा, यह अभिनव डिजाइन न्यूनतम रखरखाव आवश्यकताओं के साथ वर्षा जल के कुशल निस्पंदन की अनुमति देता है।÷ दूसरी ओर, वी-वायर इंजेक्शन तकनीक विशेष रूप से कृषि उपयोग के लिए तैयार की गई है जो जमीन में गहराई तक प्रवेश करता है, जिससे भूमिगत जल स्रोतों का कुशल पुनर्भरण सुनिश्चित होता है।

दोनों प्रौद्योगिकियां स्वदेशी डिजाइन न्यूनतम रखरखाव आवश्यकताओं के साथ विभिन्न वर्षा स्थितियों में काम करने में सक्षम हैं। माइकल इस बात पर जोर देते हैं कि सिस्टम स्थापना के बाद कम से कम 20 वर्षों तक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकते हैं, जो उनकी दीर्घकालिक स्थिरता और विश्वसनीयता पर प्रकाश डालता है।

महतारी वंदन के नाम पर भाजपा ने किया छल : राज मरकाम

कोंडागांव/नवप्रदेश। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोंडागांव श्रीमती राज मरकाम ने महतारी वंदन योजना को लेकर साय सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि साय सरकार सास बहू में माँ बेटी में देवरानी जेठानी में फूट डालने का काम कर रही है। चुनाव के पूर्व महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरवाते समय भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नेताओं ने बड़े बड़े मंचों से कहा सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा चाहे वो कलेक्टर की पत्नी हो या भूपेश बघेल की पत्नी सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा सरकार बनते ही ये भाजपाई बात पलट गए और कई नियम कानून बनाकर क्राइटेरिया बनाकर प्रदेश की

माताओं बहनों के साथ छल किया। फिर क्राइटेरिया में आने वाली सभी माता बहनों ने जब फॉर्म भरा तो सही प्रूफ होने के बाद भी एक को मां और एक को मौसी का बना दिया बहू को मिल रहा तो सास को नहीं माँ को मिल रहा तो बेटी को नहीं देवरानी को मिल रहा तो जेठानी को नहीं ये कैसा महतारी वंदन है ये कैसा न्याय है? आपस में फूट डालने का काम कर रही साय सरकार वास्तव में अगर महिलाओं को महतारी समझ कर वंदन करना चाहती है तो पक्षपात बंद करें और सभी महिलाओं के खाते में 1-1 हजार रुपए प्रति माह दे चुनाव रिजल्ट के अगले महीने से देनी चाहिए वास्तविकता तो यह है सरकार की नीयत सही नहीं है

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर
जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़

ईश्तहार

लखनपुर, दिनांक 19.03.2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम- कोसंगा
तहसील- लखनपुर

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगत सिंह आ. स्व. एतवार साय निवासी ग्राम कोसंगा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने दादा स्व. सियम्बर की मृत्यु दिनांक 03.03.1984 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रिज. नियम 2001 के नियम (3) के तहत् मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 19.04.2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 19.04.2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील **नायब तहसीलदार लखनपुर**

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर
जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़

ईश्तहार

लखनपुर, दिनांक 19.03.2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम- कोसंगा
तहसील- लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा राम आ. स्व. शिवराम निवासी ग्राम कोसंगा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने पिता स्व. शिवराम की मृत्यु दिनांक 09.09.2002 को हो जाने से जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रिज. नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 19.04.2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 19.04.2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील **नायब तहसीलदार लखनपुर**

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर
जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़

ईश्तहार

लखनपुर, दिनांक 19.03.2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम- कोसंगा
तहसील- लखनपुर

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनमोहन मानिकपुरी आ. फेकू दास निवासी ग्राम कोसंगा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने दादा स्व. नामिक दास की मृत्यु दिनांक 25.06.1995 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की थारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रिज. नियम 2001 के नियम (3) के तहत् मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 19.04.2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 19.04.2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील **नायब तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

रानी मंदिर में मनाई रंगपंचमी

छुईखदान (राजनांदगांव)/नवप्रदेश। रियासत कालीन प्राचीन रानी मंदिर छुईखदान में चैत्र कृष्ण पक्ष शनिवार 30 मार्च को रंगपंचमी उत्सव पर भक्तों द्वारा भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी , भगवान भोले शंकर सहित पूजा स्थल पर समस्त देवताओं को रंग गुलाल लगाकर , लाल फूल दशमत, श्रीफल भेंट किया गया। राजपरिवार की बहू श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव संरक्षक मंदिर समिति ने बताया कि प्रत्येक तीज त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाते हैं। शनिवार 30 मार्च को रंगपंचमी पर भगवान श्री राधाकृष्ण जी को गुलाल लगाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर, प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर रंगपंचमी पर्व के महत्तम की जानकारी देते हुए वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने भगवान भोलेशंकर मां पार्वती जी एवं भगवान श्री राधे कृष्ण की कथा को बताया एवं रंगपंचमी पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। भक्तों में प्रहलाद महोबिया, भारती यादव , नंदिनी यादव, योगेश महोबिया , पुजारी अनिल रानी मंदिर , लाल सूर्याशीष वैष्णव , कु. भूमि पायल यादव अरविन्द शर्मा , मीरा महोबिया रिमझिम, पल्लवी चंदेल , अमित सोनी , हर्ष यादव , खुमेश यादव, प्रियांशी बैस सहित छोटे बच्चे उपस्थित थे।

बाबा साहेब सेवा संस्था ने दिव्यांग अनीता को भेंट की व्हीलचेयर

कोंडागांव/नवप्रदेश। बाबा साहेब सेवा संस्थान ने दिब्यांग अनीता मंडावी के घर गुरुवार को संध्या 7 बजे पलारी डोंगरीपारा में जाकर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से दिव्यांग को व्हीलचेयर भेंट किया। अनीता मंडावी जो चलने-फिरने देखने में असमर्थ है। जो प्रेमचंद नेताम, विराज नाग, के माध्यम से बाबा साहेब सेवा संस्था को पता चलते ही जिला प्रशासन के सहयोग से व्हीलचेयर भेंट किया। इस कार्यक्रम में सहयोगी प्रेमचंद नेताम, विराज नाग, बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारीयों के द्वारा उनके घर में जाकर भेंट किया इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, ओम प्रकाश नाग, संदीप कोर्राम, अनिल कुमार भारती, रमेश, दिव्यांग

कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशी धमतरी के मतदाताओं को रिझाने में जुटे

महासमुंद लोकसभा

धमतरी/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। खासकर दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी धमतरी विधानसभा पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू एवं भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी कार्यकर्ता सम्मेलन कर चुके हैं वहीं बैठकों का दौर भी लगातार जारी है । महासमुंद लोकसभा में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

महासमुंद लोकसभा सीट से पिछले तीन बार से बीजेपी जीत दर्ज कर रही है। यहां साल 2009 से बीजेपी के उम्मीदवार जीत दर्ज करते आ रहे हैं। इस बार यहां बीजेपी ने महिला उम्मीदवार को टिकट दिया है. जबकि कांग्रेस ने साहू वोट बैंक में सेंध लगाने के लिहाज से ताम्रध्वज साहू को मैदान पर उतारा है। महासमुंद लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ की सबसे

पुरानी लोकसभा सीट है। इस क्षेत्र में कभी कांग्रेस का दबदबा था। लेकिन बीते डेढ़ दशक से बीजेपी ने यहां पर कब्जा जमा रखा है, बीते तीन लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने यहां पर लगातार जीत दर्ज की है. कांग्रेस इस सीट पर इस बार वापसी करने की कोशिश करेगी। महासमुंद से इस बार बीजेपी ने रुपकुमारी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। जबकि कांग्रेस ने ताम्रध्वज साहू को मैदान पर उतारा

है। रूपकुमारी चौधरी महासमुंद के बसना की रहने वाली हैं। वे यहां साल 2013 में विधायक भी रह चुकी हैं। महासमुंद को छत्तीसगढ़ की राजनीति का प्रमुख केंद्र माना जाता रहा है। यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता विद्याचरण शुक्ल सात बार सांसद रहे हैं। श्यामा चरण शुक्ल और अजीत जोगी जैसे दिग्गज कांग्रेस नेता भी महासमुंद लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। लेकिन उसके बाद साल 1998 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के चंदूलाल साहू ने कांग्रेस से ये सीट छीन ली। उसके बाद से बीजेपी यहां रेस में आ गई। हालांकि 1999 और 2004 में कांग्रेस की यहां पर जीत हुई। लेकिन उसके बाद से लगातार बीजेपी का इस सीट पर कब्जा है।

महासमुंद लोकसभा सीट में कुल आठ विधानसभा आते हैं। इसमें सरायपाली , बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, बिंद्रानवागढ़, कुरुद और धमतरी की सीटें शामिल हैं।

सांसदों ने की धमतरी की उपेक्षा

धमतरी विधानसभा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र का एक अहम हिस्सा है। चुनाव परिणामों में इस क्षेत्र की अहम भूमिका रहती है। लेकिन इसे विडंबना ही कहे कि पिछले कई साल से यह विधानसभा क्षेत्र उपेक्षित रहा है। सांसद चाहे चंदूलाल साहू हो या चुन्नीलाल साहू या उससे पहले जितने भी सांसद हुए सभी ने धमतरी विधानसभा की उपेक्षा की। धमतरी क्षेत्र की जनता की हालत तो ये थी कि वे अपने सांसद को पहचानते भी नहीं थे। सांसद चुन्नीलाल साहू इसके स्पष्ट उदाहरण थे। वे धमतरी कब आते थे कब जाते थे लोगों को पता ही नहीं चलता था। लेकिन चुनाव आते ही दोनों पार्टियां बड़े-बड़े दावे करने लगते हैं। पूरी ताकत धमतरी विधानसभा में ही लगा देते हैं। वर्तमान में महासमुंद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू एवं भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी दोनों धमतरी में कार्यकर्ता सम्मेलन कर चुके हैं । दोनों लगातार बैठकें लेकर माहौल को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं।

3 बछड़ों को कत्लखाना ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा संदिग्ध वाहनों एवं अवैध तस्करी पर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। जिस पर सभी थाना प्रभारियों द्वारा सतत् निगाह रख लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य मुखबिर से सूचना मिली की नीला रंग के टाटा एस क्र.सी.जी.19 बी.एफ.9863 में 3 नग बछड़े को कत्लगाह ले जाते पुलिस ने पकड़ा। बछड़ों को धमतरी से ग्राम छापरपारा ले जाया जा रहा था। सूचना पर हमराह स्टॉफ के नाकाबंदी कर रोक कर चेक किया गया जिसमें वाहन चालक एवं साथ में बैठे व्यक्ति का नाम पूछने पर वाहन चालक ने अपना नाम रोशन साहू पिता विष्णु राम साहू उम्र 24 वर्ष साकिन रावनगुड़ा तथा साथ में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम नीलकंठ उर्फ नीलू साहू पिता ईश्वर राम साहू उम्र 40 वर्ष साकिन धौराभाठा थाना अर्जुनी जिला धमतरी का रहने वाला बताया।पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने से आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर धारा 4.6.10 छ.ग.कृ.पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध पाये जाने से आरोपीगण के विरूद्ध अपराध कायम किया गया एंव गवाहों का कथन भी लेखबद्ध किया गया है। उक्त वाहन में 03 नग पशुओं का परिवहन करने के संबंध में को वैध दस्तावेज नहीं होना लिखित में देने से उक्त 03 नग पशुओं एंव घटना में प्रयुक्त वाहनों को जप्तकर आरोपियों पर धारा 4,6,10 छ.ग.कृ.पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960के तहत के तहत आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। जप्तशुदा 3 नग पशुओं का पशु चिकित्सा अधिकारी केरेगांव से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी केरेगांव सउनि. प्रदीप सिंह, प्रआर. कांति लाल साहू, डिकेश सिन्हा, आर. शक्ति सोरी, डीएसएफ. आर.रमेश सोनबेर का विशेष योगदान रहा।

भोजराज को जिताने का लिया संकल्प

नगरी/नवप्रदेश। मगरलोड मंडल की आवश्यक बैठक शनिवार 30 मार्च को ग्राम करेली छोटी में रखा गया था। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग को भारी मतों से विजयी बनाने और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने बूथ स्तर में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि इस बार प्रदेश की सभी 11 सीट को हम जीतेंगे और फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। विकास मरकाम ने कहा कि हम लोकसभा चुनाव के लिए आज से ही अपने बूथ पर जुट जाएं और एकजुटता के साथ अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्य करें। भाजपा के जिला के मंत्री एवं मगरलोड मंडल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा ने कहा कि आप सब कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से इस प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनी है। आने वाले समय में हमें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी भोजराज नाग को

विजय बना कर के कांकेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनाना है। उपरोक्त अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा, सह प्रभारी भीखम सेन, मंडल अध्यक्ष विजय यदु, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल यदु महामंत्री एवन साहू,महामंत्री रामायण सिन्हा,अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जनपद सदस्य हिरामन ध्रुव, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित यादव, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कविता यादव,मंडल उपाध्यक्ष टीकम साहू, चित्रसेन प्रजापति, खिलेश साहू, सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव, अनूसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष भगत मारकंडे,वरिष्ट कार्यकर्ता डिहू राम साहू, अशोक साहू, बेदम चौहान, मंडल मंत्री मनोरमा साहू, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष गैंदा बाई, करेली छोटी सरपंच आरती खोज नागरची,मंडल भाजयुमो उपाध्यक्ष मुरली सिन्हा, भाजयुमो मंत्री राजेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष निर्मल साहू, सुरेश चेलक,कोमल दीवान, पुराणिक ध्रुव, फग्गू लाल, वासु साहू, धनेश्वर साहू, नंदकुमार साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

महाराष्ट्र मंडल में खेली गई फूलों की होली

■ रोचक खेलों ने समारोह को बनाया मनोरंजक

रायपुर/नवप्रदेश। कई रोचक खेलों और अबीर- गुलाल की मस्ती के साथ महाराष्ट्र मंडल का होली मिलन समारोह यादगार बन गया। चौबे कालोनी स्थित मंडल भवन में शुक्रवार को आजीवन सभासदों ने गुलाल और फूलों की पंखड़ियों से होली खेली। कार्यकारिणी सदस्य अपर्णा देशमुख ने अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन और महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल कालेले के सम्मान में कविता की चंद लाइनें पढ़कर कवितामय वातावरण बना दिया। रंगोत्सव की रोचकता को बनाए रखने के लिए सबसे पहले कपल कुर्सी दौड़ में प्रतिभागियों ने जीतने के लिए खूब जोर लगाया। यह कुर्सी दौड़ भिन्न नियमों के कारण विशेष था। यही वजह है कि इस खेल के नियमों को बताने और समझाने में काफी समय लगा। इसके बावजूद सभी ने इसमें उत्साह से भाग लिया। क्रीड़ा समिति की प्रमुख गीता दलाल ने एक अन्य खेल के बारे में बताया कि इसमें सभी प्रतिभागियों को आमने- सामने खड़ा किया गया। इसके बाद एक चुनरी किसी प्रतिभागी को दी गई। उस प्रतिभागी के जोड़ीदार को दूसरे प्रतिभागी के साथ में रखना था। बज रही घंटी के रुकने के साथ अगर प्रतिभागी चुनरी दूसरे के हाथ में नहीं दे पायए, तो वे एक के बाद एक गेम से बाहर होते चले गए।

बूथ विजय संकल्प अभियान, विधायक चंद्राकर ने सिलघट से की शुरुआत

कुरूद/नवप्रदेश। शनिवार 30 मार्च को बीजेपी ने एकदिवसीय बूथ विजय अभियान की शुरुआत की है। जहां लोकसभा चुनाव संकुल प्रभारी और कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने सिलघट से भाजपा के बूथ विजय अभियान की शुरुआत की। इस दौरान चंद्राकर ने यहां भाजपा का झंडा लगाया।

बूथ विजय अभियान के मौके पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि, पूरे प्रदेश में भाजपा के आह्वान पर बूथ विजय अभियान का शुभारंभ हो रहा है। इसमें हर घर में भाजपा का झंडा लगाना है और अपने अपने बूथ में भाजपा को जिताने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि, बूथ विजय संकल्प अभियान देश भर में भाजपा का झंडा लहराने का आगाज है। 2024 चुनाव में पूरे देश में भाजपा के सुशासन का झंडा लहराने वाला है। मोदी सरकार के नेतृत्व में सुशासन स्थापित करते हुए देश ने नए आयाम स्थापित किए हैं और पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

गुरु-शिष्य की मर्यादा तोड़ने वाले शिक्षक को 20 साल की सजा

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में शनिवार 30 मार्च को दोषी शिक्षक को 20 साल की सजा सुनाई है। शिक्षक ने अपने ही स्कूल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था।

यह प्रकरण वर्ष 2023 में पिपरिया थाना क्षेत्र का है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012) उदयलक्ष्मी सिंह परमार ने दिया है। कोर्ट से मिली जानकारी अनुसार, दोषी कुंजबिहारी हाठिले (उम्र 42) पिता भजराम, निवासी रायपुर-बाईपास कवर्धा जिला कबीरधाम ने 6 दिसंबर 2022 से 20 फरवरी 2023 के बीच अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही वह बच्ची को ऑनलाइन पढ़ाई कराने के नाम पर अश्लील वीडियो भेजता था।

जब घर वालों ने मोबाइल को देखा तो पूरा भंडाफूट गया। परिजनों की शिकायत पर पिपरिया थाने में 21 फरवरी 2023 को मामला दर्ज किया गया। कोर्ट में चली सुनवाई के बाद दोषी को 20 साल की सजा व एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि कुंजबिहारी द्वारा पीड़िता के शिक्षक होते हुए विद्यालय में उसके साथ न सिर्फ लैंगिक शोषण का किया गया है, बल्कि पीड़िता को भावनात्मक रूप से प्रभाव में लेकर उसे भविष्य के सपने दिखाते हुए उसके साथ लैंगिक शोषण का कार्य किया।

कुंजबिहारी ने न सिर्फ गुरु शिष्य के संबंध को बदनाम किया है बल्कि विद्या के मंदिर विद्यालय के माहौल को भी दूषित किया है। अगर विद्या के मंदिर में शिक्षक ही बच्चों के साथ लैंगिक शोषण करने लगेंगे तो समाज में बच्चे कहां सुरक्षित होंगे। प्रकरण की परिस्थिति, अपराध की गंभीरता एवं सामाजिक प्रभाव को देखते हुए कुंजबिहारी को अपराध में 20 वर्ष के सश्रम कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। वहीं इस मामले के पुलिस ने स्कूल के एक अन्य शिक्षक विजय कुमार (उम्र 52) पिता बंधनदास जनार्दन, निवासी ग्राम धौराबंद थाना पिपरिया को संबंधित धारा के तहत आरोपी बनाया था, जिसे कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

अधिकारी-कर्मचारियों के बीच रस्सा-कसी स्पर्धा मिनी स्टेडियम में आज

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर रखते हुए जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने एवं मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिकोण से स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत 1 अप्रैल 2024 को अंतविभागीय खेल रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम बीजापुर में किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में अधिकारी-कर्मचारी भाग लेंगे। रस्सा-कस्सी टीम के प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित की गई है। सभी प्रतिभागियों को 01 अप्रैल सुबह 10:00 बजे मिनी स्टेडियम में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

कर्म का परिणाम भोगना ही पड़ता है: भाई श्याम सुंदर

भटगांव/नवप्रदेश। ब्लाक मुख्यालय बिलाईगढ़ के नजदीक स्थित ग्राम बांस उरकुली में दो दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस शुक्रवार 29 मार्च को डोलकुमार जायसवाल, पवनदास महंत, पंचराम साहू, शिवकुमार वैष्णव, मोहितराम यादव, प्रवीण सोनी, नवधा पटेल, अशोक चंद्रा, श्यामलाल पटेल,बाबूलाल यादव और कुमारी निकिता आदि ने भजनों के साथ मानस गायन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। रामाधीन यादव, चैतू राम राकेश, रूपनाथ ध्रुव और विद्या भूषण बांसवार ने रामकथा का श्रवण कराया। रूपनाथ ध्रुव ने कहा कि बच्चे हमेशा देखकर सीखते हैं, सुनकर नहीं। सुनाकर, उपदेश देकर छोटे बच्चों को नहीं सिखाया जा सकता। इसलिए माता-पिता बच्चों

के सामने हमेशा सही काम करते हुए पेश आएं। यह बच्चों के लिए,परिवार व समाज के लिए ठीक होगा। विद्या भूषण बांसवार ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देना चाहिए, ताकि बड़े होकर अच्छे नागरिक बनकर अपना, अपने परिवार व देश समाज के लिए वह अच्छा कार्य करें। हर बच्चों को पालकगण प्रतिदिन स्कूल जरूर भेजें।

ट्रांस महानदी क्षेत्र के प्रमुख रामायणी भाई श्यामसुंदर पटेल ने भी कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि इस संसार में मनुष्य शरीर मिलने के बाद व्यक्ति जैसा कर्म करता है उसका फल उसे कभी न कभी अवश्य भोगना पड़ता है। अच्छे कर्म का अच्छा फल व बुरे कर्म का बुरा फल मिलता है। व्यक्ति अपने ही किए कर्मों का फल भोगता है। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदासजी लिखते हैं कि--- काहु न कोउ सुख-दुख कर दाता। निज कृत कर्म भोग सब भ्राता।। कर्म प्रधान विश्व करि राखा। जो जस करइ हो तस फल चाखा। जब अच्छे कर्मों का अच्छा फल मिलता है और बुरे कर्म अंततः व्यक्ति के लिए दुखदाई होता है, तो व्यक्ति को सोच विचार कर अच्छे कार्यों को करना चाहिए। जिससे परिवार देश व समाज का भला हो।

उन्होंने कहा कि जीव अनादि काल से विभिन्न योनियों में भटकते आ रहे हैं। भगवान उसे कभी कृपा करके मानव तन प्रदान करते हैं, ताकि व्यक्ति अपने अंतिम लक्ष्य भागवत्प्रेम को प्राप्त कर लें। मनुष्य शरीर में उपासना, भक्ति आदि करके व्यक्ति भगवत्प्राप्ति या भागवत्प्रेम को प्राप्त कर सकता है।

अधिकारियों ने जानी ईव्हीएम और वीवीपैट कमीशनिंग की बारीकियां

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रथम चरण में ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान कार्य किया जाएगा। इसके लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इनमें बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन का कमीशनिंग किया गया। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग कार्य में नियुक्त अधिकारियों को पूरी ईमानदारी से कार्य करने कहा।

उन्होंने सभी से अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अगले प्रशिक्षण के लिए फीडबैक लिये। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमिशनिंग कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। उन्होंने कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों को उन्होंने आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। कमीशनिग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। टीम भावना के साथ समय का अनुपालन करते हुए कार्य सुनिश्चत करेंगे। प्रत्येक मशीन के लिए चेक लिस्ट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की तकनीकी जानकारी और मतदान प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा सहित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी

मोदी सरकार ने देश को कर्ज में डुबोया : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज लेने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आजादी के बाद से वर्ष 2014 तक, 67 सालों में देश पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ था। पिछले 10 वर्ष में अकेले मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 205 लाख करोड़ पहुंचा दिया। मोदी सरकार ने लगभग 150 लाख करोड़ कर्ज लिया बीते 10 साल में। आज देश के हर नागरिक पर लगभग डेढ़ लाख का औसत कर्ज बनता है। मोदी सरकार बताये कि इतने बड़े कर्ज का यह पैसा राष्ट्रनिर्माण के किस काम में लगा?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिस बड़े पैमाने पर कर्जा लिया गया क्या उसी

बड़े पैमाने पर नौकरियाँ पैदा हुई? नहीं हुई हकीकत में 10 सालों में दरअसल नौकरियाँ तो गायब हो गई? न किसानों की आमदनी दोगुनी हो गई? न स्कूल और अस्पताल चमक उठे? इसके अलावा पब्लिक सेक्टर कमजोर कर दिया गया? न ही बड़ी-बड़ी फ़ैक्ट्रियाँ और उद्योग लगाये गये? फिर मोदी सरकार ने कर्जा क्यों लिया? अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर्स में बदहाली देखी जा रही है, अगर श्रम शक्ति में गिरावट आई है, अगर छोटे-मध्यम कारोबार तबाह कर दिए गए - तो आखिर यह पैसा गया कहाँ? किसके ऊपर खर्च हुआ? इसमें कितना पैसा बट्टे खाते में गया? बड़े-बड़े खरबपतियों की कर्जमाफी में कितना पैसा गया? मोदी सरकार जवाब देने की स्थिति में नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अब सरकार नया कर्ज लेने की तैयारी कर रही है तो सवाल उठता है कि पिछले 10 साल से आम जनता को राहत मिलने की बजाय जब बेरोजगारी, महंगाई आर्थिक तंगी का बोझ बढ़ता ही जा रहा है तो भला भाजपा सरकार जनता को कर्ज में क्यों डुबो रही है?

महुआ बीनने में जुटे ग्रामीण, जंगलों में आग न लग जाए, विभाग मुस्तैद

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। लघु वनोपज में महुआ फूल संग्रहित किया जाना वनवासी ग्रामीणो के ख़ास पेशे में हैं। सीजन में महुआ संग्रहित करना आर्थिक आय का अच्छा जरिया है। इससे लोगों को अच्छा मुनाफा हो जाता है।

वन परिक्षेत्र लखनपुर अन्तर्गत आने वाले तमाम सर्किलों के जंगलो में बसे गांवों के लोग इन दिनों महुआ बीनने कार्य में जुटे हुए नजर आने लगे हैं। सुबह से शाम तक ग्रामीण इलाकों के महिला, पुरुष, बच्चे बुजुर्ग महुआ पेड़ों के नीचे बिनौला इकठ्ठा करते हुये समय गुजार रहे हैं। महुआ आर्थिक आय का अच्छा जरिया है। मौजूदा वक्त में महुआ 30-40 रूपये प्रति किलो ग्राम तक बेचीं खरीदी जा रही है। लोगों को अच्छा आमदनी हो रहा है। महुआ सुखने के बाद किमत में और तेजी आने की बात कही जा रही है। कच्ची शराब बनाने के उद्देश्य से लोग महुआ को एकत्रित कर घरों में रखते है। बाद में शराब बनाकर बेचते एवं पीते है। महुआ के सीजन में अक्सर जंगलों में आग लगने की शिकायत रहती है । लिहाजा वन विभाग पूरी सतर्कता बरत रही है। दरअसल महुआ पेड़ के नीचे साफ-सफाई करने के मकसद से ग्रामीण सुखी पतियों में आग लगा देते हैं। जिससे जंगल के जंगल दावानल में जलकर भस्म हो जाते हैं। झुलसने कारण सबसे ज्यादा क्षति तैयार होने वाले छोटे नवजात पौधों को होता है। महुआ बीनने के दौरान जंगलों में आग न लगे इसको लेकर वन विभाग पूरी एहतियात बरत रही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेरी लीला लकड़ा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा महुआ संग्रहित करने के दौरान जंगलों में आग न लगायें निगरानी करने हिफाजती दस्ता परिक्षेत्र के बीटों में तैनात किये गये हैं। साथ ही महुआ बीनने वाले लोगों को वनों को आग से रक्षा करने समझाइश दी जा रही है। साथ ही फायरवाचर भी लगायें गये हैं। जिससे पेशतर से पेशतर आग पर काबू पाया जा सके। फिलहाल जगलों में छोटी मोटी आग की घटना को छोड़कर बड़े आगजनी होने की खबर नहीं है।

गांवों में दीवार लेखन से कर रहे मतदाताओं को जागरूक

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के सभी मतदाताओं को मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए जागरुक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज के निर्देशन में विभिन्न ग्राम पंचायत अंतर्गत गाँव-गाँव में दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत सोंठी, परसदाखुर्द, हरदा और जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत ग्राम धिमनी, परसा, आडील, दर्राभाठा, कर्रापाली, जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरली, रायपुरा, किकिरदा और इसी प्रकार जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत विभिन्न गांवों में दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा गाँव-गाँव में जमीनी स्तर पर आमजन को ज्यादा से ज्यादा मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये है। जिसके तहत मैदानी अमलो द्वारा विभिन्न स्वीप गतिविधियाँ जिले में संचालित करते हुए लोगो को जागरुक किया जा रहा है।

सट्टा-पट्टी के साथ सटोरिया गिरफ्तार

अवैध कारोबारियों पर पुलिस हुई सख्त, कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। पदस्थापना के बाद तत्काल पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा ने सभी थाना क्षेत्रों के संचालित किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं, और जुआ सट्टा खेलने खिलाने वालों के विरुद्ध कठोर करवाई किए जाने की हिदायत थाना प्रभारियों को दी है। इसका पर्यवेक्षण अतरिक्त पुलिस अधीक्षिका रमा पटेल के द्वारा सतत किया जा रहा है, और एसडीओपी मनीष कुंवर इस अभियान का नेतृत्व अनुभाग में कर रहे हैं। इसी क्रम 29 मार्च की शाम को नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के द्वारा सट्टे की कार्रवाई के लिए नगर में पुलिस पेट्रोलिंग टीम भेजी गई थी की टीम ने वार्ड नंबर 2 में मुखबिर सूचना के आधार पर रेड करके राकेश बंटी अग्रवाल, पिता- रामकुमार अग्रवाल, 39 वर्ष, निवासी-वार्ड नंबर 2 को पकड़ा गया जिसके पास से सट्टा की पर्चियां बरामद होने पर उनको जपती करके छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार करवाई की गई।

इसी तरह पुलिस की दूसरी टीम ने स्टेशन पारा निवासी सुनील यादव सुनील बिहारी के पास से मोबाइल में रुपये पैसे का दांव लगवाकर सट्टा खिलाए पाए जाने पर, उसके पास से मोबाइल की जपती की गई, और आरोपी सुनील कुमार यादव, पिता- हरेराम यादव, 36 वर्ष, रेल्वे कॉलोनी सकती के विरुद्ध भी छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार करवाई की गई। उक्त व्यक्ति के मोबाइल और बैंक अकाउंट को परीक्षण कराया जा रहा है जिसके आधार पर जानकारी प्राप्त कर आगे कारवाई की जाएगी. दोनों आरोपियों को कारवाई और गिरफ्तारी के बाद न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जहां से न्यायालय के आदेश पर उनको जेल दाखिल कर दिया गया। पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा ने सख्त चेतावनी दी है, की जुआ सट्टा में जो भी व्यक्ति सलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मोबाइल से या ऑनलाइन सट्टा जुआ खिलाने वालों के मोबाइल और बैंक अकाउंट का परीक्षण करके उनको फ्रीज कराया जाएगा, और जिनकी भी संलिप्तता इसमे पाई जाएगी, उनके विरुद्ध भी कारवाई की जायेगी। इस कारवाई मे थाना सक्ती के प्रधान आरक्षक अजय कुरेय, संजीव शर्मा, आरक्षक मनोज लहरे, एकेश्वर चन्द्र, यादराम चन्द्र, श्याम गाबेल. वज्रसेन, गोपेश्वर, आफसा परवीन कि महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रचार-प्रसार में जुटी पार्टियां

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में जहां आचार संहिता लागू हो गई है विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता नेता मतदाताओं को लुभाने में जुटने लगे है। भारतीय जनता पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव समर में कूद पड़ी है। वही प्रमुख पार्टी कांग्रेस बिना सेनापति के रण में उतरते नजर आ रही है। दोनो प्रमुख पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है, किन्तु जिले मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पद अब तक खाली है। भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर जहां पूरी तरह से अपनी तैयारियां करने में जुट गई है। आचार संहिता के पहले प्रत्याशी की घोषणा कर चुनाव कार्यालय खोलकर चुनावी रण में पूरा दमखम लगा रही है और लगातार संगठन के बैठकों का दौर कर गांव-गांव में दौरा कर प्रचार-प्रसार में जुट गई है। वही प्रमुख विपक्षी पार्टी में न तो अब तक जिला अध्यक्ष की नियुक्ति नही हो पाई है। जिले में कांग्रेस संगठन की स्थिति बगैर सेनापति के रण में उतरने जैसी हो गई है। विधानसभा चुनाव के पश्चात से खाली पड़े कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त नही कर पाई है। जिसके चलते लोकसभा चुनाव में पार्टी जीत की दौड मे अभी फिलहाल पिछडते नजर आ रही है। प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही चुनावी प्रबंधन और प्रचार में भाजपा आगे-आगे चल रही है। कलस्टर प्रभारी के साथ ही लोकसभावार संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति कर दी गई है। इनकी देखरेख में चुनाव प्रचार का काम चल रहा है। कांग्रेसी शिविर में उम्मीदवार की घोषणा के तुरंत बाद बिरोध की स्थिति बनने लगी है। भिलाई के विधायक व बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार देवेंद्र यादव के सामने नाराज कार्यकर्ताओं मनाने और काम पर लगाने की चुनौती पहले रहेगी। चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने मुद्दे की तलाश शुरू कर दी है। भाजपा के द्वारा जहां संगठन और सरकार अपने विधायकों के परफार्मेंस एवं राज्य सरकार के मोदी की गारंटियों को भुनाने में लगी हुई है। कांग्रेस विधानसभा स्तर पर मुद्दों की तलाश कर रही है। इस बार के लोकसभा के चुनाव को लेकर मतदाताओ ने अपने पत्ते नही खोले है,किन्तु इस बार जिले के विकास को प्रमुख मुददा बनाया जा सकता है, क्योंकि जिले का विकास कई वर्षो से ठप्प पडा है। कांग्रेस के सर्वमान्य नेता नही होने के कारण जिले के विकास की डोर प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ में रही है। कांग्रेस के शासनकाल में कांग्रेसजन नगर को कन्या महाविद्यालय के छोड़ कोई विशेष उपलब्धिपूर्ण कार्य को फलीभूत नही करा पाये। अब जिलेवासियो को रेल, सिटी बस, आडिटोरियम निर्माण, आगर नदी के किनारे सौंदर्यीकरण एवं चैपाटी, कृषि महाविद्यालय सहित अनेक योजनाएं जमीनी हकीकत की आस है।

ग्राम पुटपुरा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय समीपस्थ ग्राम पुटपुरा में संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन जिसके पहले रविवार को भव्य कलश यात्रा बंगला गुड़ी से कलश लेकर नवा तालाब से जल भर कर माँ मनका दाई के मंदिर पहुंच कर माता से आशीर्वाद लेकर कथा स्थल पहुंची।

वही इस यात्रा में गांव की कन्या और महिलाओ ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। स्व लंबोदर तिवारी,स्व कुमुदनी देवी तिवारी के वार्षिक श्राद्ध एवं मृत आत्मा की शांति लिए यह आयोजन। पुटपुरा के मालगुजार तिवारी परिवार में कराया जा रहा है। कथा वाचक जर्वे हरदी के पंडित रमेश कुमार चौबे है। श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन गणेशादी पीठ पूजन के साथ ही व्यास आयार्च ने श्रीमद भागवत कथा महात्य श्रद्धालुओं को सुनाया। उन्होंने कहा की श्रीमद भागवत कथा श्रवण से मनुष्य जीवन सफल हो जाता है। यह भागवत कथा श्रवण करने का अवसर तब मिलता है जब मनुष्य के अनंत जन्मो का पुण्य उदय होता है तब ही यह कथा श्रवण करने का अवसर मिलता है। कथा श्रवण करने मुख्य यजमान जवाहर तिवारी-चंद्रकांति तिवारी, इंदू शेखर तिवारी, सत्या तिवारी, दीपक तिवारी, मंजू तिवारी, राकेश तिवारी, अन्नी तिवारी,साकेत तिवारी, गोलू तिवारी, नवदीप तिवारी, संजय तिवारी, राधेश्याम शास्त्री, कान्हा तिवारी, शंभू तिवारी, नीति तिवारी, रानू तिवारी,पलक तिवारी, नीति तिवारी, सोनल, स्वाति, आशीष, बोनू तिवारी, नयन तिवारी, सोहवन राठौर, रामयण राठौर, बसंत यादव सुखराम बारेठ, विक्की राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

सीईओ ने दिलाई मनरेगा श्रमिकों को मतदान करने की शपथ

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में रविवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्य के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर श्रमिकों को शपथ दिलाई गई । इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। इस दौरान उन्होंने मतदान केंदो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिपं सीईओ ने जनपद पंचायत बलौदा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बुड़गहन में चल रहे कार्य के दौरान मनरेगा के जॉबकार्ड धारी परिवार के कार्यरत श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान की शपथ दिलाई। इसके अलावा पी एम आवास हितग्राहियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान जनपद पंचायत बलौदा सीईओ आकाश सिंह सहित जिला,जनपद पंचायत स्तरीय अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोज़गार सहायक व ग्रामवासी शामिल रहे।

प्रवचन मानव जीवन में अहंकार ही व्यक्ति के पतन का कारण बनता है, माता-पिता की सेवा एवं सनातन धर्म की रक्षा करना हमारे आदर्श व संस्कार हैं

श्रेष्ठ धर्म का अनुपालन कर जीवन में अहंकार का परित्याग करें- राहुलकृष्णजी

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही जनपद पंचायत के ग्राम कुम्हारी में 28 मार्च से 06 अप्रैल तक पंडित कमला प्रसाद-मीरा चौबे परिवार द्वारा निज निवास में श्री रामकथा महोत्सव का भव्य आयोजन कराया गया है।मर्यादा पुरुषोत्तम राघवेन्द्र सरकार के पावन चरित्र कथामृत का रसपान वृन्दावन धाम से पधारे परम व्यास श्रद्धेय आचार्य राहुलकृष्णजी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी से करा रहे हैं।

कथा के मुख्य यजमान मीरा चौबे,पंडित कमला प्रसाद चौबे व पारिवारिक सदस्य प्रेमवती तिवारी हैं।इस आयोजन को सफल बनाने में चौबे परिवार के सुपुत्र सत्येश चौबे रितेश चौबे एवं पारिवारिक संबंधी जन महत्वपूर्ण कर्तव्यों का निर्वहन करने में समर्पित हैं। व्यास महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि वृन्दा के सतीत्व पतिव्रत धर्म नष्ट होते ही देवताओं से युद्ध कर रहा वृन्दा का पति जालन्धर मारा गया।भगवान विष्णु द्वारा छल किये जाने की जानकारी जैसे ही वृन्दा को लगी तो क्रोधित होकर उसने विष्णु भगवान को पत्थर होने का श्राप दे दिया और कहा जिस प्रकार तुमने छल पूर्वक मुझे पति वियोग दिया है उसी प्रकार तुम भी अपनी पत्नी के छल पूर्वक हरण होने पर पत्नी वियोग सहने के लिए मृत्यु लोक में जन्म लोगे। उनके श्राप के प्रभाव से विष्णु भगवान शालिग्राम पत्थर बन गये।भगवान ने कहा यह तुम्हारे सतीत्व का ही फल है कि तुम तुलसी बनकर मेरे साथ रहोगी और मनुष्य मेरे साथ तुलसी शालिग्राम का विवाह उत्सव मनायेंगे। व्यास जी ने कहा कि सदाचारियों का यह परम् कर्तव्य है श्रेष्ठ धर्म का अनुपालन कर मानव जीवन में अहंकार का परित्याग करे ।मानव जीवन में अहंकार ही व्यक्ति के पतन का कारण बनता है।हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो हमें भगवान के कथा चरित्र को सुनने अवसर प्राप्त हो रहा है।माता पिता की सेवा करना एवं सनातन धर्म की रक्षा करना हमारे आदर्श व संस्कार हैं। भगवान ने विश्वमोहिनी के प्रति आकर्षित नारद मुनि के अहंकार को दूर कर उनके हितों की रक्षा की है।पूज्य श्री ने आगे की कथा में भगवान राम के जन्म लेने के कारणों का वर्णन करते हुए मनमोहक भजनों के साथ श्रीराम जन्मोत्सव का सुंदर कथा चरित्र का वर्णन किया। जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भये अनुकूल।चर अरु अचर हर्षजुत राम जनम सुखमूल ।। जिसे श्रवण कर लेने से ही मिट जाती है जनम जनम की व्यथा वह है राम कथा जय श्री राम कथा कई भजनों व सुंदर दोहे चौपाइयों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस कथा को सुनने ग्रामवासी सहित आसपास के गाँव के भक्तजन भी बड़ी संख्या में पहुँच कर कथा का रसपान कर रहे हैं।वहीं कथा में महिलाएं पुरुष बच्चे एवं वृद्धजन विशेष भागीदारी निभा रहे हैं और कथा व सुंदर सुंदर झांकियों का आनन्द उठा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

लखनपुर सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में खुदकुशी करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में एक युवक की फांसी पर लटकती लाश मिलने से पंचायत में ही नहीं आसपास में सनसनी फ़ैल गई है। ग्रामवासियों की मानें तो जब लोग सबेरे नित्य क्रिया के लिए गांव में बने स्कूल के तरफ़ गये तो देखा एक नवयुवक बबूल पेड़ पर गमछा का फंदा बना फांसी पर लटकें मृत हालत में पड़ा हुआ है। इस हौलनाक हादसे की इत्तिला चौकीदार के जरिए थाना लखनपुर को दी गई। सूचना पर लखनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंच संजय राजवाड़े उम्र तकरीबन 27 साल ग्राम कंठी थाना दरिमा के शव को अपने कब्जे में लेकर मौका मुआयना करते हुए शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो युवक जिस लड़की से विवाह करना चाह रहा था उसके लिए परिजनों ने एतराज जताया था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसी खुन्नस में आकर युवक ने रात फांसी लगा लिया होगा। फिलहाल सूचना पर लखनपुर पुलिस मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है। आगे की कार्यवाही जारी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के वजह का खुलासा हो सकेगा।

मतदाताओं को जागरूक करने निकाली बाइक रैली

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिला से लेकर जनपद पंचायत तक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जनपद पंचायतों में सुबह से ही बड़े उत्साह के साथ ग्रामीण, स्व-सहायता समूह, सामाजिक संगठन की महिलाएं, अधिकारी कर्मचारी पहुंचे। इस दौरान सभी ने साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए नारे भी लगाए। जनपद पंचायत बम्हनीडीह में सायकल रैली का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई और नागरिकों ने मताधिकार का प्रयोग करने शपथ ली। इसी प्रकार जनपद पंचायत पामगढ़ में विशाल मतदाता जागरूकता रैली बोहारिक चौक से डीएवी स्कूल तक निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बाइक मार्च किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत अकलतरा, बलौदा एवं नवागढ़ में भी आयोजन किया गया।

थाना प्रभारी तेजनाथ ने लिया चार्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली थाना मुंगेली में नये थानेदार के रूप में तेजनाथ सिंह पदभार ग्रहण किया गया। इससे पहले तेजनाथ सिंह फास्टपुर में थानेदार के रूप में पदस्थ रहे है। उन्होंने क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही करने की बात कही है।

मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ग्राम कुधुरताल एवं सांवतपुर सहित विभिन्न ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रैली, नुक्कड़-नाटक, चित्रकला, स्लोगन, गायन, क्विज प्रतियोगिता के आयोजन के साथ मनरेगा कार्यस्थल सहित विभिन्न स्थलों में मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

वार्षिक दौरे पर आईजी शुक्ला का लगा दरबार

दिलों में जगह बनाएं, लोगों का भरोसा जीतें-आईजी

थाने में पीड़ितों से करें अच्छा व्यवहार

कोरबा/नवप्रदेश। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला अपने वार्षिक निरीक्षण पर कोरबा पहुंचे थे। उन्होंने रक्षित केन्द्र में परेड की सलामी ली। विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया और फिर दरबार लगाया। महकमें के अफसर कर्मियों से रूबरू होते हुए आईजी शुक्ला ने उनकी समस्याएं सुनी और उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अपनी टीम से मुखातिब होते हुए कहा कि ऐसा काम करें, जिससे लोगों के दिलों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हो। आपसे मदद मांगने थाने पहुंचे पीड़ित से सदैव अच्छा व्यवहार करें।

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला कोरबा के वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उसके बाद पुलिस महानिरीक्षक ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए दरबार का आयोजन किया गया।

दरबार में पुलिस महानिरीक्षक महोदय जिला पुलिस कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों से रूबरू हुए। उनकी समस्याओं के निराकरण करने कार्यवाही का आश्वासन दिया। साथ ही दरबार में थाना चौकी में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों को थाना में आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का उचित निराकरण एवं अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रवींद्र मीणा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रतिभा मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर तथा थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मी पुरस्कृत

परेड निरीक्षण में पुलिस महानिरीक्षक डॉ. शुक्ला द्वारा प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी के टर्नआउट का निरीक्षण एवं टोलीवार परेड कराया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा किट परेड निरीक्षण किया गया। सभी कर्मचारियों से उन्हें प्राप्त किट सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा रक्षित केन्द्र के समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया। वाहन शाखा एवं रक्षित केन्द्र के सभी वाहनों तथा दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इसके पश्चात स्टोर शाखा का निरीक्षण किया। सभी सामग्रियों के रख-रखाव, सही समय पर वितरण हेतु निर्देश दिये, साथ ही आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा साफ सफाई के निर्देश दिए गए।

सर्विस बुक दुरुस्त रखें, अनुकंपा-पेंशन प्रकरण जल्द निपटाएं

इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर उनके शाखाओं के कार्यों की जानकारी ली। जिसमें सेवा पुस्तिका में आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरणों, विभागीय भविष्य निधि, जिले में चल रहे निर्माण कार्यों, बजट की स्थिति, न्यायालय संबंधी प्रकरणों, निलंबित अधिकारी-कर्मचारियों तथा उनके अपील, अवकाश निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली। थाना-चौकी में पदस्थ कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा अनावश्‍यक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए।

लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू का सघन जनसंपर्क

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू का सघन जनसंपर्क जारी है। इसी के तहत आज मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में विधायक पुन्नूलाल मोहले के साथ नगर में जनसंपर्क किया।भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू का नगर के दाऊपारा चैक में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। तोखन साहू एवं पुन्नूलाल मोहले ने दाऊपारा स्थित महामाई मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क प्रारंभ किया। नगर के दाऊपारा, पुलपारा, पुराना बस स्टैण्ड परशुराम चैक, सदर बाजार, गोल बाजार, महावीर स्वामी चैक, नंदी चैक, मां परमेश्वरी चैक, पड़ाव महाराणा प्रताप चैक, कालीमाई गेट से मो. बशीर खान वार्ड, काली मंदिर, रामगढ़ चैक, संजय गोस्वामी निवास होते हुए पुनः पड़ाव चैक पहुँचकर जनसंपर्क समाप्त किया गया। इस अवसर पर पुन्नूलाल मोहले, जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, गिरीश शुक्ला, मोहन भोजवानी, द्वारिका जायसवाल, शिवप्रताप सिंह, लोकनाथ सिंह, प्रेम आर्य, मोहन मल्लाह, संजय वर्मा, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, श्रीकांत पाण्डेय, पंकज सिंह, मिट्ठूलाल यादव, कोटूमल दादवानी, राणाप्रताप सिंह, शंकर सिंह, सोम, प्रद्युम्न तिवारी, मुकेश रोहरा, रामशरण यादव, राकेश साहू, शैलेन्द्र तिवारी, गणेश बाजपेयी, जयप्रकाश मिश्रा, राजीव श्रीवास, राजकुमार वाधवा, शीलू साहू, लक्ष्मी ठाकुर, सरस्वती ठाकुर, अंजना जायसवाल, अमितेश आर्य, महेंद्र खत्री आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

जिले में लगातार गिर रहा जल-स्तर, संवर्धन के उपाय नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में जलस्तर का स्त्रोत लगातार गिरता जा रहा है, सामाजिक सरोकार के साथ-साथ प्रशासनिक पहल ना होने के कारण जिले में हो रहे जल संकट का सामना करने के लिए किसी प्रकार की पहल नजर नहीं आ रही है, आने वाले समय में जिले को जल संकट के दौर से गुजरना पड़ सकता है, जल स्त्रोतों के बचाव के लिए वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाना था, किन्तु दुर्भाग्यजनक बात यह है, कि शासकीय आदेशों का पालन शासकीय कार्यालयों के द्वारा भी नहीं किया गया है।

वर्षा के पानी को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा योजना बनाई गई थी, जिसके तहत निजी एवं शासकीय सभी जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाना था, जिससे वाटर लेबल बना रहे, किन्तु शासकीय उदासीनता के चलते यह योजना भी केवल कागजों पर सिमट कर रह गयी, शासन की इस योजना का क्रियान्वयन शासकीय कार्यालयों में भी नहीं किया जा सका, जिसके चलते जिले में वाटर लेबल हर वर्ष नीचे होते जा रहा है।

वाटर हार्वेस्टिंग बना की नहीं करते जांच - अब वाटर लेवल गिरने से गर्मी में होगी परेशानी शहरी क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग बनाने की शर्त पर ही नगरपालिका के अधिकारी मकान बनाने एनओसी जारी करते हैं। शासन ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है, इसके लिए अमानत राशि तो जमा कराई जाती है, लेकिन कितने लोगों ने बनाया इसका परीक्षण करने के लिए पालिका के इंजीनियर्स के पास समय ही नहीं है, वे परीक्षण करने ही नहीं जाते जिसके कारण लोग घर तो बनवा लेते हैं, लेकिन हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं। पालिका के अधिकारी उन पर कार्रवाई भी नहीं कर सकते क्योंकि पालिका के पास तो वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने का रिकॉर्ड ही नहीं है। नगरीय क्षेत्र में बिना वाटर हार्वेस्टिंग के भवन बनाने की अनुमति भी नहीं दी जानी है। लोगों ने अनुमति ली है, और बाकायदा पालिका में पैसा भी जमा किया है, पर उनमें से कितने लोगों ने अपने घर में हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया है और कितने लोगों का पैसा अभी भी जमा है, यह तक रिकॉर्ड पालिका में नहीं है। पालिका के अधिकारियों के इस गंभीर लापरवाही के कारण ही शहर में बरसात का पानी घरों में रोकने की योजना फेल हो गई है। पालिका के इंजीनियरों ने भौतिक सत्यापन किया ही नहीं। इसी कारण पानी बह रहा है और हर साल गर्मी में शहर का वाटर लेबल डाउन हो रहा है। पिछले साल गर्मी की शुरूआत होते ही मार्च महीने में शहर का जलस्तर 55 से 60 मीटर तक नीचे चला जा गया था।

रिकार्ड बनाने कर्मचारी की थी जिम्मेदारी

लगभग पांच साल से भवन अनुज्ञा के साथ वाटर हार्वेस्टिंग की जिम्मेदारी नपा के कर्मचारी को दी गई थी। परन्तु संबंधित सही जानकारी नहीं मिल रही है, अधिकारी इसकी भी जांच नहीं कर पाए हैं,संबंधित कर्मचारी को बुलाकर महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को भी दुरूस्त कराना उचित नहीं समझा गया है। पिछले पांच वर्षों में ही नपा ने मकान निर्माण के लिए एनओसी दी है उसमें से कितनों ने वाटर हार्वेस्टिंग बनवाएं हैं इसकी स्पष्ट जानकारी ही नहीं है। पांच सालों में सभी अधिकारियों ने मकानों सहित शहर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की बात कही थी लेकिन इस पर भी अमल नहीं हुआ। बकायदा मकान बनाने वालों से वाटर हार्वेस्टिंग के लिए राशि भी जमा कराई गई है। यह राशि लगभग 10 से 15 हजार रुपए तक निर्धारित है। यह राशि वाटर हार्वेस्टिंग कोष में जमा है। मकान मालिकों ने तो राशि जमा कर दी, लेकिन अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनवाया पर विडंबना है कि पालिका ने भी उनकी जमा राशि से किसी के भी घर में वाटर हार्वेस्टिंग बनाने की पहल आज तक नहीं की है।

बैंक खाता फ्रीज करने के विरोध में कांग्रेस की निकली मशाल रैली

जांजगीर/नवप्रदेश। आयकर विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के बैंक खातों को सील किए जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा नियुक्त प्रभारी विवेक सिसोदिया के संयोजकत्व में केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर के नेताजी चौक से संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल तक मशाल रैली निकाली गई। बड़ी तादाद में उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्र की मोदी नेतृत्व वाली सरकार के तानाशाहपूर्ण रवैए के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये बैंक खातों को सील किए जाने को लोकतंत्र की हत्या बताया। कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार की निंदा करते हुए कहा कि जब से उच्चतम न्यायालय द्वारा गुप्त चुनावी चंदा को असंवैधानिक घोषित किए जाने से तिलमिलाई केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा देश की सबसे प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के सभी बैंक खातों को फ्रीज कर लोकसभा चुनाव में भाग लेने से रोकने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेसजनों ने चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट जैसे चुनाव को देखते हुए पार्टी के बैंक खातों के संचालन में लगे पाबंद हटाने के लिए दखल देने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम के प्रभारी व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस को वित्तीय रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) नहीं रह गया है। कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज कर देश के लोकतंत्र को फ्रीज कर दिया है और मुख्य विपक्षी दल के चुनाव लड़ने के रास्ते में डाली जा रही बाधाओं से साफ है कि भारत के दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का दावा झूठ है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के दौरे से कार्यकर्ता रिचार्ज

जांजगीर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट शुक्रवार को जांजगीर चांपा पहुंचे थे। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, सहप्रभारी विजय जांगिड़, लोकसभा प्रत्याशी शिव कुमार डहरिया भी मौजूद थे। बवे आग्रसेन भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। शहर आगमन पर उनका पिछड़ा वर्ग विभाग के कांग्रेस नेताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने छग प्रभारी सचिन पायलट जांजगीर चांपा जिले में पहुंचे हुए थे। उनके आगमन पर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कचहरी चौक में सचिन पायलट सहित कांग्रेस नेताओं का गजमाला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप सहित अनिल राठौर, मुकेश कौशिक, डिगुम्बर यादव, दिलीप कौशिक, लक्ष्मण कौशिक, संस्कार राठौर, अविनाश राठौर, लक्ष्मण कश्यप, अमन राठौर, अमित राठौर, अंकित राठौर, अनुराग राठौर,अखिलेश, सोनू,पंकज, योगेंद्र,देवेंद्र, प्रतिक यादव, राधे यादव, राजा, नीलम, प्रमोद भोले, जगत, भगत, पिंटू, राजाराम, कृष्ण कुमार, देवकुमार, अरविन्द, ललित, संकल्प राठैर सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

धर्म-कर्म | देशभर के साधु बने बाराती, रंगपंचमी पर आयोजन

चांदी की पालकी में निकले बाबा कलेश्वरनाथ

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के पास पीथमपुर में रंगपंचमी पर शाम 4 बजे बाबा कलेश्वरनाथ की बारात निकली। सैकड़ों जटाधारी नागा साधु बाराती बने और साथ चली चांदी से बनी पालकी। सजी-धजी पालकी में बाबा कलेश्वरनाथ विराजे थे। देशभर से पहुंचे नागा साधु हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चल रहे थे। 100 वर्ष पुरानी बारात की परंपरा का गवाह बनने हजारों भक्त पीथमपुर पहुंचे थे। हर किसी में पालकी छूकर आशीर्वाद लेने की ललक थी। इसके साथ ही पीथमपुर में पखवाड़ेभर चलने वाले मेले शुरुआत हुई। यह अंचल का अंतिम मेला माना जाता है।

पीथमपुर के कलेश्वरनाथ मंदिर परिसर में शनिवार को सुबह से शिव उपासकों की भीड़ जुटने लगी थी। देशभर के विभिन्न अखाड़ों से आए नागा साधु बारात में शामिल हुए। दोपहर में चांपा के राजपुरोहित ने पंचमुखी शिवजी की विशेष पूजा शुरू की। शोडसोपचार पूजा एक घंटे चली। इसमें दूध, दही, शक्कर, मधुरस, चंदन, गंगा जल, सिंदूर, चावल, दुर्वा, भस्म, आंक, धतूरा व इत्र अर्पित किया जाता है। मंदिर के भीतर पूजा चल रही थी, वहीं बाहर नागा साधु करतब दिखा रहे थे। नागा साधुओं द्वारा पूजा के बाद बाबा कलेश्वरनाथ को चांदी की पालकी में विराजित कर बारात निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ शिवजी की बारात जैसे ही मंदिर से निकली रंग-गुलाल उड़ने लगा और भोले के जयकारे गूंजने लगे। अखाड़ों के नागा साधु शिवभक्ति में मस्त थे तो भगवान शिव की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब हुए जा रहे थे। पालकी के करीब पहुंचते ही लोग सिक्के और गुलाल चढ़ाकर आशीर्वाद ले रहे थे। बारात को गांव भ्रमण करवाने के बाद बारात शाम ढलने पर नाव घाट पहुंची, जहां नागा साधुओं ने हसदेव नदी में स्नान किया। नदी तट पर गंगा पूजा के बाद बारात वापस मंदिर पहुंची।

1920 से शुरु है परंपरा

बाबा कलेश्वरनाथ की बारात और मंदिर का इतिहास रोचक है। मंदिर परिसर की दीवार पर लगे शिलालेख के अनुसार इस मंदिर का निर्माण संवत् 1755 में हुआ था। बाद में मंदिर का चांपा के जमींदारों ने समय-समय पर नवनिर्माण करवाया। शिवजी की बारात का सिलसिला यहां 1920 के दशक से शुरू हुआ। तब से रंगपंचमी की पूजा चांपा जमींदार परिवार के सदस्य करते आ रहे हैं। जमींदार दादू रामशरण सिंह के समय यह परंपरा शुरू हुई है। बताया जाता है कि पीथमपुर के शिवलिंग स्वयंभू है।

अंचल का अंतिम मेला शुरू

मड़ई मेलों की श्रृंखला में पीथमपुर का मेला अंचल का अंतिम मेला माना जाता है। रंगपंचमी के साथ पीथमपुर में मेला भी शुरु हो गया, जो करीब पखवाड़ेभर तक चलेगा। साल का अंतिम बड़ा मेला होने की वजह से यहां दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। शिवजी की बारात देखने पहुंचे भक्तों ने मेले का आनंद लिया। मेले में सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी। बच्चे, बूढ़े, युवा सभी वर्ग के लोग मेले में खरीददारी करते दिखे। खासतौर पर बच्चों के लिए झूले भी हैं।

न्यूज गैलरी

आईटीबीपी जवानों ने छात्र-छात्राओं को साइकल का वितरण किया

खैरागढ़/नवप्रदेश। आईटीबीपी कटेमा कैम्प द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों को साइकिल का वितरण किया गया । 40वीं वाहिनी आईटीबीपी कटेमा कैम्प द्वारा वनांचल ग्राम कटेमा, महुआडार, बोरला लछना स्थित स्कूली छात्रों को साइकिल वितरण कर ग्रामीणों का स्वास्थय परीक्षण किया गया। सेनानी अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में कैम्प कमांडर श्याम भट्ट ने ग्राम कटेमा में स्कूली ब%चों को साइकिल का वितरण किया । वाहिनी के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ तारकेश्वर नाथ ने ग्राम कटेमा, महुआडार, बोरला और लछना में चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयों का वितरण किया । शिविर मे चिकित्सक डा तारकेश्वर नाथ ने ग्रामीणों को बेहतर और अ%छे आहार का सेवन करने, संक्रमित पानी और म%छर जनित बीमारियों के बारे में जागरूक करते युवाओं को नशे से दूर रहने की समझाइश दी । इस मौके पर ग्रामवासी, ग्राम प्रधान प्रतिमा वर्मा, जन प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, पंचगण सहित आईटीबीपी के अधिकारी और जवान मौजूद रहे ।

महिला शिक्षकों का संगठन ने किया होली मिलन का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के अटल उद्यान में रंगपंचमी की पूर्वसंध्या पर महिला शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र संगठन महिला ब्रिगेड के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मौजूद रही महिला ब्रिगेड की महिलाओं ने सुरीले गीतों, सुमधुर संगीत, फाग की धुनों के साथ थिरकते होली मिलन कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने हास्य व्यंग कविताएं और अपने संस्मरण के गुलाल भी उड़ाए और छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य ,सुवा की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम मे सुनीता ठाकुर, %योति केहरी, नेहा सिंह, गंगा यादव, अनिता जंघैल, पुष्पा खुरासिया, नैना वर्मा, प्रियंका कटरे, वर्षा लिल्हारे, अनिता मेश्राम, सतपुपा देवांगन सहित महिला ब्रिगेड की शिक्षिकाएं उपस्थित थी ।

लाल जी का बयान हास्यास्पद और निर्वाचन नियमों के विपरीत : रूपेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा नेता सुरेश एच. लाल के बयान को हास्यास्पद एवं निर्वाचन नियमों की विपरीत करार देते हुए कहा कि लाल जी ने यह भी प्रमाणित कर दिया है कि भाजपा में भूपेश बघेल के नाम व काम से किस कदर हताशा व्याप्त है। राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि किसी भी प्रत्याशी का निर्वाचन अभिकर्ता नामांकन संवीक्षा के पश्चात ही बनाए जाते हैं, इसके लिए बाकायदा निर्वाचन का संचालन नियम 1961 के कानूनी नियम एवं आदेश के प्रारूप 8 नियम 12 (1) के निर्धारित प्रपत्र में निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी होते हैं, वही विधिमान्य होता है, यदि उन्हें निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त किया गया है तो परिचय पत्र सार्वजनिक करें, क्योंकि वर्तमान समय में भाजपा प्रत्याशी के द्वारा ना तो नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया है और ना ही नामांकन की सवीक्षा हुई है, ऐसी स्थिति में स्वयंभू निर्वाचन अभिकर्ता बनकर बयानबाजी करना निर्वाचन नियमों के विपरीत है। सुरेश एच. लाल जी के यह बयान से यह तो साफ हो गया कि पूरी बीजेपी में भूपेश बघेल के नाम से ही घोर हताशा और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया है जिसके चलते भाजपाई निर्वाचन कार्य प्रणाली की विश्वसनीय के साथ-साथ निर्वाचन नियमों की भी धज्जी उड़ाने में लगे हुए हैं ।

बस्तर और हैदराबाद हवाई मार्ग से जुड़ा, इंडिगो की फ्लाइट शुरू

■ खिले लोगों के चेहरे, पानी से दी गई विमान को सलामी

जगदलपुर/नवप्रदेश। रायपुर जगदलपुर हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट आज से शुरू हो चुकी है. बस्तर पहुंचने पर विमान का वाटर कैनन से स्वागत किया गया. नियमित हवाई सेवा शुरू होने से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है.

छत्तीसगढ़ के नक्सलगढ़ यानी कि बस्तर को लगातार हवाई सेवा के जरिए अलग-अलग राज्यों से जोड़ा जा रहा है. जगदलपुर एयरपोर्ट में विमानों का विस्तार हो रहा है.इस बीच एक बार फिर से उड़ान योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बस्तर को नियमित विमान सेवा की सुविधा मिली है. इंडिगो एयरलाइंस ने जगदलपुर से रायपुर और जगदलपुर से हैदराबाद के लिए नियमित विमान सेवा रविवार से शुरू की है. पहले दिन जगदलपुर पहुंची इंडिगो फ्लाइट का वाटर कैनन से भव्य स्वागत किया गया. विमान सेवा शुरू होने के पहले ही दिन हैदराबाद से जगदलपुर 70 यात्री पहुंचे. वहीं, 73 यात्री जगदलपुर से हैदराबाद के लिए रवाना हुए.

आज से शुरू हुई इंडिगो हवाई सेवा÷ बस्तर से एक और नई फ्लाइट की सौगात मिलने के दौरान इसके स्वागत में जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे. साथ ही इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारी और एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी भी इस दौरान शामिल रहे. इस बारे में बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के ने बताया कि, ÷जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से नियमित सेवा हैदराबाद, जगदलपुर और रायपुर के लिए शुरू हुई है. यह सेवा कमर्शियल लिए शुरू हुई है. यह सेवा कमर्शियल दरों पर शुरू हुई है. इससे बस्तर वासियों को यात्रा करने में काफी सुविधा मिलेगी. इसका लाभ बस्तर के उद्योग और टूरिज्म पर भी काफी अच्छा पड़ेगा. साथ ही विमान सेवा शुरू होने से टूरिज्म की संख्या भी बढ़ेगी. इससे आने वाले समय में बस्तर के युवाओं को रोजगार मिलेगा. इससे बस्तर की दिशा और दशा दोनों में बदलाव आएगा.÷जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से आज से नियमित सेवा हैदराबाद, जगदलपुर और रायपुर के लिए शुरू हुई है. यह सेवा कमर्शियल दरों पर शुरू हुई है. इससे बस्तर वासियों को ट्रेवल करने में काफी सुविधा मिलेगी. इसका लाभ बस्तर के उद्योग और टूरिज्म पर भी काफी अच्छा पड़ेगा. - विजय दयाराम के, कलेक्टर, बस्तर

बता दें कि कुछ दिन पहले ही जगदलपुर को देश की राजधानी दिल्ली से भी जोड़ा गया था. दिल्ली से फ्लाइट जबलपुर होते हुए जगदलपुर पहुंची थी और जगदलपुर पहुंचते ही फ्लाइट का वाटर कैनन से भव्य स्वागत किया गया था. लेकिन अगले ही दिन से इस रुट पर हवाई सेवा का परिचालन नहीं हो रहा है।

भाजपा में कमल निशान ही प्रत्याशी है : संतोष पांडे

■ भाजयुमो की बैठक में संतोष को विजय दिलाने का संकल्प

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी लगातार विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों के तहत कार्यकर्ताओं को चार्ज करने में जुटी हुई है. इसी सिलसिले में जिला भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति का आयोजन किया गया. बैठक में सांसद प्रत्याशी श्री संतोष पाण्डेय,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू,पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर ,महामंत्री संतोष पटेल ,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ,उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू,भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , कवर्धा विधानसभा संयोजक तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री पियूष ठाकुर ,प्रदेश कार्यसमिति, सदस्य युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम साहू,साथ सभी मंडल अध्यक्ष,महामंत्री एवं जिला पधाधिकारी के उपस्थिति में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से साँसद प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया । बूथ विजय अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में जाकर लाभार्थी संपर्क एवं प्रत्येक बूथ पर घर घर झंडा लगाने के संदर्भ में व्यापक रणनीति पर चर्चा किया गया ।

इस अवसर पर सांसद प्रत्याशी श्री संतोष पाण्डेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी में कमल का निशान ही हमारा प्रत्याशी होता है ,सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन 10 वर्षो में जो कार्य किये है उनसे भी बड़े कार्य आगामी वर्षो में होंगे । केंद्र में मोदी सरकार ने 370 अनुच्छेद हटाया,सीएए, ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाये वही दूसरी ओर गरीबो को पक्का मकान,शौचालय और किसानों को कृषक सम्मान निधि जैसे लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुचाये । मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है और अधिक परिश्रम के साथ चुनावी रण में हमे उतरना है ।

वही पूर्व विधायक अशोक साहू एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम ने आगामी चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमो को विस्तार से कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा । बैठक में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे सभी ने अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल में कर दिखाने का संकल्प लिया । बूथ विजय अभियान के तहत 30 मार्च से घर घर झंडा लगाकर चुनाव समर में उतरेगे।

कांग्रेस की शिकायत पर बीजेपी के 22 जगहों पर लगे अवैध पोस्टर बैनर जप्त

नारायणपुर/नवप्रदेश। श्री मौर्य ने कहा आदर्श आचार सहिता के परिपालन में किसी भी अभ्यार्थी अथवा राजनितिक दल के मान्यता प्राप्त उमीदवार के द्वारा चुनाव प्रक्रिया के तहत अधिकृत रुप से चुनाव चिन्ह के आबंटन पश्चात ही चुनाव चिन्ह का उपयोग कर सार्वजनिक रुप से बेनर पोस्टर अथवा फ्लेक्स का प्रकाशन किया जाता है परन्तु भारतीय जनता पार्टी के उमीदवार महेश कश्यप के द्वारा चुनाव चिन्ह आबंटन के पूर्व ही चुनाव चिन्ह (कमल छाप) का उपयोग करते हुये सार्वजनिक रुप से नगर निगम क्षेत्र एवं संसदीय क्षेत्र में बेनर पोस्टर एवं फ्लेक्स का प्रकाशन किया गया है जो कि आदर्श आचार सहिता एवं चुनाव के समान्य नियमो के विरुध है*

*जिसकी शिकायत शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जिला निर्वाचन अधिकारी को दिनांक 29/03/2024 को प्रातः 12÷18 बजे की गई परन्तु आज दिनांक तक काई भी विधिसम्मत कार्यवाही नही की गई और न ही पोस्टर फ्लेक्स को हटाने की कार्यवाही की गई..जिसकी शिकायत श्री मौर्य ने लोकसभा निर्वाचन केंद्रीय पर्यवेक्षक से की जिसके बाद केंद्रीय पर्यवेक्षक द्वारा संज्ञान में लेते विधिसम्मत कार्यवाहि की गई..और अवैध बैनर पोस्टर को निगम द्वारा हटाया गया।

जिले भर में तीन करोड़ से अधिक की शराब बिक्री,सारे रिकार्ड टूटे

खैरागढ़/नवप्रदेश। होली पर्व पर जिला मुख्यालय मे शराब प्रेमी 60 लाख रू की शराब गटक गए । शुष्क दिवस घोषित होने के चलते शराब दुकानों मे होली पर्व पर दो दिन पहले से ही शराब खरीदने होड़ मची थी । होली पर्व के लिए शराब लेने उमड़े शराब प्रेमियों ने इस बार आबकारी विभाग को निराश नही किया और रिकार्ड तोड़ 60 लाख रू की शराब खरीदी । पर्व को छोड़कर शराब दुकान मे सामान्यतः विदेशी-देशी शराब की बिक्री 17-18 लाख रू अधिकतम रहती है लेकिन 24 मार्च को ही 1 दिन में मदिरा प्रेमियों ने 60 लाख रुपए की शराब खरीदी। शराब दुकानें 25 मार्च को बंद रही । होली के 3- 4 दिन पूर्व से ही शराब दुकानों में भीड़ प्रारंभ हो गई थी। नए जिले खैरागढ़ छूईखदान गंडई मे आबकारी विभाग ने होली पर्व के दौरान तीन करोड़ से अधिक की शराब की बिक्री की । और बड़ा राजस्व कमाने मे सफल रही । खैरागढ़ स्थित कंपोजिट शराब दुकान में विभागीय रिकार्ड अनुसार 24 मार्च को ही करीब 28 लाख की देशी मदिरा व 30 लाख रुपये की अंग्रेजी मदिरा का विक्रय किया गया। होली पर्व पर शराब दुकान बंद रहने का फायदा शहर सहित ग्रामीण इलाको के अवैध शराब कोचियों ने भी जमकर उठाया ।

सब्जी उत्पादन में अधिक से अधिक ग्रामीणों को जोड़ने का करें प्रयास

कलेक्टर ने बालूद,मटेनार,नेटापुर तथा चंदेनार में चल रहे विकास कार्यो का लिया जायजा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा आज दंतेवाड़ा विकासखण्ड अतंर्गत विभिन्न पंचायतों में चल रहे विकासकार्यो की प्रगति जायजा लिया गया। जिससे के तहत बालूद,मटेनार,नेटापुर तथा चंदेनार में चल रहे विकास कार्य शामिल थे। इस क्रम में उनके द्वारा बालूद में चल रहे निर्माण कार्य जैसे आंगनबाड़ी भवन, डबरी निर्माण और पानी टंकी का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही इस ग्राम पंचायत में उन्होंने बाड़ी विकास अन्तर्गत सब्जी उत्पादन कर रहे किसानों से भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया और सब्जी उत्पादन कर रहे किसानों की साग-सब्जियों को आसपास के आंगनबाड़ी केंद्रों में आपूर्ति करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके पश्चात कलेक्टर ने मटेनार पंचायत में चल रहे तालाब निर्माण के पश्चात ग्रामीणों को मछली पालन कर आजीविका हेतु प्रोत्साहित करने को भी कहा। इसके साथ ही चन्देनार पंचायत तथा आसपास के पंचायतों में छिंद के अधिक पेड़ होने के कारण गाँव के महिला समूहों तथा स्थानीय लोगों से छिंद से गूड बनाने हेतु प्रशिक्षण दिलाने एवं अन्य आवश्यक सहयोग करने के अलावा ग्राम पंचायत के 2 सौ से 3 सौ परिवारों को इससे जोड़कर आजीविका वर्धन हेतु बढ़ावा देने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि पौध रोपण के लिए उन्नत किस्म के पौधों का चयन, स्थानीय वातावरण के अनुरूप शीघ्र वृद्धि करने वाले पौधे, तय मानक अनुसार उनका रोपण, रखरखाव और पौधे जीविता दर की भी निरंतर निगरानी और मार्गदर्शन करना सुनिश्चित करें। इस प्रकार लक्ष्यों पर लगातार फोकस करते रहने से बेहतर नतीजे आएंगे। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती क्रान्ति ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

भाजपा महिला मोर्चा के होली मिलन में शामिल हुए नेता, दिखा रंगोत्सव का उत्साह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। फोटो क्रमांक-2

राजनांदगांव। अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के ग्राम केकतीटोला में जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित अन्य मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी शामिल हुए। नगाड़ों की थाप और रंगों की बौछार के बीच सभी ने एक-दूसरे से मिलकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

श्रीमती सारस्वत ने बताया कि-होली मिलन का कार्यक्रम 28 मार्च, गुरुवार को आयोजित था। ग्राम केकतीटोला में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में शामिल होने सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुटे थे। उन्होंने कहा कि-लोकसभा चुनाव में प्रचार अभियान में लगे हुए सभी पदाधिकारियों ने यहां होली मिलन के दौरान भी चुनावी रणनीति पर चर्चा भी की। इसके साथ ही लोक गीतों के साथ नगाड़ों की थाप पर जमकर होली मनी।

इस कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत, जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष व जिपं सदस्य अरुण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुंजलता हरमुख सहित अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

सी ग्रेडिंग मिलने से हड़कंप, विवि प्रशासन ने दी सफाई

खैरागढ़/नवप्रदेश। संगीत विवि को नैक से ए की बजाय सी ग्रेड मिलने के बाद मचे हड़कंप के तीन दिन बार विवि प्रबंधन ने इसमे सफाई देते अपने हाथ पाक साफ करने की कोशिश शुरू कर दी है । पखवाड़े भर पहले विवि का नैक ग्रेडिंग करने पहुँची पांच सदस्यीय टीम ने तीन दिन तक निरीक्षण, परीक्षण और व्यवस्था को देखकर विवि को सी ग्रेड प्रदान किया है । इसके बाद से विवि प्रबंधन और शहर मे हड़कंप मचा है । विवि की ग्रेडिंग गिरने से हर वर्ग नाराज है और इसे विवि प्रबंधन की लापरवाही बता रहा है । तो दूसरी ओर विवि प्रबंधन ने प्रेस रिलीज जारी कर अपने सफाई देते नैक की पहुँची टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान दिए गए सुझावो पर अमल करने का भरोसा दिलाया है । विश्वविद्यालय प्रबंधन का दावा है कि नैक टीम ने लाइब्रेरी, महतारी जतन कार्यक्रम, वृक्षारोपण, जन-जागरूकता तथा सामाजिक सरोकारों के अन्य प्रयासों की सराहना की है, वहीं शोध, अध्यापन, नए कोर्स आदि कुछ बिंदुओं पर सुधार और विस्तार के सुझाव भी दिए हैं। नैक द्वारा 2014 में विवि को ए ग्रेड प्रदान किया गया था । उसके बाद पांच वर्षों की ग्रेडिंग नहीं करवाई गई । इसकी अवधि 2019 में समाप्त हो गयी थी। 2019 के बाद राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् नैक को अगले सत्र के मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया जाना था। कोविड-19 के सामान्य प्रोटोकॉल तथा समय-समय पर शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय में अध्ययन, अध्यापन और इससे सम्बंधित अन्य गतिविधियां संचालित की जाती रहीं कोरोना सम्बन्धी चुनौती पूर्ण स्थिति से उबरते हुए विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों को गति प्रदान की गयी। शैक्षणिक, सामाजिक, शोध और नवाचार की दृष्टि से अनेक उपक्रमों और परियोजनाओं की शुरुआत की गयी ।

आदिवासी विरोध न करें, इसलिए साय सरकार पुराने कार्ड से दे रही राशन : कवासी लखमा

जगदलपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने हैं। ऐसे में चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। कांग्रेस लगातार भाजपा की साय सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर रही है। इसी बीच एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने साय सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। राशन में बड़ी कटौती करने के आरोप÷ कवासी लखमा ने कहा, ÷सारी योजनाओं से साय सरकार ने पिछले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तस्वीरें हटा दी है. लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तस्वीर वाले पुराने राशन कार्ड से राशन का वितरण अब जारी है। जबकि राशन कार्ड के नवीनीकरण के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तस्वीर वाले राशन कार्ड से राशन का वितरण किया जाना था.÷प्रदेश सरकार ने पीडीएस के तहत बंटने वाले राशन में बड़ी कटौती कर दी है. लोग इसका विरोध न करे, इसलिए प्रदेश सरकार ने पुराने राशन कार्ड से राशन वितरण का निर्णय लिया है। भूमकाल की तर्ज पर आंदोलन की चेतावनी÷ कवासी लखमा ने आग कहा, ÷चुनाव के बाद मुख्यमंत्री साय के फोटो वाले राशन कार्ड से राशन का वितरण होगा. जिस तरह से सरकार ने राशन में कटौती की है, उससे आदिवासियों में नाराजगी है. आदिवासी सरकार के खिलाफ भूमकाल की तर्ज पर आगामी दिनों में आंदोलन करेंगे।

जीवन के लिए रक्तदान अनमोल : डा.राज

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एल.राज के मार्गदर्शन में डॉ. सतीश शर्मा, आरएमए डॉ. शिवगोपाल परिहार के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

जिला चिकित्सालय में जिले से अनेक मरीज पहूंचते है, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सीडेंटल मरीज, गर्भवती माताएं, सिकलसेल के मरीज और थैलेसिमिया के रोगियों को रक्त की त्वरित आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रचुर मात्रा में सभी समूह के रक्त की आवश्यकता होती है जब भी आवश्यकता पडें तत्काल उपलब्ध हो जाए। रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ राज के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चुनाव | मतदाता जागरूकता की अनोखी पहल

विवाह में दिया शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश

बालोद/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव का पर्व शुरू हो गया है. ऐसे में जिले सहित पूरे प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. लेकिन अब सरकार के साथ साथ आम जनता भी अलग अलग तरीकों से मतदाताओं को जागरूक करने प्रयास कर रहे हैं. ऐसा ही एक प्रयास छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में देखने को मिला है. जहां विवाह के दौरान लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया है.

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अनोखी पहल÷ बालोद जिले में डोंडी ब्लॉक के ग्राम आड़ेझर में अनोखे ढंग से विवाह को संपन्न कराया गया है, जो कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है. विवाह के दौरान हर रस्मों में मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया. इस दौरान दूल्हा-दुलहन और बाराती भी हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्तियां लेकर मतदाताओं को जागरूक करते नजर आए. यह अनोखी पहल लोकसभा चुनाव के लिए ब्रांड एंबेसेडर बनाए गए ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह के जरिए की गई है.हर रस्मों में मतदाता जागरूकता का दिया संदेश÷ ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने बताया, ÷विवाह स्थल एक ऐसी जगह होती है, जहां वर वधु के साथ उनके परिवार और परिवारों से जुड़े हुए आसपास के सैकड़ों लोग शामिल होते हैं. यहां भी शादी में आसपास के सैकड़ों लोग शामिल हुए थे. तो हर रस्मों में मतदाता जागरूकता के संदेशों को भी शामिल किया गया. ऐसा करने से यह एक अनोखा विवाह भी बन गया. इस विवाह को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

कैथोलिक चर्च में गुड फ्राइडे की प्रार्थना

कवर्धा/नवप्रदेश। होली क्रॉस होली क्रॉस कैथोलिक चर्च कवर्धा में गुड फ्राइडे की धर्म विधि संपन्न हुई। इस दौरान कैथोलिक समाज के लोगों ने समनापुर पुल चौक से होली क्रॉस चर्च तक क्रूस रास्ता के माध्यम से मानव जाति के लिए प्रभु ईसा मसीह को क्रूस पर आरोहित की जाने की पीड़ा को याद किया गया और प्रार्थना सभा हुई । इस संबंध में जानकारी देते हुए होली क्रॉस चर्च के पल्ली पुरोहित फादर जॉन थेदूकिएल ने बताया कि कैथोलिक समाज में राख बुधवार से ईस्टर संडे तक चालीसा काल मनाया जाता है। इसी क्रम में गत रविवार को खजूर रविवार के रूप में मनाते हुए उसके बाद का पूरा हफ्ता पवित्र सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।और इसी अवसर पर गुड फ्राइडे के दिन प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

आरबीआई का निर्णय, वाहन बिक्री और पीएमआई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, (वार्ता)। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद के बीच स्थानीय स्तर पर रिजर्व बैंक (आरबीआई) के वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) में ऋणदाताओं के निवेश नियमों में ढील दिए जाने के बाद वित्तीय स्थिति मज़बूत होने की बदौलत बीते सप्ताह एक फीसदी से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह आरबीआई के नीतिगत निर्णय, वाहन बिक्री और पीएमआई आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 819.41 अंक अर्थात 1.13 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 73651.35 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 230.15 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 22326.90 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 520.89 अंक अर्थात 1.34 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 39322.12 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप 395.07 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 43166.34 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 घरेलू बाजार के लिए एक फायदेमंद साल रहा। लार्जकैप ने 33 प्रतिशत का पर्याप्त रिटर्न दिया। मिडकैप में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई और स्मॉल कैप ने प्रभावशाली 63 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वर्ष के दौरान देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पूर्वानुमान तिमाही आधार पर 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया। कॉर्पोरेट आय वृद्धि में तेजी आई। इस दौरान प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ एमएफ के माध्यम से निवेश द्वारा समर्थित खुदरा प्रवाह मजबूत बना रहा। घरेलू निवेशकों द्वारा रखे गए ट्रेडिंग खातों की संख्या 16.7 करोड़ तक पहुंच गई, जो बढ़ती बाजार भागीदारी को रेखांकित करती है। इसके अलावा मंदी का सामना कर रहे अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर आर्थिक प्रदर्शन से उत्साहित विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध खरीददारी गतिविधि में सुधार दिखाया।

वहीं, 20 मार्च तक भारी बिकवाली के में साल का अंत धीमी गति से हुआ। फिर भी, हाल के कारोबारी सत्रों में बाजार में कुछ राहत मिली है क्योंकि लीवरेज्ड बिकवाली का दबाव कम हो गया है और खरीददारी गतिविधि में सुधार हुआ है। अप्रैल के आने वाले पहले सप्ताह में अमेरिका और भारत में पीएमआई, फैक्ट्री ऑर्डर और अमेरिका में बेरोजगारी डेटा जैसे महत्वपूर्ण आंकड़े जारी होने वाले हैं।

सरकार ने शुरू की सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी

नई दिल्ली। खान मंत्रालय ने सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। बोली लगाने के लिए निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 16 मई और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि 21 मई तय की गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ये सात ब्लॉक उन 11 ब्लॉकों का हिस्सा हैं, जिनकी नीलामी पहले रद्द कर दी गई थी।इसके अलावा, 18 ब्लॉकों के लिए किश्त दो के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया भी जारी है। निविदा दस्तावेज़ की बिक्री की अंतिम तिथि 10 मई, 2024 है और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि छह ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी का दूसरा दौर तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा हो चुका है। गुजरात के कुंडोल निकेल और क्रोमियम ब्लॉक पर निर्णय नामित अधिकारी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा।लिथियम, क्रोमियम, निकल, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिज भारत के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। वर्तमान में, इन खनिजों के उत्पादन पर चीन जैसे कुछ देशों का प्रभुत्व है। महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, उच्च तकनीक दूरसंचार, कृषि, फार्मास्युटिकल और गीगाफैक्ट्री के निर्माण जैसे क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करते हैं। देश में अभी इन खनिजों की मांग मुख्य रूप से आयात से पूरी होती है।दुनिया की भविष्य की अर्थव्यवस्था उन प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी।

चीन में इलेक्ट्रॉनिक सूचना निर्माण उद्योग का तेजी से विकास

बीजिंग। चीनी उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से फरवरी तक चीन में इलेक्ट्रॉनिक सूचना निर्माण उद्योग के उत्पादन में बड़ा इजाफा दर्ज हुआ। निर्यात और क्षमता में सुधार कायम रहा, निवेश की वृद्धि में तेजी आई और क्षेत्रीय राजस्व में भिन्नता स्पष्ट दिखी। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल जनवरी से फरवरी तक सालाना आय दो करोड़ युआन (23 करोड़ रुपये) से अधिक वाले इलेक्ट्रॉनिक सूचना निर्माण उद्योग के वर्धित मूल्य में 14.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मोबाइल का उत्पादन 23 करोड़ 40 लाख रहा, जिनमें स्मार्टफोन की संख्या 17 करोड़ 20 लाख थी, जो पिछले साल की इसी अवधि से क्रमशः 26.4 प्रतिशत और 31.3 प्रतिशत अधिक है। माइक्रो कंप्यूटर उपकरणों का उत्पादन चार करोड़ 38 लाख 10 हजार रहा और इंटीग्रेटेड सर्किट का उत्पादन 70 अरब 42 करोड़ रहा, जिसकी वृद्धि दर 16.5 फीसदी थी।वहीं, जनवरी से फरवरी तक सालाना आय दो करोड़ युआन से अधिक वाले इलेक्ट्रॉनिक सूचना निर्माण उद्योग का राजस्व 21 खरब 40 अरब युआन (247 खरब रुपये) रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि से 8.2 प्रतिशत अधिक है। उधर, जनवरी से फरवरी तक चीन ने एक करोड़ 90 लाख 80 हजार लैपटॉप, 12 करोड़ 40 लाख मोबाइल फोन और 39 अरब 40 करोड़ इंटीग्रेटेड सर्किट निर्यात किया।

एलन मस्क को आनंद महिंद्रा ने बताया- कैसे की थी उन्होंने अपने करियर की शुरुआत

नई दिल्ली। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क को बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक ऑटो प्लांट के शॉप फ्लोर से की थी। एक्स के मालिक ने पोस्ट किया कि गैराज में एक अकेले आविष्कारक के यूरेका क्षण के बारे में कई फिल्में मौजूद हैं, लेकिन लगभग कोई भी विनिर्माण के बारे में नहीं है, इसे जनता द्वारा कम सराहा गया है।

टेक अरबपति ने कहा, हाई वॉल्यूम सकारात्मक-मार्जिन उत्पादन तक पहुंचने के पागलपन के दर्द की तुलना में प्रोटोटाइप बहुत आसान है।

महिंद्रा ने जवाब देते हुए कहा कि वह इससे अधिक सहमत नहीं हो सकते। उन्होंने पोस्ट कर कहा, मैंने अपना करियर एक ऑटो प्लांट के शॉप फ्लोर पर शुरू किया और ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन के लिए अथक प्रयास और बिना रुके काम करने को देख कर हमेशा से आश्चर्यचकित हुआ।

महिंद्रा ने आगे कहा, निर्माण के नायक वास्तव में इस लायक हैं कि उनके बारे में फिल्में बनाई जाएं। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि हम अपनी कारों के निर्माण पर जो फिल्में बनाते हैं, उन्हें यूट्यूब पर बड़ी संख्या में दर्शक देखते हैं, इसलिए वहां निश्चित रूप से एक दर्शक है। एक फॉलोवर ने कहा, पॉप संस्कृति में विनिर्माण का प्रतिनिधित्व कम है और बताने के लिए सैकड़ों कहानियां हैं।

1945 में स्थापित, महिंद्रा समूह 100 से अधिक देशों में 260,000 कर्मचारियों के साथ सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। भारत में कृषि उपकरण, उपयोगिता वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय सेवाओं में इसकी अग्रणी स्थिति है और यह मात्रा के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी है।

मुद्रा में अदाणी समूह की तांबा इकाई शुरू सात हजार लोगों को मिलेगा रोजागार

अहमदाबाद। धातु उद्योग में अदाणी पोर्टफोलियो की शुरुआत करते हुए, अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की सहायक कंपनी कच्छ कॉपर ने गुजरात के मुंद्रा में ग्राहकों को कैथोड का पहला बैच भेजने के साथ ही अपनी ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी परियोजना की पहली इकाई शुरू की। इसके शुरू होने से दो हजार प्रत्यक्ष और पांच हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।अदाणी एंटरप्राइजेज परियोजना के पहले चरण में 0.5 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) क्षमता वाला तांबा स्मेल्टर स्थापित करने के लिए लगभग 1.2 बिलियन डॉलर का निवेश कर रही है। अदाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, इस परियोजना के शुरू होने के साथ, अदाणी समूह न केवल धातु क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है, बल्कि भारत भी एक स्थायी और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर छलांग लगा रहा है।गौतम अदाणी ने कहा, यह परियोजना भारत को वैश्विक तांबा क्षेत्र में सबसे आगे ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कंपनी ने एक बयान में कहा, परियोजना के दूसरे चरण के पूरा होने पर कच्छ कॉपर 1 एमटीपीए के साथ दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान कस्टम स्मेल्टर होगा।गौतम अदाणी ने कहा, हमारा मानना है कि घरेलू तांबा उद्योग पर्यावरण संरक्षण के साथ 2070 तक देश के कार्बन मुक्त होने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, हमारा आधुनिक स्मेल्टर नवोन्वेषी हरित प्रौद्योगिकी पर अधिक जोर के साथ तांबे के उत्पादन में नए मानक स्थापित करेगा।नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों, चार्जिंग बुनियादी ढांचे और बिजली पारेषण और वितरण नेटवर्क के विकास के साथ तांबे की मांग बढ़ेगी। कच्छ कॉपर द्वारा इस्तेमाल की जाने रही तकनीक को न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।संयंत्र के एक-तिहाई हिस्से में ग्रीन बेल्ट होगा। यहां पेड़-पौधे रोपे जाएंगे। संयंत्र में सादे पानी का उपयोग किया जा रहा है। कंपनी की ओर से कहा गया कि वह उपचारित अपशिष्ट जल को फिर से साफ कर उसका इस्तेमाल करती है।

चुनावी वर्ष में वॉयस इंजन के साथ डीपफेक से निपटेगा ओपनएआई

नई दिल्ली। ग्लोबल इलेक्शन ईयर में वर्ल्ड लीडर्स डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई 'वॉयस इंजन' नामक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल के साथ एआई डेवलप करने की कोशिश कर रहा है। एआई मॉडल नेचुरल-साउंड स्पीच जनरेट करने के लिए टेक्स्ट इनपुट और सिंगल 15-सेकंड ऑडियो सैंपल का इस्तेमाल करता है। ओपनएआई के अनुसार, 15 सेकंड के सैंपल वाला छोटा मॉडल रियलिस्टिक आवाजें बना सकता है।

ओपनएआई ने कहा, हम सरकार, मीडिया, मनोरंजन, शिक्षा, नागरिक समाज और अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ जुड़ रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम निर्माण करते समय उनके सुझावों को शामिल कर रहे हैं। 'वॉयस इंजन' की टेस्टिंग करने वाले साझेदार ओपनएआई की पॉलिसी पर सहमत हुए हैं, जो सहमति या कानूनी अधिकार के बिना किसी अन्य व्यक्ति या संगठन के प्रतिरूपण को प्रतिबंधित करती है। कंपनी ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, इन साझेदारों के साथ हमारी शर्तों के लिए मूल वक्ता से स्पष्ट सहमति की आवश्यकता होती है और हम डेवलपर्स को व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी आवाज बनाने के तरीके बनाने की अनुमति नहीं देते हैं। कंपनी ने कहा कि भागीदारों को अपने दर्शकों को यह भी स्पष्ट रूप से बताना होगा कि वे जो आवाजें सुन रहे हैं वे एआई-जनरेटेड हैं। आखिरकार, हमने सुरक्षा उपायों का एक सेट लागू किया है, इसमें वॉयस इंजन द्वारा उत्पन्न किसी भी ऑडियो की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए वॉटरमार्किंग, साथ ही इसका उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसकी सक्रिय निगरानी शामिल है।

आईपीएल में दर्शकों का रिकॉर्ड टूटा, पहले दिन 16.8 करोड़ का आंकड़े दर्ज किए

मुंबई। आईपीएल के 17वें सीजन के शुरुआती दिन 16.8 करोड़ दर्शकों के साथ रिकॉर्ड तोड़ टीवी दर्शकों की संख्या रही। लीग के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर डिज़्नी स्टार नेटवर्क पर आईपीएल 2024 के शुरुआती दिन, 1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया, जो किसी भी आईपीएल सीजन के शुरुआती दिन के लिए सबसे अधिक है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर, जियो सिनेमा को आईपीएल के पहले दिन 11.3 करोड़ दर्शक मिले थे। स्ट्रीमर ने दावा किया कि उसने आईपीएल 2023 के पहले दिन की तुलना में 51त्न की बढ़ोतरी दर्ज की है। एक बयान में कहा गया है कि पहले दिन जियो सिनेमा पर कुल देखने का समय 660 करोड़ मिनट था। डिज़्नी स्टार नेटवर्क पर आईपीएल 2024 के उद्घाटन दिवस पर पहली बार 10 में से 8 कप्तान शामिल हुए। आईपीएल खिताब विजेताओं, विश्व कप चैंपियन, प्रतिष्ठित कोचों और खेल के दिग्गजों सहित प्रतिभाओं की एक स्टार-स्टडेड लाइन-अप ने उद्घाटन दिवस प्रस्तुत किया। इसमें नवजोत सिंह सिद्धू कमेंट्री बॉक्स में लौटे और भारत के विश्व चैंपियन हरभजन सिंह, इरफान पठान, रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर और के श्रीकांत के साथ शामिल हो गए।इसमें स्टीव स्मिथ और स्टुअर्ट ब्रॉड का डेब्यू हुआ, जो आईपीएल 2024 को प्रस्तुत करने में दिग्गज ब्रायन लारा, मैथ्यू हेडन, केविन पीटरसन, जैक्स कैलिस और डेल स्टेन के साथ शामिल हुए। सीएसके के पूर्व सितारे अंबाती रायडू, मुरली विजय, एल बालाजी और सुब्रमण्यम बद्रीनाथ के साथ-साथ आईपीएल चैंपियन विनय कुमार और वेणुगोपाल राव 9 भाषाओं में डिज्नी स्टार के क्षेत्रीय फीड में सबसे आगे थे।

मैं बहुत खुश हूं कि रजाकार में मेरे किरदार को इतनी सराहना मिल रही है: अभिनेत्री अनुश्री

तेलंगाना के सशस्त्र संघर्ष का इतिहास में एक विशेष स्थान है। सशस्त्र युद्ध के मैदान में कूदे लोगों का संघर्ष आज भी जीवित है। ऐसी कहानी को रजाकार के रूप में भावनात्मक तरीके से पेश करने की कोशिश को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म में मेरे किरदार को मिली स्वीकृति से मुझे बहुत खुशी मिली है। अभिनेत्री अनुश्री. गुडुरु नारायण रेड्डी द्वारा निर्मित, रजाकर में बॉबी सिम्हा, मकरंद देश पांडे, अनुश्री, अनसूया, प्रेमा मुख्य भूमिका में हैं, और यता सत्यनारायण द्वारा निर्देशित है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसे में इसमें अहम भूमिका निभाने वाली अनुश्री ने फिल्म की खूबियां साझा कीं.

उन्होंने कहा फिल्म रजाकार को इतना सपोर्ट करने के लिए दर्शकों को धन्यवाद. रजाकार इसी धरती की कहानी है. फिल्म को मिले रिस्पॉन्स से मुझे काफी खुशी मिली है। फिल्म देखने के बाद दर्शक काफी इमोशनल हो रहे हैं. फिल्म देखते समय दर्शकों की आंखों में देशभक्ति नजर आई। जब मैंने सिनेमाघरों में वंदे मातरम और भारत माथकी जय के नारे लगते देखे, तो मुझे ऐसी फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई। मुझे इतनी अच्छी फिल्म में मौका देने के लिए निर्देशक यता सत्यनारायण और निर्माता गुडुरु नारायण रेड्डी को धन्यवाद।

मैंने बैंगलोर में कॉलेज की पढ़ाई की। मैं वहां के थिएटर ग्रुप का भी सदस्य हूं. यहीं पर अभिनय में रुचि बढ़ी। मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना और उनमें डूब जाना पसंद था। कॉलेज पूरा करने के बाद मेरे पिता चाहते थे कि मैं सिविल की पढ़ाई करूँ। मैं लगभग तीन वर्षों से अध्ययन कर रहा हूं। लेकिन अभिनेत्री बनने की चाहत प्रबल थी. मैं उस सपने को पूरा करने के लिए हैदराबाद आया था। मैंने यहां थिएटर वर्कशॉप कीं। मैंने इस फिल्म में एक भूमिका के लिए निर्देशक से संपर्क किया। तब वह निज़ाम की पत्नी की भूमिका की तलाश में थे। उन्हें लगा कि मैं उस भूमिका के लिए उपयुक्त हूं.

इसमें वह निज़ाम की पत्नी के रूप में नज़र आई। यह एक बहुत ही मजबूत लेकिन संवेदनशील किरदार है। वह पात्र जो निज़ाम को वास्तविक स्थिति से अवगत कराता है। जब कहानी सुनाई गई तो मेरी भूमिका चुनौतीपूर्ण लगी। साथ ही इसमें एकमात्र ग्लैमर रोल भी मेरा ही है। इतनी मजबूत कहानी और किरदार के साथ अपना करियर शुरू करना एक सपने के सच होने जैसा है। इस रोल के लिए मैंने तीन महीने तक मेथड ट्रेनिंग भी ली। मकरंद देश पांडे के साथ लुक टेस्ट के बाद मेरा चयन हो गया। मुझे लगता है कि यह भूमिका मेरे करियर के लिए बेहतरीन होगी।

रजाकार में अभिनय करना एक बेहतरीन अनुभव था। कई मशहूर एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिल रहा है. बॉबी सिम्हा, राज अर्जुन के साथ मकरंद देश पांडे जैसे अद्भुत अभिनेता के साथ स्क्रीन साझा करना एक शानदार एहसास है। मैंने उनसे बहुत सी चीजें सीखीं।

काकुल में पीसीबी चयनकर्ता बाबर को सभी प्रारूपों में कप्तानी देने पर विचार

एबटाबाद। चयनकर्ताओं और पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के बीच हुई बैठक के बाद; चयनकर्ता स्टार पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम से मिलने और उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए सभी प्रारूपों में कप्तानी का स्थान लेने के लिए मनाने के उद्देश्य के साथ एबटाबाद में सैन्य अकादमी काकुल जा रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, चयनकर्ताओं की टीम मौजूदा कप्तान शाहीन शाह आफरीदी की जगह बाबर आजम को टी20 और अन्य सभी प्रारूपों के लिए कप्तान की भूमिका निभाने के लिए मनाने के लिए काकुल में होगी।सूत्र ने पुष्टि की, यह निर्णय पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और चयनकर्ताओं के बीच देर रात हुई बैठक से सामने आया। विवरण के अनुसार, चयनकर्ता आगामी टी20 विश्व कप तक बाबर आजम को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनने के लिए मनाएंगे। दूसरी ओर, बाबर आज़म को कप्तान के रूप में दीर्घकालिक स्थिति में प्रवेश करने में अधिक रुचि है, जिसे टी20 विश्व कप तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।



सूत्र ने खुलासा किया, बाबर ने पीसीबी को पहले ही बता दिया है कि वह सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करना चाहता है और टी20 प्रारूप में कप्तानी पर विचार करने के लिए इसे पूर्व शर्त के रूप में रखा है।

स्टार बल्लेबाज के करीबी सूत्रों ने भी बाबर आजम को पीसीबी के सामने अपनी मांगें रखने की सलाह दी है क्योंकि यह सही समय है।सूत्र ने कहा, पीसीबी अभी कमजोर है। वे टी20 विश्व कप के लिए बाबर को चाहते हैं और बोर्ड की कमजोर स्थिति के कारण उन्हें उनकी मांगों से सहमत होना होगा।जबकि पीसीबी चयनकर्ता अगले टी20 कप्तान पर चर्चा कर रहे हैं और बाबर आजम से संपर्क कर रहे हैं; पीसीबी के फैसले पर मौजूदा कप्तान शाहीन शाह आफरीदी को अंधेरे में रखा गया है।सूत्र ने कहा, पीसीबी और शाहीन शाह आफरीदी के बीच स्पष्ट रूप से संवाद की कमी है।

पूर्व कोच संजय सेन ने तथाकथित विदेशी कोचों पर साधा निशाना

नई दिल्ली। इस हफ्ते की शुरुआत में गुवाहाटी में 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान के खिलाफ ब्लू टाइगर्स की चौंकाने वाली हार के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक को हटाने की मांग बढ़ रही है, एक पूर्व शीर्ष कोच ने क्रोएशियाई विश्व कप खिलाड़ी को बर्खास्त करने की आवाज उठाई है।एशियाई खेलों और एएफसी एशिया कप में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद स्टिमैक की आलोचना हो रही है, इसके बाद आभा, सऊदी अरब में 158वीं रैंकिंग वाले अफगानिस्तान के खिलाफ गोल रहित ड्रा और 26 मार्च को रिटर्न लेग में गुवाहाटी में 1-2 से हार मिली।2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के पूर्व तकनीकी निदेशक संजय सेन (63), जो बाद में टीम के सहायक कोच बने, ने स्टिमैक के खिलाफ पूरी तरह से हमला बोलते हुए कहा, भारतीय फुटबॉल उनकी मदद से एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाया है। सेन ने कहा, मोहन बागान को 13 साल बाद 2014-15 आई-लीग खिताब दिलाने वाले सेन ने हाल के मैचों में राष्ट्रीय टीम की हार के लिए क्रोएशियाई कोच को जिम्मेदार ठहराया।

न्यूज गैलरी

मोबाइल दुकान से नगदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम खौना तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान के रोशन दान से अंदर प्रवेश कर दो युवकों ने 10 नग मोबाइल और नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेश राय 21 वर्ष देवगांव खरोरा का रहने वाला है। प्रार्थी ग्राम खौना के तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान चलाता है। बताया जाता है कि 17 अक्टूबर को आरोपी चंद्रशेखर धृतलहरे व सुनील धृतलहरे नरे प्रार्थी के मोबाइल दुकान में रोशन दान से प्रवेश किया और 10 नग मोबाइल व नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नाबालिग भतीजी से ज्यादती आरोपी चाचा जेल दाखिल

कोरबा/नवप्रदेश। शराब के नशे में धुत चाचा ने अपनी 16 साल की नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी परिवार में किसी भी सदस्य को देने पर मारने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपित चाचा को शराब भट्ठी से गिरफ्तार किया। सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक परिवार के सदस्य काम के सिलसिले में घर से बाहर गए थे। घर पर उनकी 16 वर्षीय पुत्री अकेली थी। इसी बीच शराब के नशे में धुत चाचा की नीयत बदल गई और उसने अकेली भतीजी को देख दुष्कर्म किया। जब स्वजन वापस लौटे, तब नाबालिग ने घटना की जानकारी दी। स्वजनों ने बेटी को लेकर सिविल लाइन थाना जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के स्वजनों ने बताया कि आरोपित शराब का आदी है और हमेशा शराब के नशे में रहता है। मना करने पर नहीं मानता था और अब नशेड़ी ने दुष्कर्म किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुमन पोया ने बताया कि आरोपित चाचा के विरूद्ध मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी, पर फरार चाचा अलग-अलग जगहों पर छिप रहा था। इस बीच मुखबिर से निहारिका शराब भट्ठी के पास आरोपित के होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में शराब भट्ठी पहुंच कर आरोपित को गिरफ्तार किया।

युवक पर हथौड़ी से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। हाईटेक पार्किंग डुमरतराई के पास एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर हथौड़ी से सीर पर मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अलीम खान 28 वर्ष हाईटेक पार्किंग डुमरतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अर्पित शर्मा 24 वर्ष ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर प्रार्थी के सीर पर हथौड़ी से मारकर चोट पहुंचाया। जिससे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बकरा चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम नवागांव खार के पास दो युवकों ने एक महिला का बकरा चोरी कर बेच दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुनीता यादव 30 वर्ष कृष्णा चौक खरोरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया बकरी चराने का कार्य करती थी। बताया जाता है कि आरोपी प्रिंस यादव व पीलू ने प्रार्थिया के 1 नक बकरा को चोरी कर 10 हजार रुपए में बेच दिया और बकरी चरवाहा नरेन्द्र को जान से मारने की धमकी दिया। जिससे प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 381, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रिसेप्शन पार्टी से जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। आमोर पार्क तेलीबांधा में आयोजित रिसेप्शन पार्टी से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का अंगुठी, 3 नग चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्कर्ष मिश्रा 25 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के यहां आमारे पार्क तेलीबांधा में शादी रिसेप्शन पार्टी चल रहा था। जहां अज्ञात चोर ने स्टेज पर मिले उपहार में से 2 सोने की अंगुठी और 3 चांदी का पायल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के असपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पैदल जा रहे युवक को कार ने कुचला

रायपुर/नवप्रदेश। रिंग रोड 1 स्थित होटल 38 केस्टट्रल के सामने अज्ञात कार ने पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक भूतनाथ मंडल 26 वर्ष खुशी रेसीडेंसी तेलीबांधा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह कल शाम पैदल कहीं जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 1 होटल 38 केस्ट्रल के सामने अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए भूतनाथ मंडल को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश, युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। नकटी तालाब पार में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमन यादव 22 वर्ष ग्राम पलौदा मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि नकटी तालाब के पार आरोपी हरीश भारती, करण, शिवम व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

राजधानी में आधी रात अंधड़-तूफान के साथ बरसे बादल

रायपुर/नवप्रदेश। होली के बाद मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव और तेज गर्मी के बीच शनिवार रात को अचानक मौसम बदल गया। रात 1 बजे के आसपास तेज आंधी-तूफान और भयंकर गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ी। यह क्रम करीब एक घंटे तक जारी रहा। इससे न्यूनतम तापमान में आंशिक कमी दर्ज की गई। वहीं रविवार सुबह निकली चटख धूप से मौसम उमस से भर गया है। मौसम विभाग की माने तो छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलता हुए नजर आ रहा है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में अंधड़ चलने के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रायपुर का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांव ज्यादा गर्म वाला जिला रहा है। यहां पर अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में मौसम के बदलने के आसार हैं। प्रदेश के कुछ स्थानों में 24 घंटों में अंधड़ और बारिश के आसार हैं। अगले तीन दिनों तक मौसम में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। तापमान में कमी आने की सम्भावना है। वहीं तेज धूप के साथ ही लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। अगले दो दिनों तक मौसम के ऐसे ही रहने की संभावना है। प्रदेश में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। डोंगरगढ़ सबसे गर्म स्थान रहा है, जिसका तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। राजनांदगांव, रायपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं बिलासपुर में 38.8, पेण्ड्रारोड में 38.2, अंबिकापुर में 37.9, जगदलपुर में 39.1 और दुर्ग में 38.8 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछली रात राजधानी रायपुर का न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस था। यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-3 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

छत्तीसगढ़ में कोरोना के मिले 11 नए मरीज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शनिवार को कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं। दुर्ग में 10, और बालोद में 1 मरीज की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल 241 लोगों की जांच की थी। वर्तमान में प्रदेश में 14 एक्टिव केस हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पॉजिटिविटी दर 4.56त्न है। दरअसल, प्रदेश में कोरना की रफ्तार थम गई थी लेकिन 28 मार्च के बाद कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते दिख रहे है । दुर्ग और बालोद के अलावा रायपुर में 2 और धमतरी में 1 कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने खांसी बुखार या कोरोना से संबंधित कुछ लक्षण नजर आने पर जांच की अपील भी की है। लोग अपने नजदीकी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी हेल्थ सेंटर में कोरोना संक्रमण की जांच की व्यवस्था की गई है।

गंदे पानी से भरा पड़ा है कलेक्टर बंगला पखवाड़े भर से पानी निकालने में जुटा अमला

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर निवास से गंदे पानी को निकालने पालिका पखवाड़े भर से मशक्कत कर रही है। इसके बाद भी बंगले से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इसके लिए पालिका की स्वच्छता विभाग की एक टीम रोजाना घंटों काम कर रही है। मुख्य मार्ग पर सिविल लाइन स्थित पुराने डीएफओ बंगले को कलेक्टर बंगला बनाया गया है। पहले यहाँ दो कलेक्टर निवास कर चुके है। इस दौरान कोई दिक्कतें सामने नहीं आई। लेकिन अब बंगले से गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था गड़बड़ा गई है। पिछले पखवाड़े भर से गंदे पानी को निकालने पालिका के स्वच्छता कर्मियों को यहाँ सुबह से मशक्कत करनी पड़ रही है। बताया गया कि बंगले के अंदर पहले पानी के पर्याप्त डिस्चार्ज की व्यवस्था थी । लेकिन पिछले माह दो माह से वहाँ गार्डनिंग कर दी गई है। इसके चलते बंगले के भीतर ही डिस्चार्ज होने वाला गंदा पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है । बंगले के सामने मुख्य मार्ग पर ही पालिका का कगो नाला है। पानी को निकालने बंगले के अंदर से नाली बनाकर इसका प्रयास किया गया। लेकिन राजनांदगांव कवर्धा मुख्य मार्ग पर इसी जगह बनाया गया पुल नाले से अधिक ऊंचाई पर है। वर्षो से सफाई नहीं होने के कारण पुलिया जाम भी हो चुका है। इसके कारण कलेक्टर बंगले से निकलने वाला गंदा पानी बाहर नहीं जा रहा है। पालिका की स्वच्छता टीम पखवाड़े भर में बंगले के अंदर से गंदे पानी को बाहर निकालने, कगो नाले को सफाई कर पुलिया तक सफाई करने लगातार अभियान चला चुकी है । इसके बाद भी नाले में पानी जाम होने से परेशानी बढ़ गई है। इसके लिए अब पालिका टीम सेप्टिक टैंक साफ करने वाली मशीन लगाकर गंदे पानी को हटा रही है । इसके लिए हर दो दिन मे मशीन और स्वच्छता कर्मियों को यहाँ जूटाया जा रहा है । इसके बाद भी व्यवस्था नही बन पाई है।

टैंक सफाई मशीन लगाकर निकालना पड़ रहा पानी

> कगो नाले की ऊंचाई कम होने, सड़क स्थित पुलिया की ऊंचाई ज्यादा और अंदर जाम होने के कारण दिक्कतें आ रही है। लोनिवि के अधिकारियों से इसकी चर्चा कर समस्या का निदान निकाला जा रहा है ।
>
> **प्रमोद शुक्ला , सीएमओ नगरपालिका खैरागढ़**

राजिम की बेटी हर्षा काबरा के डॉक्टर बनने पर नगरवासियों ने दी बधाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ किशोर काबरा की सुपुत्री एवं सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति के संस्थापक राजू काबरा की भतीजी हर्षा काबरा ने एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर की डिग्री हासिल कर ली। जो माहेश्वरी समाज ही नहीं वरन नगर सहित अंचल के लिए गौरव की बात है। हर्षा ने अपनी सफलता का श्रेय स्व. बजरंगलाल काबरा - श्रीमती विद्यादेवी काबरा को दिया. हर्षा के डॉक्टर बनने पर नगर सहित अंचल से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा. जिनमें प्रमुख रूप से डॉ राजेन्द्र गदिया, डॉ बलजीतसिंग, डॉ. गोपालकेला, डॉ पुनीत गोस्वामी, दिलीपशाह, डॉ .तेजेन्द्र साहू, विजय गोयल, गिरधारी अग्रवाल, श्याम किशोर शर्मा, विनोद जैन, आलोक पहाड़िया, रमेश चौधरी, तुकाराम कंसारी, नागेन्द्र निषाद,बिसेसर हिरवानी, लीलाराम साहू, सुरेश काबरा, दीपेश काबरा, भागू बंगानी, अनिल जगवानी, गोविंद राजपाल, सालासर सुंदरकांड, समिति के अध्यछ धरम साहू, नंन्दकिशोर राठी, मोहन पंजवानी, सालासर हनुमान चालीसा समिति अध्यछ तारणी शर्मा, रायपुर से शिव अग्रवाल, पवन भंसाली, गोपाल बागडोडिया, विश्वनाथ राठी, नरेंद्र डागा, जगदलपुर से हनुमान डोडिया, चेतन हेमानी, दल्लीराजहरा से, राजू राठी, अभनपुर सेअनिल गांधी, घनश्याम सोनी आदि शामिल हैं.

मलैदा में आईटीबीपी ने वितरित की दैनिक उपयोग की सामग्री

खैरागढ़/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने, ग्रामवासियों की जरूरतों को पूरा करने सक्रिय कदम के रूप में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में जारी व्यापक नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम के तहत सुरक्षा उपायों को बढ़ाना और स्थानीय लोगों के समग्र विकास और कल्याण में योगदान देना है। 40 वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल मलैदा द्वारा धुर नक्सल क्षेत्र गातापार के ग्राम मलैदा में सेनानी अनन्त नारायण दत्ता के नेतृत्व में केशब चन्द्र महतो सहायक सेनानी की उपस्थिति में ग्राम सरपंच के सहयोग से आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मलैदा के ग्रामीणों को सिलाई मशीन, पुरूष साइकिल एवं महिला साइकिल वितरण किया गया। इस चुनौतीपूर्ण परिस्थितियो में रहने वाले निवासियों को बहुत सहायता प्रदान करेगा। 40 वी वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल मलैदा द्वारा नक्सल क्षेत्र ग्राम भावे के अन्तर्गत जुरलाखार, डोराडीह एवं कौहाबेहरा में तारकेश्वर नाथ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा मेडिकल कैम्प का भी आयोजन कर डाक्टर व उनकी टीम के द्वारा बीमार व्यक्तियों, महिलाओं, बुजुर्गो बच्चों की जांच कर दवाई दी गई। सहायक सेनानी केशब चन्द्र महतो ने बताया कि धुर नक्सल क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सीएपी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है स्थानीय समुदायों के साथ संबंधों को बढ़ावा देकर और उनकी तत्काल जरूरतों को पूरा करने का प्रयास, लक्ष्य ,सतत विकास और प्रगति के अनुकूल वातावरण बनाना है भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें।

बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट मरीजों के लिए नयी इकाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 170 बिस्तरों वाली ऑन्कोलॉजी सुविधा बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने 30 और 31 मार्च को दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ अपनी 6वीं वर्षगांठ मनाई। स्थापना वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, केंद्र ने विस्तारित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन किया, जिससे इसकी क्षमता 2 से 5 बिस्तरों तक बढ़ गई।

अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विभिन्न रक्त विकारों वाले रोगियों के लिए देखभाल का मानक है। जब कोई अन्य विकल्प नहीं बचता तो यह दोबारा ल्यूकेमिया और मायलोमा के रोगियों को आशा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, यह गैर-कैंसर आनुवंशिक बीमारियों जैसे सिकल सेल एनीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया का इलाज प्रदान करता है, जहां स्टेम सेल प्रत्यारोपण ही एकमात्र समाधान है।

उद्घाटन वेदांत मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने किया, जिन्होंने टिप्पणी की, ÷बीएमसी की बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का विस्तार क्षेत्र में कैंसर रोगियों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बीएमटी इकाई की स्थापना के लिए गहन रोगी देखभाल, उन्नत प्रयोगशाला सुविधाओं और मजबूत बुनियादी ढांचे और सहायता सेवाओं की आवश्यकता होती है। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ, बीएमसी में अब तक हमें उत्कृष्ट परिणाम मिले हैं। उन्होंने आगे कहा, इस उच्च-स्तरीय उपचार को बीएमसी चैरिटेबल फंड और विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से वंचितों के लिए सुलभ बनाया गया है, और हम इसे सक्षम करने में सबसे आगे हैं।

पिछले दो वर्षों में, बाल्को मेडिकल सेंटर ने 60 से अधिक सफल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण पूरे किए हैं, जिनमें से 85त्न मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना (एमवीएसएसवाई) के तहत हैं।

रेलवे ट्रैक पर मिला शव

कोरबा/नवप्रदेश। शहर के टीपी नगर के निकट रेलवे ट्रेक में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षप्त शव मिला है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से कटकर उसकी मौत हुई है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव चीरघर भिजवा दिया है तथा प्रकरण जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक व्यक्ति का शव पाया गया है। मालगाड़ी से कटकर उसने अपनी जान दी है या फिर वह हादसे का शिकार हो गया है, इसका खुलासा अभी नहीं जो पाया है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र की है। कोरबा में टीपी नगर और सीएसईबी चौक के मध्य मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति ने अपनी जान दे दी है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं मृतक की हादसे में मौत हुई है, या फिर उसने खुदकुशी करने की मंशा से यह कदम उठाया है, इस बात का भी पता नहीं चल सका है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई।

आरपीएफ और आबकारी पुलिस ने ट्रेन से जब्त की शराब

भाटापारा। रेलवे सुरक्षा बल भाटापारा और आबकारी पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए हथबंद रेलवे स्टेशन में 72 पाव देशी मदिरा शराब लावारिश हालत में जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए आर पी एफ भाटापारा पोस्ट प्रभारी आर एस मिश्रा ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध मदिरा रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे थाना भाटापारा एवं आबकारी वृत्त भाटापारा - सिमगा की सयुंक्त टीम, रेसुब मण्डल सुरक्षा आयुक्त रायपुर संजय कुमार गुप्ता एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन में सयुंक्त टीम द्वारा हथबंद रेलवे स्टेशन पर भारी मात्रा में अवैध मदिरा परिवहन की मुखबिर सूचना पर डोंगरगढ़ - बिलासपुर पैसेंजर की जांच के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 में बिलासपुर की ओर अंतिम छोर पर फेंककर छुपाकर रखे एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर 72 पाव देशी मदिरा प्लेन मात्रा एवं 16 पाव देशी मदिरा मसाला मात्रा =कुल 15.84 बल्क लीटर मदिरा जप्ती कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है एवं पतासाजी की जा रही है।